इंदौर, भोपाल, उज्जैन, आलीराजपुर, ठाणे, मुंबई, नई दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

मूल्य ₹ 3.00

RNI. Reg. MPHIN/2019/78560

# दैनिक विनय उजाला

आलीराजपुर
शुक्रवार, 17 जुलाई 2026
आषाढ़ शुक्ल पक्ष-03
वर्ष : 07 | अंक : 230
कुल पृष्ठ : 12

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!




रोहित-कोहली की जोड़ी बनी आठ हजारी ...10

## फर्स्ट कॉलम

### होर्मुज में भारतीय नाविकों की तैनाती पर रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते सुरक्षा जोखिम को देखते हुए भारत ने अगले आदेश तक होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर भारतीय नाविकों (सीफेयरर्स) की नई तैनाती पर रोक लगा दी है। यह आदेश जहाज मालिकों, जहाज प्रबंधन कंपनियों और नाविकों की भर्ती करने वाली रिक्रूटमेंट एंड प्लेसमेंट सर्विस लाइसेंस कंपनियों पर लागू होगा। सरकार ने सभी समुद्री कंपनियों को अरब की खाड़ी, होर्मुज स्ट्रेट और आसपास के समुद्री इलाकों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। साथ ही कहा गया है कि वे नौवहन संबंधी सभी चेतावनियों और सुरक्षा सलाह पर लगातार नजर रखें और इंटरनेशनल शिप एंड पोर्ट फैसिलिटी सिक्योरिटी कोड का पूरी तरह पालन करें।

### आईएसआईएस सहयोगी अंसारी को पांच साल की जेल

**लखनऊ, एजेंसी।** लखनऊ स्थित राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत ने आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) का सहयोग करने के आरोपित राकिब इमाम अंसारी को पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर छह हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। अदालत का यह फैसला उस समय आया, जब सुनवाई के दौरान अंसारी ने अपने ऊपर लगे आरोपों को स्वीकार कर लिया। एनआईए के विशेष न्यायाधीश उमाकांत जिंदल ने सजा सुनायी है।

### कैंसरजनक रसायन 'पैराक्वाट डाइक्लोराइड' बैन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने कृषि क्षेत्र में उपयोग होने वाले अत्यंत घातक खरपतवार नाशक 'पैराक्वाट डाइक्लोराइड' पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र ने सरकार के इस फैसले पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन लंबे समय से जहरमुक्त खेती, स्वस्थ व समृद्ध किसान और स्वावलंबी ग्रामीण भारत के लक्ष्य पर काम कर रहा है। इस दृष्टिकोण स कैंसरजनक रसायन पर प्रतिबंध लगाना बेहतरीन और शुरुआती बड़ा कदम है।

### बेटों की याद में महिला ने काशी विश्वनाथ मंदिर को दिया तीन करोड़ का दान

**वाराणसी, एजेंसी।** अपने पति और दोनों बेटों को खोने के बाद सांसारिक जीवन से विरक्त हुई तमिलनाडु की 80 वर्षीय एक महिला ने धार्मिक एवं जनकल्याण कार्यों के लिए श्री काशी विश्वनाथ मंदिर को तीन करोड़ रुपये का गुप्त दान दिया है। महिला की इच्छा का सम्मान करते हुए मंदिर प्रशासन ने उनकी पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी है। मंदिर प्रशासन के अनुसार महिला ने अपने दिवंगत दोनों पुत्रों की स्मृति में दो करोड़ रुपये तथा मंदिर के अन्नक्षेत्र के लिए एक करोड़ रुपये का चेक मंदिर न्यास को सौंपा। इसे अब तक मंदिर को मिला सबसे बड़ा व्यक्तिगत दान माना जा रहा है। इससे पहले अंबानी परिवार ने मंदिर को ढाई करोड़ रुपये का दान दिया था। महिला अपने मैनेजर के साथ 12 जुलाई को मंडलायुक्त से मिलीं और तीन करोड़ रुपये के दो चेक उन्हें सौंपे। इसके अतिरिक्त उन्होंने 25-25 हजार रुपये के पांच अलग-अलग चेक भी दिए तथा इच्छा जताई कि इनकी राशि से प्रत्येक वर्ष श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक कराया जाए।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारत मंडपम में भारत टैक्स-2026 कार्यक्रम में किया संबोधित

# छह लाख कपास उत्पादक किसानों को होगा लाभ : डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने निवेशकों को प्रदेश में उद्योग स्थापित करने के लिए किया आमंत्रित

विनय उजाला

**आलीराजपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। मध्यप्रदेश टैक्सटाइल और गारमेंट सेक्टर में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर प्रबंधन करते हुए कपड़ा उत्पादन और रोजगार दोनों को बढ़ा रहा है।**

टैक्सटाइल इंडस्ट्री से राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने धार जिले में देश के पहले पीएम मित्र पार्क की आधारशिला रखी है। इससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 3 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा और मालवा-निमाड़ अंचल के 6 लाख से अधिक कपास उत्पादक किसानों को बड़ा लाभ मिलेगा। पीएम मित्र पार्क से खेत से लेकर गारमेंट इंडस्ट्री और इंडस्ट्री से वैश्विक बाजार तक प्रदेश के उत्पादों की पहुंच आसान होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योपतियों और निवेशकों को मध्यप्रदेश में अपना उद्योग स्थापित करने का आमंत्रण देते हुए कहा कि एक बार जो मध्यप्रदेश आता है वहीं का होकर रह जाता है। हृदय प्रदेश सभी उद्योगपतियों का स्वागत कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम् में भारत टैक्स-2026 के अंतर्गत आयोजित राउंड टेबल संवाद कार्यक्रम में यह विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर केंद्रीय टैक्टाइल मंत्री गिरिराज किशोर, प्रमुख टैक्टाइल उद्योग प्रतिनिधि, केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय के अधिकारी तथा राज्य सरकार के अधिकारी उपस्थित थे।



### राज्य सरकार ने निभाए हैं उद्योगपतियों और निवेशकों से किए सभी वादे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश अब जरी स्टेट, रेशम स्टेट, मैनमेड फाइबर स्टेट, कॉटन कैपिटल बन चुका है। राज्य में टैक्सटाइल और गारमेंट सेक्टर में आगे बढ़ने की अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश में बेहतर कानून व्यवस्था, कुशल कामगारों की पर्याप्त उपलब्धता और श्रमिकों के साथ आत्मीय संबंध बेहतर औद्योगिक वातावरण प्रदान करते है। राज्य सरकार ने मई 2026 तक की सभी देनदारियां चुकता कर दी हैं। प्रदेश सरकार ने डेढ़ साल में लगभग 5500 करोड़ रुपए की राशि उद्योगपतियों को सब्सिडी के रूप में उपलब्ध करायी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश ने ग्रीन एनर्जी सेक्टर में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की हैं। राज्य में सोलर और पंप स्टोरेज से निर्मित बिजली की पर्याप्त उपलब्धता है।

### महेश्वरी-चंदेरी साड़ियों का विशेष स्थान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज भारत मंडपम् में वस्त्र उद्योग का कुंभ आयोजित हो रहा है। मध्यप्रदेश सरकार, सभी वैश्विक ब्रांड्स के प्रतिनिधि, निवेशक, उद्योगपति, पॉलिसी मेकर और फैशन डिजाइनर भारत सरकार के संकल्प के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। वर्तमान समय ब्रांडिंग और पैकेजिंग का है। प्राचीन समय में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने स्थानीय बुनकरों को रोजगार से जोड़ने के लिए महेश्वरी साड़ियां तैयार करने की शुरुआत करवाई थी। महेश्वरी साड़ियां वर्तमान में भी देश-विदेश मे लोकप्रिय है। चंदेरी की साड़ियां भी वस्त्र उद्योग में विशेष स्थान रखती हैं। आज भी स्वावलंबन और रोजगार परक उद्योग हमारी पहचान हैं।

### राउंड टेबल पर वस्त्र मंत्रालय के प्रतिनिधियों से चर्चा

राउंड टेबल चर्चा का शुभारंभ उद्योग प्रतिनिधियों द्वारा मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय के प्रतिनिधियों के स्वागत से हुआ। प्रमुख सचिव, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेंद्र कुमार सिंह ने मध्यप्रदेश के टेक्सटाइल एवं गारमेंट इको सिस्टम, निवेश अवसरों, औद्योगिक नीतियों तथा उपलब्ध सुविधाओं पर विस्तृत प्रस्तुति दी। संचालन प्रतिमा सिंटेक्स के प्रबंध निदेशक श्रेयस्कर चौधरी ने किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टेक्सटाइल उद्योग के प्रमुख प्रतिनिधियों के साथ वन-टू-वन बैठक कर निवेश, उत्पादन, निर्यात और रोजगार सृजन से जुड़े विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर अपैरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल, मैनमेड एंड टेक्निकल टेक्सटाइल्स एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल तथा द कॉटन टेक्सटाइल्स एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के साथ सहयोग संबंधी एमओयू पर हस्ताक्षर भी किए गए।

मुख्यमंत्री ने भारत टैक्स-2026 में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और देश के प्रमुख टेक्सटाइल उद्योग प्रतिनिधियों के साथ राउंड टेबल चर्चा में हिस्सा लिया। इस अवसर पर केंद्रीय वस्त्र सचिव श्रीमती नीलम शम्मी राव और औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह सहित केंद्र और राज्य के अधिकारी मौजूद थे।

## ममता बनर्जी को एक और बड़ा झटका

# टीएमसी की राज्यसभा सांसद कोयल मलिक ने दिया इस्तीफा

कोलकाता, एजेंसी

तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सांसद रुक्मिणी मलिक उर्फ कोयल मलिक ने गुरुवार को अपनी राज्यसभा सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपना इस्तीफा राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन को संबोधित पत्र के माध्यम से सौंपा। पत्र में उन्होंने तत्काल प्रभाव से इस्तीफा स्वीकार करने का अनुरोध किया और अपने पूरे कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग के लिए सभापति, उपसभापति, राज्यसभा सचिवालय का आभार भी व्यक्त किया। राज्यसभा से इस्तीफा देने के तुरंत बाद कोयल मलिक ने केंद्रीय





मंत्री भूपेंद्र यादव से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद राजनीतिक गलियारों में उनके अगले कदम को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। हालांकि उन्होंने सार्वजनिक रूप से अपने भविष्य की राजनीतिक रणनीति का खुलासा नहीं किया है, लेकिन इस मुलाकात ने टीएमसी के भीतर बढ़ती बेचैनी को और गहरा कर दिया है। कोयल मलिक राज्यसभा छोड़ने वाली टीएमसी की चौथी सांसद बन गई हैं।

### पार्टी पर उठ रहे सवाल...

कोयल मलिक का इस्तीफा ऐसे समय सामने आया है, जब एक दिन पहले ही टीएमसी विधायक मदन मित्रा पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा देकर ऋतब्रत बनर्जी के बागी गुट में शामिल हो गए थे। लगातार दो बड़े नेताओं के अलग होने से पार्टी संगठन पर दबाव बढ़ गया है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यदि यह सिलसिला जारी रहा तो विधानसभा चुनाव से पहले टीएमसी को संगठनात्मक स्तर पर बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। इससे पहले सुखेंदु शेखर रॉय, प्रकाश चिक बराइक और सुस्मिता देब भी अपने पद से इस्तीफा दे चुके हैं। लगातार हो रहे इन इस्तीफों ने पार्टी की अंदरूनी स्थिति पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## महादेव बेटिंग ऐप मामले में शेफाली बग्गा से ईडी ने की पूछताछ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) महादेव ऑनलाइन बेटिंग ऐप से जुड़े धनशोधन मामले में गुरुवार को टीवी होस्ट शेफाली बग्गा से पूछताछ की है। ईडी के रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय में उनसे मामले से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर सवाल-जवाब किए जा रहे हैं। शेफाली बग्गा को खंजन जगदीश कुमार ठक्कर का करीबी सहयोगी माना जाता है, जिस पर भारत में बेटिंग ऐप के संचालन और प्रचार-प्रसार में शामिल होने का आरोप है। जांच एजेंसी को मिले साक्ष्यों से संकेत मिलता है कि शेफाली बग्गा विदेशों, विशेषकर दुबई और लंदन से संचालित बेटिंग प्लेटफॉर्मों के प्रचार में सक्रिय भूमिका निभा रही थीं। ईडी की जांच में कथित रूप से ऐसे डिजिटल साक्ष्य और प्रचार सामग्री सामने आई है, जिनमें शेफाली बग्गा बेटिंग ऐप का प्रचार करती दिखाई देती हैं। आरोप है कि वह केवल प्रचार तक सीमित नहीं थीं, बल्कि खिलाड़ियों को बेटिंग से जुड़े सुझाव और टिप्स भी देती थीं। एजेंसी के मुताबिक, खंजन जगदीश कुमार ठक्कर महादेव ऑनलाइन बुक से जुड़े लेनदेन का प्रमुख हवाला ऑपरेटर है और पूरे नेटवर्क के वित्तीय संचालन का प्रबंधन करता था।



# 9वीं कक्षा में तीसरी भाषा का बोझ न डालें

## सुको ने कहा- बोर्ड परीक्षा के एक साल पहले बच्चों में तनाव बढ़ेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि सीबीएसई को 9वीं से थ्री लैंग्वेंज पॉलिसी लागू नहीं करनी चाहिए। 9वीं कक्षा की पढ़ाई पहले से मुश्किल है, ऐसे में तीसरी भाषा को शामिल करने की क्या जरूरत है।

कोर्ट ने कहा कि इससे स्टूडेंट्स का मानसिक तनाव बढ़ सकता है। भारत सरकार से कहिए कि ऐसा न करें। जस्टिस बीवी नागरथना और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने कहा कि तीसरी भाषा को क्लास 5 या 6 में ही शुरू कर दिया जाना चाहिए, ताकि छात्र इसके साथ अधिक प्रभावी ढंग से तालमेल बिठा सकें। दरअसल, बेंच तमिलनाडु सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें मद्रास हाईकोर्ट के राज्य के हर जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय बनाने के आदेश को चुनौती दी गई



थी। तमिलनाडु सरकार जेएनवी में लागू थ्री-लैंग्वेज पॉलिसी के पक्ष में नहीं है। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि तीसरी भाषा को पढ़ाना 6वीं क्लास में शुरू करना चाहिए और 9वीं में इसे बंद कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाओं का दबाव कक्षा 8 से ही शुरू हो जाता है। आगे उन्होंने अपने स्कूल के दिनों के बारे में बताते हुए कहा कि जब मैं स्कूल में थी तब 8वीं के बच्चों को 10वीं की चीजें पढ़ाई जाती थीं। उस वक्त ऐसी हालत थी तो आप समझ सकते हैं आज बच्चों पर कितना बोझ होगा।

## देश में सौ क्लाइमेट स्मार्ट विलेज विकसित करेगा कृषि मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आगामी दो सालों में देश में 100 क्लाइमेट स्मार्ट विलेज विकसित किए जाएंगे। इन गांवों में जलवायु-स्मार्ट खेती, इंटीग्रेटेड फार्मिंग मॉडल, पानी और मृदा संरक्षण तथा जोखिम कम करने के व्यावहारिक तरीके अपनाए जाएंगे, ताकि किसान बदलते मौसम में भी सुरक्षित और लाभकारी खेती कर सकें। चौहान ने गुरुवार को पूसा में पत्रकार वार्ता में आईसीएआर की स्थापना की 100वीं वर्षगांठ पर मंत्रालय का रोडमैप साझा किया।



उन्होंने कहा कि अगले दो वर्षों में 'वन इंस्टिट्यूट-वन ग्रांट इनोवेशन' के तहत कम से कम एक ऐसी परिवर्तनकारी तकनीक या समाधान देना होगा, जिसका राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक प्रभाव हो। यह इनोवेशन किसानों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाए- चाहे वह नई फसल वैराइटी, वैक्सीन, डिजिटल टूल या क्लाइमेट-स्मार्ट कृषि मॉडल हो।

## ईडी ने टेरर फंडिंग मामले में पश्चिम बंगाल, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में की छापेमारी

लखनऊ, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के लखनऊ क्षेत्रीय कार्यालय ने 16 जुलाई 2026 को पश्चिम बंगाल, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और अन्य स्थानों पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत कथित आतंकी वित्तपोषण और अवैध घुसपैठ नेटवर्क से जुड़े 16 परिसरों पर तलाशी अभियान चलाया।

पीएमएलए जांच की शुरुआत एफआईआर से हुई, जिसे उत्तर प्रदेश आतंकवाद विरोधी दस्ते ने आईपीसी, विदेशी अधिनियम और पासपोर्ट अधिनियम की विभिन्न



धाराओं के तहत एक संगठित गिरोह के खिलाफ दर्ज किया था। यह गिरोह रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों की भारत में अवैध घुसपैठ में सहायता करने, आधार कार्ड, पैन कार्ड और पासपोर्ट जैसे जाली भारतीय पहचान पत्र बनवाने और बाद में उन्हें देश के विभिन्न हिस्सों में पुनर्वासित करने में शामिल था। एक नेटवर्क का खुलासा हुआ, जो जाली दस्तावेज, मानव तस्करी, घुसपैठियों के पुनर्वास और धोखाधड़ी के माध्यम से बैंक खाते संचालित करने में संलग्न था।

**धर्मार्थ ट्रस्टों की भूमिका...**

जांच में कुछ धर्मार्थ ट्रस्टों और संस्थाओं की भूमिका का भी खुलासा हुआ, जिन पर विदेशी चंदा प्राप्त करने और अवैध गतिविधियों को बढ़ावा देने का आरोप है। आगे की जांच में एक जटिल वित्तीय नेटवर्क का पता चला, जिसमें विभिन्न ट्रस्ट और संस्थाएं शामिल थीं। इन संस्थाओं ने कथित तौर पर एफसीआरए चैनलों के माध्यम से पर्याप्त विदेशी धन प्राप्त किया।

## अफसर बीबी ने ट्रेन में शूटर से कराया इंजीनियर पति का मर्डर

### शादी के बाद ही शुरू कर दी थी बॉयफ्रेंड के साथ प्लानिंग

**सुपौल, एजेंसी।** यहां अफसर पत्नी ने चलती ट्रेन में अपने इंजीनियर पति की हत्या करा दी। 8 साल पहले 2018 में मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर अस्मिता की शादी इंजीनियर देव कुमार गुंजन से हुई थी। शादी के दूसरे दिन से ही अस्मिता पति की हत्या की साजिश रच रही थी। इसमें बॉयफ्रेंड अजीत कुमार शामिल था। दोनों ने शूटर राजू कुमार को मर्डर के लिए 4 लाख रुपये की सुपारी दी थी।

राजू ने पिछले महीने 11 जून को जनसाधारण एक्सप्रेस में देव कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपियों ने इसे लूटपाट साबित



देव कुमार गुंजन, पति | अस्मिता कुमारी, पत्नी | अजीत कुमार, प्रेमी

करने की कोशिश की थी। पुलिस ने कॉल डिटेल और अन्य साक्ष्यों के आधार पर अस्मिता कुमारी, अजीत कुमार और शूटर राजू कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। अस्मिता, देव कुमार और अजीत कुमार ने 2017 में बिजली विभाग से एकसाथ अपना करियर शुरू किया था। देव-अस्मिता की शादी हुई, लेकिन शादी के बाद अस्मिता और अजीत करीब आ गए थे।

## बिजली बनाकर चलेगी... न धुआं, न कार्बन उत्सर्जन

# नवाचार... मोदी आज देश को देंगे पहली हाइड्रोजन ट्रेन की सौगात

नई दिल्ली, एजेंसी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को हरियाणा के जींद रेलवे स्टेशन से जींद-सोनीपत के बीच देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।**

करीब 2,600 यात्रियों की क्षमता वाली यह ट्रेन हाइड्रोजन से खुद बिजली बनाकर चलेगी और इससे धुआं या कार्बन उत्सर्जन नहीं होगा। इसके संचालन के दौरान केवल जलवाष्प और गर्मी निकलती है।

रेल मंत्रालय ने बताया कि देश में ब्रॉडगेज रेल नेटवर्क का 99 प्रतिशत





से अधिक विद्युतीकरण पूरा होने के बाद रेलवे स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में बड़ा कदम उठा रहा है। ये ट्रेन ओवरहेड बिजली लाइन पर निर्भर रहने के बजाय अपने भीतर ही हाइड्रोजन व हवा की ऑक्सीजन से बिजली तैयार करती है।

**कई स्तर के सुरक्षा इंतजाम**

ट्रेन में हाइड्रोजन के इस्तेमाल को पूरी तरह सुरक्षित बनाने के लिए कई स्तर की सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इसमें हाइड्रोजन रिसाव, आग, धुएं और अधिक तापमान का तुरंत पता लगाने वाले सेंसर लगाए गए हैं। किसी भी गड़बड़ी की स्थिति में हाइड्रोजन की आपूर्ति अपने आप बंद हो जाएगी। ट्रेन और जींद स्थित हाइड्रोजन संयंत्र दोनों में आधुनिक अग्नि सुरक्षा प्रणाली भी लगाई गई है।

**जिंद में होगी रिफ्यूलिंग**

इस ट्रेन के लिए जिंद में देश की सबसे बड़ी रेलवे हाइड्रोजन रिफ्यूलिंग सुविधा बनाई गई है। यहां पानी से हाइड्रोजन तैयार की जाती है, उसे सुरक्षित तरीके से संग्रहित किया जाता है और फिर ट्रेन में भरा जाता है। इस सुविधा को पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पेसो) की मंजूरी मिल चुकी है।

### 10 कोच, गति 110 किलोमीटर

यह 10 कोचों की ट्रेन है, जिसमें दो पॉवर कार और आठ यात्री कोच हैं। प्रत्येक पावर कार में फ्यूल सेल, बैटरी और हाइड्रोजन सिलेंडर लगाए गए हैं। ट्रेन की डिजाइन गति 110 किलोमीटर प्रति घंटा है, जबकि जींद-सोनीपत रेलखंड पर इसका संचालन 75 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से होगा।

रेल मंत्रालय के अनुसार दुनिया के कई देशों में हाइड्रोजन ट्रेनें चल रही हैं, लेकिन वे आमतौर पर दो से चार कोच वाली होती हैं। भारत की यह 10 कोच वाली ट्रेन क्षमता के मामले में दुनिया की सबसे बड़ी हाइड्रोजन यात्री ट्रेनों में शामिल है।

### आईआरसीटीसी की नई टिकट बुकिंग वेबसाइट लॉन्च

भारतीय रेलवे की ऑनलाइन टिकट बुकिंग वेबसाइट आईआरसीटीसी का नया वर्जन लॉन्च कर दिया गया है। इस अपग्रेड का मुख्य मकसद हर दिन टिकट बुक करने वाले लाखों यात्रियों के अनुभव को आसान और तेज बनाना है। अभी नई वेबसाइट का बीटा वर्जन लॉन्च किया गया है, यानी आम यात्रियों से फीडबैक के आधार पर इस वेबसाइट में बदलाव किया जाएगा। वेबसाइट का बीटा वर्जन 15 जुलाई 2026 को रात 9 बजे से लाइव हो गया। पिछले महीने जयपुर के मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के दौरे पर गए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने छात्रों से बातचीत के दौरान यह घोषणा की थी कि 15 जुलाई तक आईआरसीटीसी की नई वेबसाइट लॉन्च कर दी जाएगी।

## Cartoon Corner



### महापौर द्वारा जोन क्रमांक 21 की वार्ड समिति बैठक सम्पन्न

# नागरिकों के साथ अच्छा व्यवहार ही नगर निगम की पहचान और विश्वास का आधार : महापौर

विनय उजाला





**इंदौर, नप्र।** महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में गुरुवार को नगर निगम के जोन क्रमांक 21 की वार्ड समिति बैठक संपन्न हुई। बैठक में विधायक श्री मधु वर्मा, महापौर परिषद सदस्य श्री अभिषेक शर्मा 'बबलू', जोन अध्यक्ष एवं पार्षद श्री प्रशांत बडवे, पार्षद श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, महापौर प्रतिनिधि, जोनल अधिकारी, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत में वार्ड समिति के एजेंडा बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान विभिन्न वार्डों में संचालित विकास कार्यों, नागरिक सुविधाओं, आधारभूत संरचना, स्वच्छता, जल प्रदाय, सड़क, नाली, उद्यान, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य जनहित से जुड़े विषयों की समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि शहर के विकास कार्यों में जोनल कार्यालयों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वर्तमान में नगर निगम के 22 जोनल कार्यालयों के माध्यम से पूरे शहर में नागरिकों को विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। हमारा प्रयास होना चाहिए कि नागरिकों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए नगर निगम मुख्यालय या जोनल कार्यालयों के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। अधिकतम सेवाएं सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराई जाएं। महापौर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि यदि कोई नागरिक अपनी समस्या या कार्य के लिए नगर निगम कार्यालय आता है तो उसके साथ संवेदनशीलता, शालीनता एवं सम्मानजनक व्यवहार किया जाए। अधिकारी एवं कर्मचारियों का सकारात्मक व्यवहार ही नगर निगम की अच्छी छवि बनाता है और नागरिकों का विश्वास मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की पहचान केवल विकास कार्यों से ही नहीं, बल्कि नागरिकों के प्रति उसके व्यवहार से भी होती है। बैठक के दौरान महापौर ने परिषद के वर्तमान कार्यकाल के शेष लगभग नौ महीनों को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वीकृत एवं प्रगतिरत सभी विकास कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो कार्य पाइपलाइन में हैं, उन्हें तेजी से पूर्ण किया जाए तथा जो कार्य स्वीकृत होने के बावजूद अभी तक प्रारंभ नहीं हो सके हैं और जो जनहित की दृष्टि से आवश्यक हैं, उन्हें तत्काल प्रारंभ कराया जाए। महापौर ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक विकास कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाए, कार्यों की प्रगति की सतत समीक्षा हो तथा गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी और लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए। बैठक में उपस्थित पार्षदों ने एजेंडा बिंदुओं के अनुसार अपने-अपने वार्डों में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की। साथ ही विभिन्न वार्डों एवं जोन स्तर पर लंबित कार्यों, तकनीकी एवं बाधाओं तथा नागरिकों की प्रमुख समस्याओं से भी महापौर को अवगत कराया।

### छोटे कार्यों से भी मिलता है संदेश

महापौर श्री भार्गव ने कहा कि नगर निगम द्वारा किए जाने वाले छोटे-छोटे कार्य भी नागरिकों के मन में सकारात्मक संदेश छोड़ते हैं। उदाहरण स्वरूप यदि किसी क्षेत्र में नियमित रूप से फॉगिंग मशीन के माध्यम से मच्छरों की रोकथाम का कार्य किया जाता है, तो नागरिकों को यह महसूस होता है कि नगर निगम उनकी स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति गंभीर है। ऐसे छोटे लेकिन प्रभावी कार्य नगर निगम की सकारात्मक छवि को मजबूत करते हैं तथा नागरिकों में विश्वास एवं संतोष की भावना बढ़ाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### काकनवानी में नया विद्युत वितरण केंद्र भवन लोकार्पित





**झाबुआ (विनय उजाला)।** मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी अंतर्गत झाबुआ जिले के काकनवानी में पच्चीस लाख रूपए की लागत से तैयार नए विद्युत वितरण केंद्र भवन का लोकार्पण गुरुवार को समारोहपूर्वक किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद श्रीमती अनिता नागरसिंह चौहान उपस्थित थी। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी झाबुआ वृत्त के अधीक्षण यंत्री श्री डीएस चौहान ने विद्युत उपभोक्ता सेवा, जिले में चल रहे नए कार्यों इत्यादि की जानकारी दी।

# राजेन्द्र नगर शासकीय कन्या उमावि के नवीन विद्यालय भवन का भूमि पूजन संपन्न

विनय उजाला





**इंदौर, नप्र।** शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, राजेन्द्र नगर के नवीन विद्यालय भवन निर्माण का भूमि पूजन समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंदौर के महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राऊ विधानसभा की विधायक श्रीमती मधु वर्मा, पार्षद श्री प्रशांत भड़वे, संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, श्रीमती अनीता चौहान, प्रभारी प्राचार्य श्रीमती शीला अग्रवाल, विद्यालय की समन्वयक श्रीमती राशि सिंह सोलंकी तथा विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं, अभिभावकों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने भी सहभागिता की।

महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने अपने संबोधन में कहा कि बालिका शिक्षा को सशक्त बनाने के लिए उत्कृष्ट शैक्षणिक अधोसंरचना अत्यंत आवश्यक है। नवीन विद्यालय भवन छात्राओं को सुरक्षित, आधुनिक एवं प्रेरणादायी शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराएगा और उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव बनेगा। विधायक श्रीमती मधु वर्मा ने कहा कि सरकार बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया। छात्राओं ने स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी प्राचार्य श्रीमती शीला अग्रवाल ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों, अभिभावकों एवं उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि नवीन भवन विद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।


**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
Office of The Chief General Manager (Bhopal Region)
Nishtha Parisar, Bijlinagar, Govindpura, Bhopal-462023
Phone : 0755-2588291, E-mail : sepurchasebr@gmail.com
NIT No. : CGM/BR/02/Pur/3513 Bhopal, Dated : 15.07.2026

**NOTICE INVITING E-TENDER (OPEN TENDER)**

E-tenders are invites bids from eligible bidders for following Work.

| TS No. | Particulars | Approx. Value (In Lakh) | Tender Fee (inclusive of GST @ 18%) (In Rs.) | EMD (In Rs.) | Opening Date of Tender Online |
|---|---|---|---|---|---|
| CGM/ BR/ TS- 167 | Procurement of Furniture for City Circle Office Bhopal | 17.83 | 2360/- | 36,000/- | 06.08.2026 at 15:30 Hrs. |

Other details, terms and conditions are available on company website: **https://portal.mpcz.in** & **https://mptenders.gov.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/126922/2026 CHIEF GENERAL MANAGER



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग आलीराजपुर (म.प्र.)**
सिनेमा चौराहा कुक्षी रोड आलीराजपुर, ई-मेल : eepwdali@mp.gov.in
:: निविदा सूचना ::
निविदा सूचना क्रमांक 08/व.ले.लि./वर्ष 2026-27 आलीराजपुर, दिनांक : 14/07/2026
निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| स. क्रं. | पोर्टल पर टेण्डर आई.डी. क्रमांक | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | पी.ए.सी. राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि (रूपये) | निविदा शुल्क राशि (रूपये) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_PWDRB_520837_1 | चौडीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य। | लोक निर्माण विभाग, **उपसंभाग आलीराजपुर** के अंतर्गत इन्दरसिंह की चौकी पहुंच मार्ग लंबाई 2.60 कि.मी. का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य। | प्रथम | 216.92 | 216920.00 | 15000.00 | 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 1 | 2026_PWDRB_520839_1 | चौडीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य। | लोक निर्माण विभाग, **उपसंभाग आलीराजपुर** के अंतर्गत चिचलगुडा पहुंच मार्ग लंबाई 0.900 कि.मी. का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य। | प्रथम | 84.80 | 84800.00 | 10000.00 | 04 माह वर्षाकाल सहित |
| | | | योग :- | | 301.72 | 301720.00 | 25000.00 | |

उपरोक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हो सकेगी। निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभ दिनांक 14/07/2026, प्रात: 10.00 एवं प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 31/07/2026 सायं 06.00 बजे निर्धारित है। निविदा दिनांक 03/08/2026 को खोली जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पोर्टल पर देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पोर्टल पर किया जावेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। ई-ई.एम.डी. केवल आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से ही स्वीकार की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग आलीराजपुर
जी-15748/26 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"


# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पदोन्नत डीएसपी आर.डी. कानवा को कंधे पर लगाए स्टार

मनोहर राजपूत





**इंदौर (विनय उजाला)।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विभागीय पदोन्नति के बाद डीएसपी बने आर.डी. कानवा की वर्दी पर स्टार लगाकर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इंदौर के तीन पुलिस थानों में जल्द होगी नए थाना प्रभारियों की तैनाती, पोस्टिंग को लेकर तेज हुई कवायद इंदौर शहर के तीन प्रमुख पुलिस थानों में जल्द ही नए थाना प्रभारियों (टीआई) की नियुक्ति होने की संभावना है। हाल ही में विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) के माध्यम से प्रदेशभर में इंस्पेक्टरों को डीएसपी पद पर पदोन्नत किया गया है। इसके बाद इंदौर के तीन थानों में टीआई के पद रिक्त हो गए हैं। इन रिक्त पदों पर नियुक्ति को लेकर पुलिस महकमे में हलचल तेज हो गई है। जानकारी के अनुसार, परदेशीपुरा थाना प्रभारी आर.डी. कानवा, छोटी ग्वालटोली थाना प्रभारी संजय कांवले तथा रावजी बाजार थाना प्रभारी उमेश यादव का डीपीसी के बाद डीएसपी पद पर प्रमोशन हो चुका है। इसके चलते इन तीनों थानों में नए थाना प्रभारियों की तैनाती की तैयारी शुरू हो गई है। सूत्रों के मुताबिक, फिलहाल डीआरपी लाइन में पदस्थ कई इंस्पेक्टर अपनी नई पोस्टिंग का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, मनचाहे थाने की जिम्मेदारी पाने के लिए प्रभावशाली नेताओं और वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर पर भी प्रयास तेज होने की चर्चाएं पुलिस महकमे में बनी हुई हैं। इसे लेकर सिफारिशों और जोड़-तोड़ का दौर भी जारी बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि पुलिस मुख्यालय, भोपाल से जल्द ही नवपदोन्नत डीएसपी अधिकारियों की तबादला सूची जारी होने की संभावना है। इसके बाद इंदौर के रिक्त थानों में नए थाना प्रभारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

पुलिस अधिकारियों का मानना है कि शहर की कानून-व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए इन महत्वपूर्ण थानों में जल्द से जल्द नए टीआई की पदस्थापना आवश्यक है। संभावना है कि आगामी कुछ दिनों में परदेशीपुरा, छोटी ग्वालटोली और रावजी बाजार थानों को नए थाना प्रभारी मिल जाएंगे। पुलिस महकमे के साथ-साथ राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में भी इन नियुक्तियों को लेकर चर्चाओं का दौर लगातार जारी है।

### अवैध कॉलोनियों और शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें : कलेक्टर शिवम वर्मा

**इन्दौर (विनय उजाला)।** कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज यहां समय-सीमा के पत्रों (टीएल) के निराकरण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई की जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी स्थिति में नई अवैध कॉलोनियों की बसाहट न होने पाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई करते हुए शासकीय भूमि को तत्काल अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा भी की गई। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने निर्देश दिए कि सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग आलीराजपुर (म.प्र.)**
सिनेमा चौराहा कुक्षी रोड आलीराजपुर, ई-मेल : eepwdali@mp.gov.in
:: निविदा सूचना ::
निविदा सूचना क्रमांक 07/व.ले.लि./वर्ष 2026-27 आलीराजपुर, दिनांक : 13/07/2026
निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| स. क्रं. | पोर्टल पर टेण्डर आई.डी. क्रमांक | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | पी.ए.सी. राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि (रूपये) | निविदा शुल्क राशि (रूपये) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_PWDRB_520617_1 | बी.टी. पेंच रिपेयर | लोक निर्माण विभाग, संभाग **आलीराजपुर** के अंतर्गत विभिन्न मार्गो का बी.टी. पेंच रिपेयर एवं संधारण मरम्मत का कार्य। | तृतीय | 16.95 | 33900.00 | 2000.00 | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| | | | योग :- | | 16.95 | 33900.00 | 2000.00 | |

उपरोक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हो सकेगी। निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभ दिनांक 11/07/2026, प्रात: 10.00 एवं प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 20/07/2026 सायं 06.00 बजे निर्धारित है। निविदा दिनांक 22/07/2026 को खोली जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पोर्टल पर देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पोर्टल पर किया जावेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। ई-ई.एम.डी. केवल आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से ही स्वीकार की जावेगी।
**नोट :-** निविदाकार के पास स्वयं का Hot Mix Plant होना अनिवार्य है।

कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग आलीराजपुर
जी-15734/26 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"


### आयुक्त द्वारा मास्टर प्लान सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण

# मालवीय नगर सड़क निर्माण कार्य धीमी गति से होने से एजेंसी पर जताई नाराजगी

विनय उजाला





**इंदौर, नप्र। आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल द्वारा आज प्रात: शहर की मास्टर प्लान की निर्माणाधीन सड़क कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री अभय राजनगांवकर अधीक्षण यंत्री श्री पी एस कुशवाह, सहायक यंत्री श्री नरेश जायसवाल, निर्माण कार्य में संलग्न एजेंसी एवं अन्य उपस्थित थे।**

आयुक्त द्वारा एमआर 9 रोड से मालवीय नगर होते हुए एल आई जी लिंक रोड तक निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण, निरीक्षण के दौरान उक्त सडक के चेम्बर की स्टेथिग का कार्य धीमा होने परर संबंधित एजेंसी पर नाराजगी व्यक्त करने हुए, कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान सडक निर्माण में नर्मदा लाईन डालने का कार्य धीमा होने पर संबंधित सहायक यंत्री शरद सोनी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए, कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गय। आयुक्त द्वारा निरीक्षण के दौरान नागरिको से चर्चा की गई, इस दौरान नागरिको ने बताया कि सडक के मध्य डाली गई सीवर लाईन चौक हो रही है, जिसके कारण परेशानी हो रही है, इस पर आयुक्त द्वारा संबंधित उपयंत्री विशाल राठौर एवं झोनल स्टाफ को पुरी सीवर लाईन व चेम्बर को खडे रहकर साफ कराने के निर्देश दिये गये। साथ ही नागरिको ने बताया कि सडक निर्माण के दौरान निर्माण मटेरियल चेम्बर में आने से लाईन बार-बार चौक हो रही है, जिस पर आयुक्त द्वारा संबंधित ठेकेदार को निर्माण मटेरियल चेम्बर में ना आए इसका ध्यान रखते हुए, तत्काल चेम्बर सफाई कराने के निर्देश दिये गये।

आयुक्त श्री सिंघल द्वारा मधु मिलन चौराहा से छावनी चौराहा तक मास्टर प्लान कि निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण करते हुए, लक्ष्मी नारायण दूधवाला चौराहा से छांवनी चौराहा तक सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। आयुक्त द्वारा जंजीर वाला चौराहा से अटल द्वार तक सड़क निर्माण कार्य के अवलोकन के दौरान जंजीर वाला चौराहा से दबंग दुनिया प्रेस तक सड़क निर्माण का कार्य करने के निर्देश दिए गए।

### आयुक्त द्वारा हाई कोर्ट चौराहे पर लेंटर्न चौराहे से हुकुमंचद घंटाघर की ओर जाने वाले लेफ्ट टर्न विकास कार्य का निरीक्षण

इसके पश्चात आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल द्वारा हाई कोर्ट चौराहे पर लेंटर्न चौराहा से हुकुमंचद घंटाघर की ओर जाने वाले लेफ्ट टर्न विकास कार्य का निरीक्षण किया गया। आयुक्त द्वारा नागरिको के आवागमन में समस्या के तत्काल निराकरण करने के उददेश्य से लेफ्ट टर्न चौडीकरण का कार्य 1 सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। विदित हो कि उक्त चौराहा शहर के व्यस्तम चौराहे में से एक है, चौराहे का लेफ्ट टर्न सकरा होने से यहां पर लगातार नागरिको को आवागमन में समस्या आती रहती थी, उक्त स्थिति को देखते हुए, सीटी सेंटर के व्यापारीक एसोसिएशन के पदाधिकारी ने संकरे लेफ्ट टर्न के लिये आगे बढकर निगम को लेफ्ट टर्न की भूमि उपलब्ध कराई गई, जिसके परिणाम स्वरूप उक्त लेफ्ट टर्न का विकास कार्य किया जाना संभव हुआ।


**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला आलीराजपुर (म.प्र.)**
E-mail :- modgmali@mp.gov.in
क्रमांक/495/खनिज/2026 आलीराजपुर, दिनांक : 08/07/2026
// प्रथम सूचना //
(म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क)

यह सूचित किया जाता है कि **फर्म अनुमंत इन्फ्रामाइंस एल.एल.पी. निवासी चिकल्दा मार्ग, कुक्षी तहसील कुक्षी जिला धार (म.प्र.)** द्वारा म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क के तहत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 30/06/2026 को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | कुल रकबा (हे.) | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| आलीराजपुर | सोण्डवा | आमला | 398 | 4.000 हेक्टर | शासकीय भूमि | गिट्टी, पत्थर, एम-सेण्ड | - |

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता हो, तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा जिला आलीराजपुर में आपत्ति का लेख/कारण दर्शाते हुए लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करें।
नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति/दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

खनि अधिकारी
कार्यालय कलेक्टर खनिज शाखा
जिला आलीराजपुर (म.प्र.)
जी-15665/26 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"



इंदौर, भोपाल, उज्जैन, आलीराजपुर, ठाणे, मुंबई, नई दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

# दैनिक विनय उजाला

शुक्रवार, 17 जुलाई 2026
आषाढ़ शुक्ल पक्ष-03

देवी-देवताओं का अपमान करने ...05

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!


## फर्स्ट कॉलम

### यूनिसेफ में नीलसन ने की बिहार की सराहना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिहार में यूनिसेफ भारत की फील्ड ऑफिस की चीफ के तौर पर काम कर रहीं डॉ. मोनिका ओलेड्ज़का नीलसन ने राजधानी



पटना का एक शानदार अनुभव साझा किया। डॉ. मोनिका ने लिंक्डइन पोस्ट में लिखा एक हफ्ते पहले मैं यूनिसेफ इंडिया के साथ अपना काम शुरू करने के लिए बिहार के पटना पहुंची। रहने की जगह ढूंढते हुए, मैंने लेमन ट्री होटल में चेक इन किया। मेरे पहुंचने की दोपहर को, एक छोटी लेकिन असरदार बात ने मेरा ध्यान खींचा, मेरा स्वागत एक स्टाफ सदस्य ने किया, जिसे सुनने में दिक्कत थी। उसने एक बैज पहना हुआ था, जिसमें लिखा था कि अगर मैं अपनी बात लिख लूं तो उन्हें मदद करने में खुशी होगी। मुझे यह बात सोचने वाली और सबको साथ लेकर चलने वाली लगी। अगली सुबह नाश्ते के समय, मैंने देखा कि दो युवा वेटर साइन लैंग्वेज में बात कर रहे थे। उत्सुक और प्रभावित होकर, मैंने बाद में रिसेप्शनिस्ट की सराहना की कि मैंने क्या देखा था। मैंने कहा कि मैंने यूरोप के होटलों में और दुनिया में कहीं और भी, ऐसी सबको साथ लेकर चलने वाली सोच कभी नहीं देखी थी।

### ईरान ने अमेरिकी महिला को रिहा किया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान ने एक अमेरिकी महिला को रिहा कर दिया है। उसे दिसंबर 2024 से ईरान में गलत तरीके से हिरासत में रखा गया था। ट्रंप ने उसकी पहचान नहीं उजागर की और न ही उनकी रिहाई की परिस्थितियों के बारे में कोई अतिरिक्त जानकारी दी। उन्होंने इसके लिए ईरान का आभार जताया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल पर यह खुशखबरी साझा की। उन्होंने लिखा ईरान ने एक अमेरिकी नागरिक को देश छोड़ने की इजाजत दे दी है। उन्हें 'स्लीपी' जो बाइडेन' के कार्यकाल में दिसंबर 2024 में गलत तरीके से हिरासत में लिया गया था। वह अब सुरक्षित रूप से ईरान से बाहर हैं और ठीक-ठाक हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका, ईरान के इस सद्भावनापूर्ण कदम की सराहना करता है।

### अमेरिका छात्रों-पत्रकारों को तय अवधि के लिए ही देगा वीजा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका ने विदेशी छात्रों, सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों में शामिल प्रतिभागियों और विदेशी पत्रकारों के लिए वीजा नियमों में बड़ा बदलाव करने की तैयारी की है। अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी विभाग (डीएचएस) ने गुरुवार को प्रस्तावित अंतिम नियम जारी करते हुए कहा कि अब इन श्रेणियों के वीजा निर्धारित समयावधि के लिए जारी किए जाएंगे। नए नियम के तहत 'एफ' वीजा पर पढ़ाई करने वाले अंतरराष्ट्रीय छात्रों, 'जे' वीजा पर सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों के तहत अमेरिका आने वाले प्रतिभागियों तथा 'आई' वीजा पर कार्यरत विदेशी मीडिया कर्मियों के लिए वीजा की अवधि पहले से तय होगी। वर्तमान व्यवस्था में इन वीजा धारकों को कार्यक्रम या अमेरिका में रोजगार की अवधि पूरी होने तक रहने की अनुमति मिलती है।

### इमरान की रिहाई के लिए आंदोलन करेगी पीटीआई

इस्लामाबाद। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की संसदीय समिति ने पार्टी प्रमुख और पूर्व वजीर-ए-आजम इमरान खान की रिहाई और अन्य मांगों को लेकर 5 अगस्त से देशव्यापी आंदोलन शुरू करने का फैसला किया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, इसी दिन इमरान खान की जेल में बंदी के तीन साल पूरे होंगे। यह फैसला खैबर पख्तूनख्वा में पीटीआई के अंतरिम अध्यक्ष बैरिस्टर गोहर अली खान की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया। बैठक में पार्टी के नेताओं ने संसदीय मामलों और भविष्य की रणनीति पर चर्चा की। पीटीआई महासचिव सलमान अकरम राजा ने प्रमुख अंग्रेजी दैनिक डॉन से बातचीत में कहा कि पार्टी के सांसदों ने आंदोलन शुरू करने के लिए 5 अगस्त की तारीख तय की है।

### पुरी रथ यात्रा में 'पहंडी' के दौरान हादसा... 100 से ज्यादा श्रद्धालु घायल

# जगन्नाथ रथ यात्रा में भगदड़... एक की मौत



पुरी, अहमदाबाद, इंदौर

ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के दौरान हादसा हो गया। 'पहंडी' रस्म के समय अचानक भगदड़ मच गई, जिसमें 100 से ज्यादा श्रद्धालु घायल हो गए। एक व्यक्ति की मौत की भी सूचना सामने आई है। वहीं दूसरी ओर श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। एक अनुमान के अनुसार यहां दस लाख भक्त जुटे हैं। हादसा ग्रैंड रोड पर मार्केट चौक-मरीचि कोर्ट चौक के बीच 'पहंडी' रस्म के दौरान हुआ। बारिश और भीड़ से अफरातफरी मच गई और कई लोग एक-दूसरे के ऊपर गिर पड़े। इसके बाद यात्रा रोक दी, जो शुक्रवार को जारी रहेगी।



**10 लाख लोग पहुंचे...**

#### क्या होती है 'पहंडी' की रस्म...

पुरी की प्रसिद्ध रथ यात्रा की शुरुआत 'पहंडी' रस्म से होती है। इस परंपरा में भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की प्रतिमाओं को 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर से भव्य रथों तक ले जाया जाता है। इस दौरान घंटियों, शंख और झांझ की गूंज के बीच सबसे पहले चक्रराज सुदर्शन को मंदिर से बाहर लाकर देवी सुभद्रा के दर्पदलन रथ पर विराजमान किया जाता है। इसके बाद अन्य देव विग्रहों को भी रथों पर स्थापित किया जाता है।

#### प्रधानमंत्री बनने के बाद भी मोदी की नहीं टूटी आस्था...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भगवान जगन्नाथ से जुड़ाव मुख्यमंत्री पद से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक बना हुआ है। पीएम मोदी हर साल विशेष प्रसाद मंदिर के लिए भेजते हैं। यह परंपरा उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते शुरू की थी, जिसे आज भी वे दिल्ली में रहते हुए निभा रहे हैं। इस बार भी रथयात्रा से पहले मंदिर में विशेष प्रसाद पहुंचाया गया, जिसमें मौसमी फल और अन्य सामग्री शामिल हैं।

#### अहमदाबाद में मंगल आरती में शामिल हुए अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को आषाढ़ी बीज के अवसर पर आयोजित भगवान जगन्नाथ की 149वीं रथयात्रा से पहले अहमदाबाद स्थित प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर में परिवार सहित मंगल आरती में भाग लिया और श्रद्धापूर्वक भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा तथा भाई बलभद्र के दर्शन-पूजन किए। इस अवसर पर गुजरात के गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी भी उपस्थित रहे।

#### सीएम डॉ. मोहन यादव ने दी शुभकामनाएं

वहीं, मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। डॉ. यादव ने कहा आस्था, सेवा और लोककल्याण का यह महापर्व समाज को एकता, अपनत्व और श्रद्धा के सूत्र में जोड़ता है।

#### महिलाएं और बुजुर्ग भी हुए घायल

हादसे में घायल होने वालों में बड़ी संख्या में महिलाएं और बुजुर्ग शामिल हैं। सभी घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। मौके पर राहत और बचाव दल तैनात कर स्थिति को नियंत्रित किया गया।

#### उज्जैन में 3 रथ, इंदौर महापौर रथयात्रा में शामिल

उज्जैन समेत मध्यप्रदेश के कई जिलों में गुरुवार को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्राएं श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन और पुष्पवर्षा के बीच भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा नगर भ्रमण पर निकले। भिंड में पहली बार, जबकि उज्जैन में इस्कॉन मंदिर की यात्रा में पहली बार तीन अलग-अलग रथ शामिल हुए। इंदौर में महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी रथयात्रा में शामिल हुए।

### अमेरिका ने ईरान पर फिर किया हमला

## बढ़ रहा तनाव... बहरीन-कुवैत में दागीं मिसाइलें, 35 से ज्यादा मौतें

वाशिंगटन, तेहरान, एजेंसी

**मिडिल ईस्ट में अमेरिका और ईरान के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। गुरुवार तड़के अमेरिका ने ईरान के कई सैन्य ठिकानों पर एक बार फिर एयरस्ट्राइक की।**

इसके कुछ ही समय बाद ईरान ने दावा किया कि उसने बहरीन, कुवैत और जॉर्डन में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन से जवाबी हमला किया है। दोनों देशों के लगातार सैन्य हमलों से पूरे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि हालात ऐसे ही बने रहे, तो यह टकराव और गंभीर रूप ले सकता है।

**अमेरिकी हवाई हमलों में 35 से ज्यादा लोगों की मौत :** अमेरिका और ईरान के बीच कई दिनों से लगातार हो रहे जवाबी हमलों और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर बढ़ते तनाव ने युद्ध रोकने के लिए हुए अंतरिम समझौते को लगभग बेअसर कर दिया है। इससे पूरे पश्चिम एशिया में एक बार फिर बड़े युद्ध का खतरा बढ़ गया है।

ईरानी अधिकारियों के मुताबिक, हाल के अमेरिकी हवाई हमलों में अब तक 35 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 300 से अधिक लोग घायल हुए हैं। ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता हुसैन केरमनपौर ने बताया कि मौजूदा संघर्ष के दौरान यह पहली बार है जब सरकार की ओर से कुल हताहतों का आधिकारिक आंकड़ा जारी किया गया है।



#### होर्मुज से 13 जहाज गुजरे

मरीन ट्रैफिक के डेटा से पता चलता है कि अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बावजूद पिछले 24 घंटों में कम से कम 13 कमर्शियल जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरे। इनमें से आठ आठ फारस की खाड़ी में दाखिल हुए। युद्ध से पहले जलडमरूमध्य से रोजाना औसतन लगभग 110 जहाज गुजरते थे। इस बीच अमेरिकी सेना ने ईरान जाने वाले तीन जहाजों को रोककर ईरान के खिलाफ नौसैनिक नाकेबंदी के उपाय लागू किए, लेकिन ईरानी सेना ने कहा कि जब तक अमेरिका ईरान के नियमों को नहीं मानता तब तक होर्मुज जलडमरूमध्य बंद रहेगा। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि वह अमेरिका और ईरान के बीच हालिया तनाव बढ़ने को लेकर बहुत चिंतित हैं।

#### अमेरिका ने इन जगहों पर किए हमले...

- मिसाइल लॉन्च साइट
- एयर डिफेंस सिस्टम
- रक्षा कमांड सेंटर
- ड्रोन संचालन केंद्र
- तटीय निगरानी ठिकाने

**सिस्तान-बलूचिस्तान में 388वीं ब्रिगेड की बैरक...** इसके अलावा बंदर अब्बास और आसपास के कई सैन्य ठिकानों पर भी हमले किए गए। बताया गया है कि इससे पहले ग्रेटर तुंब द्वीप पर करीब 90 मिनट तक सैन्य अभियान चलाया गया, जिसमें तटीय रक्षा प्रणाली और क्रूज मिसाइल ठिकानों पर सटीक हमला किया गया।

#### ईरान का दावा... अमेरिकी ठिकानों पर किया पलटवार

अमेरिकी हमलों के बाद ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई का दावा किया। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड ने कहा कि उसने बहरीन, कुवैत और जॉर्डन में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया। ईरान के मुताबिक यह कार्रवाई उसके सैन्य अभियान 'नस्र-2' के आठवें चरण का हिस्सा थी। IRGC का कहना है कि इस अभियान में अमेरिकी सेना के कई अहम ठिकानों को निशाना बनाया गया।

### 500 लोगों के मारे जाने की आशंका

## बंगाल की खाड़ी में रोहिंग्या शरणार्थियों से भरी दो नावें डूबीं

ढाका, एजेंसी

बंगाल की खाड़ी में रोहिंग्या शरणार्थियों को लेकर जा रही दो नावों के डूबने से बड़ा हादसा सामने आया है। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों के अनुसार, इस दुर्घटना में 500 से अधिक लोगों के लापता होने या मारे जाने की आशंका है।

बताया जा रहा है कि नावों में सवार ज्यादातर लोग म्यांमार के रखाइन प्रांत से निकले थे, जिनमें कुछ लोग बांग्लादेश के शरणार्थी शिविरों से भी आए थे। हादसा ऐसे समय हुआ है जब बंगाल की खाड़ी में मानसून के कारण समुद्र की स्थिति बेहद खराब बनी हुई है।



**समंदर में समाईं दो नावें :** म्यांमार के रखाइन प्रांत से निकली रोहिंग्या शरणार्थियों की दो नावें बंगाल की खाड़ी में डूब गईं। शुरुआती जानकारी के अनुसार, एक नाव में करीब 250 लोग सवार थे, जिसका कुछ समय बाद संपर्क टूट गया। वहीं दूसरी नाव में लगभग 280 यात्री बताए जा रहे थे, जो 8 जुलाई को म्यांमार के अय्यारवाडी तट के पास हादसे का शिकार हो गई। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी और अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन ने इस घटना पर चिंता जताई है। हालांकि अभी तक मृतकों की संख्या की पुष्टि नहीं हुई है।

#### मानसून के बीच समुद्री सफर बना जानलेवा

यह हादसा उस समय हुआ है जब बंगाल की खाड़ी में मानसून का दौर चल रहा है। इस मौसम में तेज हवाओं, भारी बारिश और ऊंची लहरों के कारण समुद्र में यात्रा करना बेहद जोखिम भरा हो जाता है। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों ने भी कहा है कि मानसून के दौरान इस तरह की नाव यात्राएं यात्रियों की जान के लिए बड़ा खतरा बन सकती हैं। इसके बावजूद मजबूरी में कई रोहिंग्या लोग बेहतर जीवन की उम्मीद में समुद्री रास्ते का सहारा लेते हैं।

## जेलेंस्की ने प्रधानमंत्री के बाद अपने रक्षामंत्री को भी हटाया

### ड्रोन हमलों से रूस को पछाड़ा था, फैसले के खिलाफ हजारों लोग सड़कों पर उतरे

कीव, एजेंसी

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रक्षा मंत्री मिखाइलो फेदोरोव को नियुक्ति के सिर्फ छह महीने बाद पद से हटा दिया। इस फैसले के बाद गुरुवार को युद्ध शुरू होने के बाद पहली बार देश के कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए। राजधानी कीव में बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे। इसके अलावा ओडेसा, ल्वीव और रूस के हमलों का लगातार सामना कर रहे खारकीव शहर में भी लोगों ने प्रदर्शन किया। खारकीव में 300 से ज्यादा लोग हाथों में तख्तियां लेकर



सड़कों पर उतरे और 'शर्म करो, शर्म करो' के नारे लगाए। 35 साल के फेडोरोव यूक्रेन के ड्रोन युद्ध कार्यक्रम का सबसे बड़ा चेहरा माने जाते थे। उन्हें यूक्रेन में ड्रोन और रोबोट की मदद से युद्ध लड़ने की रणनीति का प्रमुख समर्थक माना जाता था। उनके हटने से अब यह सवाल उठने लगे हैं कि रूस जैसी बड़ी सेना का मुकाबला करने के लिए यूक्रेन की नई तकनीक और ड्रोन पर आधारित रणनीति आगे भी पहले की तरह जारी रहेगी या नहीं।

### कनाडा में जंगल की आग के बीच फंसी ट्रेन

## ट्रक से भिड़ंत, कर्मचारियों ने पैदल भागकर जान बचाई

ओंटारियो, एजेंसी

कनाडा के ओंटारियो प्रांत में भीषण जंगल की आग के बीच कैनेडियन नेशनल रेलवे के कर्मचारी मौत के बेहद करीब पहुंच गए। धुएं के कारण विजिबिलिटी लगभग खत्म हो गई थी।

इसी दौरान एक ट्रक में आग लग गई और वह ट्रेन से टकरा गया। हालांकि, सभी कर्मचारी सुरक्षित बाहर निकल आए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जंगलों की आग से उठ रहे धुएं ने कनाडा के सबसे बड़े शहर टोरंटो को भी अपनी चपेट में ले लिया है। ऐसे में बुधवार सुबह लोगों की नींद पीले और धुएं से ढके आसमान के बीच ही खुली।



**कनाडा में 838 जगहों पर आग लगी...** घटना के बाद रेलवे ने एहतियात के तौर पर प्रभावित इलाके में सभी रेल सेवाएं अस्थायी रूप से रोक दीं। यह इलाका उत्तर-पश्चिमी ओंटारियो में जंगल की आग से प्रभावित है। कनाडियन इंटरएजेंसी फॉरेस्ट फायर सेंटर के अनुसार, इस समय पूरे कनाडा में 838 जगहों पर जंगलों में आग लगी हुई है। लगे मिनेसोटा राज्य में भी एक दर्जन से ज्यादा जंगलों में आग जल रही है। इसकी वजह भीषण गर्मी, सूखा और तेज हवाएं बताई गई हैं।

### बिम्सटेक एनएसए की 5वीं बैठक में कई मसलों पर चर्चा

# सुरक्षा के साथ ही आर्थिक सहयोग बढ़ाना समय की मांग : डोभाल

नई दिल्ली, एजेंसी

**राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने बंगाल की खाड़ी बहुक्षेत्रीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा प्रमुखों की 5वीं बैठक को भारत के लिए अहम बताते हुए कहा कि मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में क्षेत्रीय सहयोग और समन्वय बढ़ाना समय की मांग है।**

यह मंच भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति, 'एक्ट ईस्ट' नीति और 'महासागर' विजन का प्रतिनिधित्व करता है और सदस्य देशों को उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए निर्णायक कदम उठाने होंगे।




डोभाल ने यहां बिम्सटेक देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा प्रमुखों की 5वीं बैठक के उद्घाटन सत्र में गुरुवार को कहा कि हम एक कठिन वैश्विक परिदृश्य में मिल रहे हैं, जहां संघर्ष, भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं और तकनीकी व्यवधान बढ़ रहे हैं। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में रुकावटों ने सभी देशों के लिए आर्थिक कठिनाइयां पैदा की हैं। ऐसे समय में सदस्य देशों को साझा हितों के लिए मिलकर काम कर समस्याओं का समाधान सामूहिक प्रयासों से निकालना होगा।

**बिम्सटेक विश्व का 22 फीसदी-** बिम्सटेक दो तेजी से बढ़ते क्षेत्रों को जोड़ता है और लगभग 1.7 अरब लोगों का प्रतिनिधित्व करता है, जो विश्व की आबादी का 22 प्रतिशत है। इसका संयुक्त जीडीपी करीब 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर है। इसके साथ ही एनएसए ने कहा कि बंगाल की खाड़ी केवल भौगोलिक रूप से ही नहीं बल्कि हजारों वर्षों से चली आ रही साझा सभ्यतागत और सांस्कृतिक विरासत के जरिए भी सदस्य देशों को जोड़ती है।

#### सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग पर विमर्श

विदेश मंत्रालय ने बताया कि बैठक में एनएसए अजीत डोभाल ने बांग्लादेश, भूटान, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका और थाईलैंड के राष्ट्रीय सुरक्षा प्रमुखों की मेजबानी की। बिम्सटेक महासचिव ने सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग की स्थिति का व्यापक विवरण प्रस्तुत किया और सदस्य देशों को विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति से अवगत कराया। बैठक में आतंकवाद और संगठित अपराध से निपटने, साइबर, समुद्री और ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने, संपर्क बढ़ाने, आपदा प्रबंधन को कुशल बनाने और नई चुनौतियों से निपटने के व्यावहारिक समाधान पर चर्चा हुई। बैठक में मानवीय सहायता और आपदा राहत के समुद्री घटक के लिए दिशा-निर्देश अपनाए गए। इन दिशा-निर्देशों से सदस्य देशों को क्षेत्र में राहत कार्य तेजी से करने में मदद मिलेगी। साथ ही समुद्री कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच समुद्र में होने वाले संपर्कों के दौरान आचरण के लिए मार्गदर्शक सिद्धांतों को भी मंजूरी दी गई। इन सिद्धांतों से सदस्य देशों के बीच समुद्री गतिविधियों में सुरक्षा और पूर्वानुमान बढ़ेगा।

बिम्सटेक अगले वर्ष अपनी 30वीं वर्षगांठ मनाएगा। इस अवसर पर सदस्य देशों ने क्षेत्रीय सुरक्षा को मजबूत करने, संस्थागत क्षमता बढ़ाने और विविध सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए सहयोग और ज्ञान-साझाकरण को और बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

## सम्पादकीय

# जेल से गिरोह चलाने का सिलसिला पुराना

यह विचित्र बात है कि जेल में बंद होने पर भी कुख्यात कैदी अपने गिरोह के जरिए आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहते हैं और कारागार प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं लग पाती है! मामला चाहे नशीले पदार्थों के काले कारोबार का हो, रंगदारी वसूलने एवं लक्षित हत्या का हो या फिर अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त का, ऐसी तमाम वारदात की साजिश सलाखों के पीछे रहते हुए रचे जाने की घटनाएं अक्सर सामने आती रहती हैं। हाल ही में उत्तर प्रदेश की गाजियाबाद पुलिस ने हथियारों की तस्करी के एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जिसे दिल्ली की तिहाड़ जेल से संचालित किया जा रहा था। गिरोह के तीन तस्करों की गिरफ्तारी के बाद यह खुलासा हुआ है। इस गिरोह का जाल इतना बड़ा था कि वे दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर भारत के कई राज्यों में हथियारों की खेप पहुंचाते थे। सवाल है कि जेल में कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच कोई कैदी किस तरह गिरोह को चलाता है और उसे दिशा-निर्देश देता है। गौरतलब है कि जेल में बंद किसी कैदी की ओर से अपने गिरोह के जरिए रंगदारी, फिरौती और हत्या को अंजाम देने जैसे मामले पहले भी कई बार सामने आ चुके हैं। बावजूद इसके अभी तक ऐसा कोई तंत्र विकसित नहीं किया जा सका, जिससे ऐसे कैदियों की गतिविधियों पर स्थायी रूप से अंकुश लगाया जा सके। पिछले दिनों अमेरिका के न्याय विभाग ने अपने आरोपपत्र में गुजरात की जेल में बंद कुख्यात अपराधी लॉरेंस बिश्नोई पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। जाहिर है कि जेल कर्मियों की लापरवाही या फिर मिलीभगत के बिना यह सब संभव नहीं हो सकता। ऐसे में यह सवाल महत्त्वपूर्ण है कि क्या एक ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करने की जरूरत नहीं है, जिससे कैदियों को किसी भी दशा में संचार की सुविधाएं हासिल न हों। तिहाड़ जेल जैसे अति सुरक्षित और आधुनिक कारागार में भी अगर कोई कैदी कई राज्यों में अवैध हथियारों की तस्करी में संलिप्त हो, तो समझा जा सकता है कि हमारे सुरक्षा तंत्र में किस तरह की खामियां हैं। जब तक जेलों में सुरक्षा और सतर्कता के मानकों पर कड़ाई से अमल नहीं होगा, तब तक इस तरह की आपराधिक गतिविधियों पर पूर्ण रूप से अंकुश नहीं लग पाएगा।

## सुविचार

शहद जैसे मीठे लोग ही अक्सर मधुमक्खी
की तरह चुपचाप डंक मार जाते हैं ।

**– एच.एल. खुशाल, इंदौर**

कल के लिए, सबसे अच्छी तैयारी यही है कि.,
हम आज अच्छे कर्म करे और सब अच्छा ही करो... !

**– ताहिर अली, भोपाल**

पैसा सिर्फ वहीं कर सकता है! जो 'संभव' है!
प्रार्थनाएं वह कर सकती हैं, जो 'असंभव' है!

**– अनीता शास्त्री, बेंगलुरू**

किसी में कमी दिखाई दे तो उसे समझाइए ...
यदि सभी में कमी दिखाई दे तो खुद को समझाइए...

**–डॉ. आरती दुबे, इन्दौर**

सही रास्ते पर चलना थोड़ा मुश्किल है, पर उस
रास्ते पर आपको क़ोई गिरा नहीं सकता।

**– सावित्री महंत, उज्जैन**

मतलब ना हो तो लोग बोलना तो दूर देखना भी छोड़ देते है,
इसलिए अपेक्षा सिर्फ खुद से रखिये।

**– राशि परिहार**

## बरखा रानी आई

ओ री आई मेरे अंगना में,
बरखा रानी आई।
बरखा रानी आयी वो तो झूम झूम आई।
गाओ रे मल्हार गीत सखियाँ सब आओ,
झूला डलिया है सावन ऋतुओं में तुम आओ।
आओ जी आओ मेरे अंगना में आओ।
ओ री आई मेरे अंगना में बरखा रानी आई
पानी तो आवे संग ककड़ी भुट्टा लावे,
दादी नानी सब है अंगना में गावे ।
मोर बोले संग पपीहा भी बोले,
सावन की ऋतु में सब डोले।
मौसम प्यारा लागे मनवा ने भावे,
कलरव करता सब पंछी भी डोले ।
ऋतु है सुहानी मनभावन या प्यारी,
उड़ उड़ हरी चुनर लागे है न्यारी ।
ओ री आई मेरे अंगना में बरखा रानी आई
कली फूल आपस में बात करें है ।
हम तो मिले आज कल ना मिलेंगे,
जी भर के खिल जाये संग हम रहेंगे ।
पाठ सुहाना वो तो सबको सिखाये,
जीवन के चार दिन हँस के बिताये
अंगना की बरखा रानी लौट फिर आओ ।
मीठे मीठे सपनों में मन को बहलाओ
ओ री आई मेरे अंगना में बरखा रानी आई

दैनिक विनय उजाला

– श्रीमती संतोष तोषनीवाल
इंदौर



## विशेष सम-सामयिक

डब्ल्यूडीएमएमए खुद अपनी साइट पर इसे इसे मनोरंजक तथा सूचनात्मक संदर्भ तक सीमित रखने की चेतावनी देते हुए कहता है कि वह आधुनिक सैन्य वायु सेवाओं की ताकत को एक व्यापक दृष्टि देता है और वर्तमान शक्तियों तथा अंतर्निहित कमजोरियां को ट्रैक करता है, लेकिन इसे हथियार-प्रणाली के व्यौहारिक उपयोग या आधिकारिक ऑपरेशनल निष्कर्ष के रूप में नहीं पढ़ना चाहिए।

### वैश्विक वायुसेना रैंकिंग

# चीन पर भारी है भारत



**– संजय श्रीवास्तव**
**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार और विज्ञान व तकनीकी विषयों के जानकार हैं )**
**इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर**



वर्ल्ड डायरेक्टरी ऑफ मॉडर्न मिलिट्री एयरक्राफ्ट की ताजा रिपोर्ट बताती है कि भारतीय वायुसेना कम विमानों के बावजूद चीनी वायुसेना से ताकत तथा प्रभावशीलता में आगे है। यह उत्साहवर्धक रिपोर्ट कुछ और भी आंकड़े देती है, इसे समग्रता में कैसे पढ़ा जाना चाहिए और इसके संकेतों से क्या सीख लेनी चाहिए ?,

वर्ल्ड डायरेक्टरी ऑफ मॉडर्न मिलिट्री एयरक्राफ्ट यानी डब्ल्यूडीएमएमए 2026 की रिपोर्ट उत्साहवर्धक है। हालांकि पिछले साल भी इसकी रिपोर्ट में भारत की रैंकिंग यही थी। 2024 में चीन तीसरे स्थान पर था और भारत चैथे स्थान पर लेकिन एशिया के सामरिक संतुलन में बदलाव के साथ 2025 में भारत ने बाजी मार ली। डब्ल्यूडीएमएमए की हालिया रिपोर्ट ने एक बार फिर दर्शाया कि स्वतंत्र वायुसेना के रूप में भारतीय वायुसेना लगातार दुनिया की तीसरी सबसे शक्तिशाली वायुसेना बनी हुई है। इस साल डब्ल्यूडीएमएमए ने अपनी रैंकिंग का प्रारूप बदला है, इसके चलते असल में भारतीय वायुसेना छठे स्थान पर है पर शुरुआती दो पायदान पर अमेरिका के एयरफोर्स और नेवी काबिज है। फिर तीसरे नंबर पर रूस की वायुसेना तथा फिर चैथे और पांचवें नंबर पर अमेरिका की ही थल सेना और अमेरिकी मरीन सेना का कब्जा है। इस तरह से देखें तो छठे नंबर पर होने के बावजूद भारतीय वायुसेना अमेरिका और रूस के बाद जिसके नजदीक तक किसी दूसरे देश का पहुंचना नामुमकिन मालूम होता है, भारत ही है। महत्वपूर्ण तथ्य यह कि चीनी वायुसेना सातवें स्थान पर है, एक बार फिर और लगातार दूसरे साल भारत से पीछे। संभवत: इसीलिए इस बार पिछले साल की रिपोर्ट से ज्यादा चर्चा इस बार हो रही है।

चर्चा की बड़ी वजह यह भी है कि पिछले कुछ महीनों से मीडिया में इस बाबत कई रिपोर्ट छपीं कि भारत के पास विमानों की, स्क्वाड्रन की संख्या आवश्यकता से कम है, भारतीय वायुसेना के पास वर्तमान में स्वीकृत 42 स्क्वाड्रन के मुकाबले केवल 29 लड़ाकू स्क्वाड्रन हैं। बहुत से विमान बूढ़े होते जा रहे हैं। खरीदारी और आपूर्ति में देरी के चलते इन विमानों को नई पीढ़ी के लड़ाकू विमानों से बदला नहीं जा पा रहा और देश के भीतर विकसित होने वाले विमानों की खेप मिलने, तैनाती होने में अभी समय लगेगा। भारतीय वायुसेना की हालत बहुत बेहतर नहीं है। ऐसे में यदि युद्ध जैसी आशंका बन जाएं, तो हमारे सामने कठिनाइयां पेश आयेंगी और यदि युद्ध दो मोर्चों पर हो जिसमें चीन भी परोक्षत: शामिल हो तो वायुसेना के लिये स्थिति विकट होगी। इस रिपोर्ट में चीनी वायुसेना के पास कार्यरत जंगी जहाजी बेड़ों की भारी भरकम संख्या और टेक्निकल अपग्रेडेशन का भी जिक्र किया गया है। मगर संख्या बल में चीन से आधी से भी कम होने के बावजूद भारतीय वायुसेना की रैंकिग का चीन से बेहतर होना, इन आकलनों को धता बताता है। रिपोर्ट के निष्कर्षों के आधार पर उत्साहित मीडिया ने इस तरह के आकलन भी पेश किये हैं कि यदि युद्ध की स्थिति आ जाए तो फिलहाल भारत चीन पर हावी रहेगा। पर क्या सचमुच में ऐसा है? शायद इस सवाल का जवाब सीधा नहीं है, क्योंकि युद्ध बहुआयामी होता है। रिपोर्ट की रैंकिंग पर हम भले उत्साहित हों और चीनी रक्षा विश्लेषक इस रैंकिंग को पूरी तरह खारिज करते हों, मगर हमें कुछ अन्य तथ्यों को भी दृष्टिगत रखना होगा। क्योंकि सामान्यत: वर्ल्ड डायरेक्टरी ऑफ मॉडर्न मिलिट्री एयरक्राफ्ट की रैंकिंग को इंटरनेशनल इंस्टीर्टूट फोर स्ट्रेटजिक स्टडीज, रायल युनाइटेड सर्विस इंस्टीर्टूट, सेंटर फोर स्ट्रेट्जिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज जैसे बड़े थिंक टैंकों, सीपरी अथवा जेंस डिफेंस जैसी संस्थागत पत्रिकाओं या रक्षा मंत्रालयों की औपचारिक मान्यता प्राप्त, आधिकारिक रक्षा-आकलन सूची में शामिल नहीं किया जाता। डब्ल्यूडीएमएमए खुद अपनी साइट पर इसे इसे मनोरंजक तथा सूचनात्मक संदर्भ तक सीमित रखने की चेतावनी देते हुए कहता है कि वह आधुनिक सैन्य वायु सेवाओं की ताकत को एक व्यापक दृष्टि देता है और वर्तमान शक्तियों तथा अंतर्निहित कमजोरियां को ट्रैक करता है, लेकिन इसे हथियार-प्रणाली के व्यौहारिक उपयोग या आधिकारिक ऑपरेशनल निष्कर्ष के रूप में नहीं पढ़ना चाहिए। कई पश्चिमी और चीनी थिंक-टैंक इस आधार पर इसकी आलोचना करते हैं; क्योंकि यह पूरी तरह से गुप्त सैन्य डेटा या क्लासीफाइड आंकड़ों तक पहुंच नहीं रखता और ओपन-सोर्स इनपुट्स पर निर्भर करता है। पर इस सबके बावजूद वर्ल्ड डायरेक्टरी ऑफ मॉडर्न मिलिट्री एयरक्राफ्ट की रैंकिंग को ओपन-सोर्स इंटेलिजेंस और तमाम सैन्य एवं रक्षा विश्लेषकों के बीच काफी प्रतिष्ठित, सराहनीय और व्यौहारिक इंडेक्स माना जाता है; क्योंकि यह 'क्वांटिटी' यानी संख्या की बजाय 'क्वालिटी' अथवा गुणवत्ता और प्रभावशीलता पर ध्यान केंद्रित करता है। यह कागजी संख्या के बजाय वास्तविक युद्धक क्षमता बताता है। इसका विमानन डेटाबेस भी व्यापक माना जाता है। भले ही इसकी रैंकिंग स्वामित्व वाले एल्गोरिद्म पर आधारित है, जिसकी पूरी गणना सार्वजनिक नहीं है, इसे आधिकारिक सैन्य आकलन का विकल्प नहीं माना जाए फिर भी रक्षा विश्लेषकों द्वारा उपयोगी विश्लेषणात्मक संकेतक और संदर्भ के रूप में उपयोग अक्सर किया जाता है। ऐसे में डब्ल्यूडीएमएमए की ताजा रिपोर्ट को गंभीरता से लिया जाना चाहिए,क्योंकि भारतीय वायुसेना के बारे में उसके आकलन वाकई तार्किक और बहुत सटीक हैं।

वायुसेना में केवल लड़ाकू विमान और उनकी संख्या ही नहीं बल्कि लॉजिस्टिक्स या परिवहन, हेलीकॉप्टर, रीफ्यूलर्स और अवाक्स अथवा हवाई चेतावनी प्रणाली जैसे 'फोर्स मल्टीप्लायर्स' का सही अनुपात आवश्यक है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत का फ्लीट चीन के मुकाबले अधिक संतुलित है। किसी वायुसेना की युद्धक क्षमता बनाए रखने, युद्ध के समय विमानों को लगातार उड़ान भरने के लिए कलपुर्जों की उपलब्धता और उनके रख-रखाव, कठिन परिस्थितियों में आपूर्ति श्रृंखला को बनाए रखने की क्षमता महत्व रखती है। भारत इस मामले में भी चीन से आगे है। जहां तक विमानों की वास्तविक मारक क्षमता, तकनीकी विविधता और युद्ध का व्यौहारिक अनुभव का प्रश्न है, भारतीय वायुसेना के पास पश्चिमी देशों के फ्रांसीसी रफाल, मिराज-2000, रूसी सुखोई 30 एमकेआई, मिग-29 और स्वदेशी तेजस, तकनीकों का इसे बहुमुखी बनाने में समर्थ संयोजन है, चीन काफी हद तक अपनी स्वदेशी री-इंजीनियरिंग और रूसी डिजाइन पर निर्भर है, जिसकी वास्तविक युद्ध प्रभावशीलता अभी पूरी तरह परीक्षित नहीं है। चीन ने 1950 के बाद कोई वास्तविक जंग नहीं लड़ी, जबकि भारतीय वायुसेना के पास दो पूर्ण युद्ध और कई सैन्य ऑपरेशन का तजुर्बा है। बेड़े में शामिल तकनीकों का आधुनिक स्तर और स्वदेशी रक्षा उत्पादन की क्षमता में भारत पीछे नहीं है। ऊंचाई पर हवा का घनत्व होने के चलते चीनी लड़ाकू विमान अपनी पूरी क्षमता के साथ भारी मात्रा में हथियार और ईंधन लेकर उड़ान नहीं भर सकते। जबकि भारतीय विमान अपनी फुल पेलोड क्षमता के साथ उड़ान भर सकते हैं। इसके अलावा भारत को ब्रह्मोस और अस्त्र जैसे बेहतर मिसाइल तकनीक, लड़ाकू पायलटों की उच्च स्तरीय ट्रेनिंग चीन के 'पायलट-टू-एयरक्राफ्ट रेशियो' और ट्रेनिंग के मुकाबले में बढ़त देती है।

हालांकि चीन का नेवल एविएशन रैंक 15 है और हमारा 27, जबकि चीन की आर्मी एविएशन रैंक 35 और भारत की 36। नेवल और आर्मी एविएशन में चीन की बढ़त का समग्र प्रभाव निस्संदेह अधिक है। रिपोर्ट में देश का गुणवत्ता आधारित मूल्यांकन में चीन से आगे आना अत्यधिक उत्साहवर्धक और मनोबल बढ़ाने वाला है, खासतौर पर तब, जब हम कई बरसों से शीर्ष के देशों में बने हुए हैं। यह वैश्विक स्तर पर इस बात को स्थापित करता है कि भारतीय वायुसेना की प्लानिंग, उसकी ट्रेनिंग और उसका लॉजिस्टिक ढांचा दुनिया के सर्वश्रेष्ठ देशों में शुमार है। पर भारत केवल अपनी 'रणनीतिक और गुणात्मक बढ़त' के भरोसे हमेशा नहीं बैठ सकता। यदि समय रहते स्क्वाड्रनों की घटती संख्या को नए विमानों से नहीं भरा गया तो चीन की विशाल संख्यात्मक ताकत लंबे समय के युद्ध में इस गुणात्मक बढ़त को कम कर सकती है।

# ई-गवर्नेंस

संसद की कार्यवाहीकिसी भी लोकतांत्रिक देश की नीतियों, कानूनों और जनहित के मुद्दों पर होने वाली औपचारिक चर्चा और निर्णय प्रक्रिया होती है। संसद में होने वाली गतिविधियों को 'कार्यवाही' कहा जाता है। भारत में यह कार्यवाही मुख्यत: लोकसभा और राज्यसभा में संपन्न होती हैजिसमें शामिल हैं:

- प्रश्नकाल (Question Hour)
- शून्यकाल (Zero Hour)
- विधेयकों (Bills) पर चर्चा
- नीतिगत बहस
- सरकारी निर्णयों की समीक्षा

इन सभी प्रक्रियाओं के माध्यम से देश के महत्वपूर्ण मुद्दों पर निर्णय लिए जाते हैं।

### हिंदी भाषा की भूमिका

भारत की संसद में हिंदी का प्रयोग लगातार बढ़ा है।

- अनेक सांसद हिंदी में अपने विचार व्यक्त करते हैं
- सरकारी दस्तावेज़ और बहसों के अनुवाद हिंदी में उपलब्ध होते हैं
- टीवी और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर हिंदी में लाइव प्रसारण किया जाता है

इससे आम जनता, विशेषकर हिंदी भाषी वर्ग, संसद की कार्यवाही को आसानी से समझ पाता है। हिंदी एकराजनीतिक और प्रशासनिक भाषाके रूप में स्थापित होती है। यह हिंदी के वैश्वीकरण में एक महत्वपूर्ण योगदान है।

### चुनौतियाँ

- कई बार तकनीकी शब्दावली कठिन होती है
- अंग्रेज़ी और हिंदी के मिश्रण (हिंग्लिश) का प्रयोग बढ़ रहा है
- सभी दर्शकों के लिए सरल भाषा में प्रस्तुति की आवश्यकता है

संसद की कार्यवाही हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार का एक सशक्त माध्यम है। डिजिटल युग में इसकी पहुँच वैश्विक हो चुकी है, जिससे हिंदी न केवल आम जनता की भाषा बनी है, बल्किलोकतांत्रिक संवाद की अंतरराष्ट्रीय भाषाके रूप में भी उभर रही है।



दैनिक विनय उजाला

**डॉ. राखी परम सावलानी**
**शोधकर्ता, विचारक,रचनाकार**
**( इंदौर-मुंबई )**

### वैश्विक स्तर पर प्रभाव

जब भारत की संसदकी कार्यवाही हिंदी में प्रस्तुत होती है, तो इसका प्रभाव केवल देश तक सीमित नहीं रहता, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी व्यापक रूप से दिखाई देता है। इसे निम्न बिंदुओं के माध्यम से विस्तार से समझा जा सकता है।

**1. विदेशी शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों के लिए अध्ययन का माध्यम**
विश्व के अनेक विश्वविद्यालयोंजैसे Harvard University, University of O&fordमें भारतीय राजनीति, लोकतंत्र और समाज पर शोध किया जाता है ।जब संसद की कार्यवाही हिंदी में उपलब्ध होती है, तो शोधकर्तामूल स्रोत (primary source) के रूप में इन बहसों का अध्ययन करते हैं ।वे केवल अनुवाद पर निर्भर नहीं रहते, बल्कि सीधे हिंदी में विचारों की गहराई को समझते हैं। इसका प्रभाव यह है कि हिंदी एकशोध और अकादमिक अध्ययन की भाषाके रूप में प्रतिष्ठित होती है।

**2. हिंदी का राजनीतिक और प्रशासनिक भाषा के रूप में विकास**
संसद की कार्यवाही में प्रयुक्त हिंदी केवल सामान्य बोलचाल की नहीं होती, बल्कि उसमेंविधिक, प्रशासनिकऔर नीतिगतशब्दावली शामिल होती है ।जब यह सामग्री वैश्विक मंच पर पहुँचती है, तो विदेशी विश्लेषक भारतीय शासन प्रणाली को हिंदी के माध्यम से समझते हैं, हिंदी एकऔपचारिक और सशक्त शासन-भाषाके रूप में उभरती है।

**3. भारतीय लोकतंत्र की पारदर्शिता का वैश्विक प्रदर्शन**
डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर संसद की कार्यवाही का हिंदी में सीधा प्रसारण यह दर्शाता है कि भारत का लोकतंत्र खुला (transparent) है, आम जनता अपनी भाषा में शासन की प्रक्रियाओं को देख और समझ सकती है ।विदेशी दर्शकों के लिए यह एकलोकतांत्रिक आदर्श (democratic model) प्रस्तुत करता है।

**4. प्रवासी भारतीयोंके लिए जुड़ाव**
दुनिया के विभिन्न देशों में बसे भारतीय (NRIs) हिंदी के माध्यम से संसद की कार्यवाही को समझ पाते हैं ।इससे उनका अपने देश की राजनीति और नीतियों से जुड़ाव बना रहता है ।वे हिंदी भाषा के साथ अपनी सांस्कृतिक पहचान को भी बनाए रखते हैं ।इसकाप्रभावयहहैकिहिंदी एकवैश्विक भारतीय समुदायको जोड़ने वाली भाषा बन जाती है।

**5. डिजिटल युग में भाषा का प्रसार**
आज संसद की कार्यवाही लाइव स्ट्रीमिंग, यूट्यूब वीडियो, डिजिटल आर्काइवके रूप में उपलब्ध है ।इससे कोई भी विदेशी नागरिक हिंदी में भारत की नीतियों और बहसों को सुन सकता है। इसका प्रभाव यह है कि हिंदी 'डिजिटल गवर्नेंस' की भाषा के रूप में उभरती है।

**6. सॉफ्ट पावरके रूप में हिंदी**
जब एक देश अपनी भाषा में शासन और लोकतंत्र को संचालित करता है और उसे विश्व के सामने प्रस्तुत करता है, तो वह उसकीसांस्कृतिक शक्ति (soft power) को दर्शाता है ।हिंदी में संसद की कार्यवाहीभारत की भाषाई आत्मनिर्भरता को प्रदर्शित करती है ।वैश्विक स्तर पर हिंदी के सम्मान और प्रभाव को बढ़ाती है ।संसद की कार्यवाही का हिंदी में प्रस्तुतीकरण केवल भाषा का प्रयोग नहीं, बल्किशोध, प्रशासन, लोकतंत्र और सांस्कृतिक पहचानका वैश्विक विस्तार है ।यह प्रक्रिया हिंदी को एकअंतरराष्ट्रीय, प्रभावशाली और ज्ञान-आधारित भाषाके रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

## माँ कुछ उदास है?

आज माँ कुछ उदास है ?
जरूर कोई बात खास है।
कमरे में अकेली बैठी है ।
नहीं कोई आस-पास है।।
सामने टी.वी. चल रही है
बाढ़ पीड़ितों को देख रही है
अहा कैसा भयंकर दृश्य है?
निर्दोषों की जान जा रही है।
सर्वत्र पानी की बेबस कहानी
गांव ,खेत ,जंगल डूबे पानी
लोग खड़े- खड़े चीख रहे हैं
बस ,बचने की दुआ कर रहे हैं।
लोग ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं
आसमान की ओर ताक रहे हैं ।
शायद सरकार कुछ तो सुन ले।।
पीड़ित मदद को हाथ बढ़ा रहे हैं।।
लोग भूख प्यास से चिल्ला रहे है
कुछ अपने परिजन को ढूंढ रहे हैं
कुछ बच्चे तो रोते-रोते ही सो गए
कुछ बच्चे भूख से बिलख रहे हैं।
विधाता की कैसी विडंबना है?
झमाझम बरस रहा है पानी।
सर्वत्र दीखे पानी -पानी-पानी।
पर पीने को नहीं है शुद्ध पानी।
कैसा मच रहा है हाहाकार?
ईश्वर सुन ले उनकी पुकार।
गरीबों पर कुछ तो रहम कर।
नहीं सहन होता अब चीत्कार।
हर साल ये बारिश होती है।
पर सरकार ध्यान नहीं देती ।
चुनाव की जब बारी आती है।
ऊँचे -ऊँचे वादे हमेशा करती।।
सरकार बनते ही वादे भूल जाते,
बस निज स्वार्थ में ही डूब जाते।
अपने ऊँचे-ऊँचे महल खड़े करते।
अपने भाई- भतीजों की सुनते हैं।
आखिर उदास माँ उठती है,
वह पूजा घर में घुसती है।
ईश्वर से प्रार्थना करती है।
आँखों से अश्रु गिराती है।
मुझे अपनी नहीं ,देश की है चिन्ता।
इन बेघर ,गरीब लोगों की है चिन्ता ।।
अब समझ आया माँ क्यों उदास है?
सारे जहाँ का दुःख उसके पास है।।

दैनिक विनय उजाला

**आशा जाकड़ 'आस'**



# न्याय से नहीं, ताकतवर देशों की मर्जी से चल रही है दुनिया

लोकमित्र गौतम

इस समय दुनियाभर में छिंड़े छोटे-बड़े युद्धों, सशस्त्र संघर्षों, गृहयुद्धों, विद्रोहों आदि सबको मिला लिया जाए, तो दुनिया में करीब 130 से 150 तक छोटे-बड़े युद्ध चल रहे हैं। करीब 12.5 करोड़ लोग इन युद्धों से सीधे पीड़ित हैं और करीब 20.5 करोड़ लोग ऐसे इलाकों में रह रहे हैं, जहां सशस्त्र समूहों का कब्जा या नियंत्रण है। इस सबके कारण अकेले 2025 में ही 2.4 लाख लोग मारे गये थे और अगर इस भारी खून-खराबे के आर्थिक नुकसान का आंकलन किया जाए तो इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस के मुताबिक साल 2025 में इस हिंसा की आर्थिक क्षति 21.8 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर थी, जो कि पूरी दुनिया के कुल जीडीपी का 10.5 फीसदी था। अगर पूरी दुनिया के प्रतिव्यक्ति औसतन इसका बोझ देखा जाए तो लगभग 2650 अमरीकी डॉलर बैठता है। इस मोटा-मोटी तस्वीर से समझा जा सकता है कि भले 1945 के बाद से आजतक कोई तीसरा विश्वयुद्ध न हुआ हो, लेकिन बिना तीसरे विश्वयुद्ध के नाम पर भी दुनिया हर समय उससे बड़े खून-खराबे से दोचार रहती है और इसका एकमात्र कारण यह है कि यूं तो वैश्विक न्याय की बात करने वाले कई संगठन और कई संस्थाएं हैं, राष्ट्र संघ जैसा वैश्विक संगठन है, जो दूसरे विश्व युद्ध के बाद से ऐसे युद्धों को रोकने के लिए ही बनाया गया था। लेकिन कागजों में न्याय, समता, बराबरी और किसी देश के साथ अन्याय न होने की चाहे जितनी बड़ी-बड़ी बातें की जाती हों, व्यौहारिक सच्चाई यही है कि न्याय सिर्फ उसी के लिए है, जो ताकतवर है और न्याय को अपने हक में छीन सकता है।

वास्तव में इसी पूरे संदर्भ को देखते हुए अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस का महत्व बढ़ जाता है, जो हर वर्ष 17 जुलाई को मनाया जाता है। 17 जुलाई 1998 को यह इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट के 'स्टैचूट' यानी अधिनियम या कानूनी संहिता की वर्षगांठ के रूप में मनाया जाता है। वास्तव में इसी मान्यता के आधार पर दुनिया का पहला स्थायी अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय अस्तित्व में आया, जिसका उद्देश्य नरसंहार, युद्ध अपराध, मानवता के विरूद्ध अपराध, आक्रामकता या दादागीरी जैसे गंभीर अपराधों के दोषी देशों और उनके जिम्मेदार नेताओं को न्याय के कटघरे में खड़ा करना है। लेकिन ये सब बातें हैं, हकीकत में ऐसा कुछ नहीं है। अगर हकीकत में यह होता तो इस समय अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के कटघरे में सबसे पहले अमरीका, फिर इजरायल, रूस और ऐसे ही दर्जनों देश खड़े होते, जिनके लिए न्याय का मतलब है, उनकी अपनी मर्जी, उनकी अपनी दादागीरी। इन्हें न तो दुनिया के किसी आपराधिक न्यायालय की चिंता है और न ही उसका कोई डर है। अगर ऐसा कोई डर होता तो पूरी दुनिया की गुहार और चिरौरी के बाद भी इजरायल हजारों मासूम बच्चों की बेरहमी से गाजा में हत्या न करता।

मगर ऐसा नहीं हुआ। दुनियाभर के देश इजरायल से गाजा के मासूम बच्चों पर गोला-बारूद न बरसाने की गुहार लगाते रहे। लेकिन उसने कभी किसी की नहीं सुनी। क्योंकि उसे पता है कि तमाम देश उससे सिर्फ चिरौरी ही कर सकते हैं, कोई उसे आगे बढ़कर इस सबके लिए रोक नहीं सकता। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि वास्तव में अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस की कितनी प्रासंगिकता है, बावजूद इसके कि पूरी दुनिया में कत्लेआम, अंधेरगर्दी और मनमानी हो रही है और लाखों नहीं, करोड़ों लोग न्याय की उम्मीद लगाये बैठे हैं, लेकिन न्याय कहीं से उनको मिलता नहीं लग रहा। वास्तव में नरसंहार, युद्ध, अपराध ये सब मानवता के विरूद्ध अपराध माने जाते हैं। ये अपराध पूरी मानव सभ्यता के खिलाफ होते हैं, इसलिए इन्हें रोकने और वैश्विक न्याय व्यवस्था के दायरे में इन समस्याओं के हल के लिए सोचा गया था। लेकिन व्यवहार में सच्चाई यही है कि जिस देश के पास ताकत है, दुनिया में उसी का कानून चलता है। आज दुनिया के अनेक हिस्सों में युद्ध, गृहयुद्ध, जातीय हिंसा और आतंकवादी संघर्ष चल रहे हैं। लाखों लोग विस्थापित हो रहे हैं। हर दिन सैकड़ों लोग मारे जाते हैं। अस्पताल, स्कूल, धार्मिक स्थल और राहत शिविर तक इस हिंसा से सुरक्षित नहीं हैं। साथ ही इन सभी युद्धों, संघर्षों, मनमानियों की जांच की मांग उठती है, न्याय की गुहार लगायी जाती है, लेकिन अव्वल तो पीड़ितों को न्याय मिल नहीं रहा और जो थोड़ा बहुत मिलता भी है, वह वर्षों की लंबी लड़ाई के बाद मिलता है, तब शायद कोई अर्थ नहीं रह जाता।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि युद्ध क्षेत्र में साक्ष्य जुटाना बेहद कठिन होता है। गवाह भयभीत रहते हैं और कई बार घटनास्थल पूरी तरह से नष्ट हो चुके होते हैं। साथ ही अभियुक्त किसी ऐसे देश में होते हैं, जो उन्हें सौंपने से इंकार कर देते हैं। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के पास हाथ मलने के सिवाय और कुछ नहीं बचता, क्योंकि उसके पास अपनी न तो पुलिस है, न सेना। उसे अंतर्राष्ट्रीय न्याय व्यवस्था कायम करने के लिए सदस्य देशों की सेना और उनके संसाधनों पर भी निर्भर रहना पड़ता है। ऐसे में भला ईमानदारी से न्याय मिलना कहां संभव है। दरअसल न्याय सबसे ज्यादा मात ही इसी बात पर खाता है कि उसे जिन देशों के विरूद्ध कार्यवाई करनी होती है, कार्यवाई करने की ताकत भी उन्हीं देशों से मांगनी पड़ती है। ..तो क्या भला ऐसे देश, ऐसी ताकत देंगे? हालांकि पिछले वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय न्याय व्यवस्था ने कई ऐतिहासिक मुकदमें चलाये हैं।

भाजपा नेताओं ने किया विपक्ष पर हमला

# देवी-देवताओं का अपमान करने जर्जिस जैसे मौलवियों को पालता है विपक्ष

## मौलाना जर्जिस अंसारी ने दावा किया कि भगवान श्रीकृष्ण मुस्लिम थे...

नई दिल्ली, एजेंसी

**मौलाना जर्जिस अंसारी ने भगवान श्रीकृष्ण को लेकर अत्यंत ओछा और आपत्तिजनक बयान दिया है। एक वायरल वीडियो में मौलाना जर्जिस अंसारी ने दावा किया कि भगवान श्रीकृष्ण मुस्लिम थे और वे दीन (इस्लाम) का प्रचार करते थे। इतना ही नहीं, उन्होंने श्री कृष्ण को पांच वक्त का नमाजी भी बता दिया। इस बयान के बाद भाजपा-एनडीए नेताओं ने कड़ी आपत्ति जताते हुए विपक्ष पर जोरदार निशाना साधा है और मौलाना पर कार्रवाई की मांग की है।**



श्रीकृष्ण को बताया पांच वक्त का नमाजी

शिवसेना के प्रवक्ता संजय निरुपम ने कहा कि एक मौलाना ने अचानक दावा किया है कि भगवान श्री कृष्ण मुस्लिम थे। मैं उस मौलाना से कहना चाहता हूं कि जब इस्लाम का जन्म भी नहीं हुआ था, तब भगवान श्री कृष्ण अपनी शिक्षाएं दे रहे थे। उनकी दिव्य शक्ति को पूरे आर्यावर्त में पूजा जाता था और लोग उनके सामने नतमस्तक होते थे।

भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि वह यह बात किसे समझाने की कोशिश कर रहे हैं? क्या वह हिंदुओं से बात कर रहे हैं या मुसलमानों से? अगर वह हिंदुओं से बात कर रहे हैं, तो चिंता की कोई बात नहीं है क्योंकि हिंदू पहले से ही भगवान कृष्ण की पूजा करते हैं। राधा-कृष्ण का जाप हिंदुओं की ओर से किया जाता है।

श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले के याचिकाकर्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि यह बहुत निंदनीय और बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्हें तुरंत सनातन समुदाय और हिंदू समुदाय से माफी मांगनी चाहिए। ऐसे बयान देकर वे हमारी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा रहे हैं और सनातन धर्म का अपमान कर रहे हैं। इस्लाम लगभग 1,400 साल पहले आया था जबकि भगवान कृष्ण 5,000 साल से भी पहले हुए थे। तो वे किस तरह की बातें कर रहे हैं? क्या वे अपना होश खो बैठे हैं?

भाजपा नेता मोहसिन रजा ने कहा कि हम भी उनकी बातों का विरोध करते हैं। इस बात की जांच होनी चाहिए कि यह व्यक्ति किस संगठन से जुड़ा है। विपक्षी पार्टियां, खासकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस, ऐसे मौलवियों को अपने साथ रखती हैं ताकि वे हमारे देवी-देवताओं का अपमान कर सकें और सनातन संस्कृति पर हमला कर सकें। ऐसे गैर-जिम्मेदार मौलवियों को धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने की इजाजत दी जा रही है। मोहसिन रजा ने कहा कि सपा के मुखिया अखिलेश यादव के जनपद से ही यह मौलवी आता है, इसकी जांच होनी चाहिए। विपक्ष ऐसे मौलवी को पालता है जो हमारे देवी-देवताओं का अपमान करें।

ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के जनरल सेक्रेटरी मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि इस तरह के मौलाना सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए ऐसी हरकतें करते हैं। फैसला करने के लिए अपनी बुद्धि का इस्तेमाल करें, किताबों का नहीं। हिंदू धर्म 1000 साल पुराना है। इस्लाम धर्म 1400 साल पुराना है। आप यह कैसे कह सकते हैं कि श्रीकृष्ण दिन में पांच बार नमाज़ पढ़ते थे? क्या आप उनकी नमाज़ की अगुवाई कर रहे थे? क्या आप उन्हें चुपके से नमाज़ पढ़ते हुए देख रहे थे? मौलाना जैसे लोग इस्लाम को बदनाम करते हैं; ऐसे मौलवी पर सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए। ये लोग सस्ती लोकप्रियता के लिए ऐसे बयान देते हैं।

### इनके खिलाफ की जानी चाहिए कार्रवाई : बंसल

मौलाना जर्जिस अंसारी के विवादित बयान और हैदराबाद के एक स्कूल में कथितकलमा' विवाद मामले पर विहिप नेता विनोद बंसल ने कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई है। विनोद बंसल ने



कहा कि यह मामला कोई नया नहीं है। इससे पहले मौलाना अरशद मदनी की ओर से दिल्ली की एक सभा भगवान शंकर को लेकर बातें की गई थीं। मौलाना जर्जिस जैसे लोगों को शर्म नहीं आती। ऐसे लोग बेहुदी बातें करने से बाज नहीं आते। शासन-प्रशासन को इनके लिए और इंतजाम करना पड़ेगा। इन लोगों की ओर से जिस तरह से हिंदू आस्था और विश्वास के साथ आघात किया जा रहा है, यह ठीक नहीं है। अगर इनके किसी के बारे में कोई कुछ कह दे तोसर तन से जुदा' की गैंग खड़ी हो जाती है और इनकी ओर से हमारे आराध्य देवों के बारे में ऐसी टिप्पणियां की जाती हैं, यह अस्वीकार्य है। इनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

### सनातन संस्कृति पर टिप्पणी बर्दाश्त नहीं

अयोध्या के तपस्वी छावनी के पीठाधीश्वर जगद्गुरु परमहंस आचार्य ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है।



उन्होंने कहा यह बयान तथ्यहीन, साक्ष्यहीन, अमानवीय और देश में अशांति फैलाने वाला है। भगवान श्रीकृष्ण लीला पुरुषोत्तम और साक्षात परमात्मा हैं। नमाज को लेकर जो बातें कही जा रही हैं, वह भारतीय संस्कृति के विपरीत हैं। संत धर्मदास महाराज ने कहा कि यह उनके ज्ञान की कमी को दर्शाता है। सनातन संस्कृति बहुत प्राचीन है। मुस्लिम, बौद्ध और ईसाई धर्मों का इतिहास बाद का है।

**सस्ती लोकप्रियता के लिए न करें ऐसी बातें : पांडेय...** उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री और समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता पवन पांडे ने इसे सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए की गई हरकत बताया है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने धर्म और आस्था की सीमाओं में रहना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### शिवकुमार की 'जेल' वाली टिप्पणी पर जोशी का पलटवार

**बेंगलुरु, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गुरुवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके. शिवकुमार के जेल भेजे जाने वाले हालिया बयानों पर पलटवार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री प्रस्तावित 'बिदादी टाउनशिप प्रोजेक्ट' से



जुड़े विवाद के बीच जनता की सहानुभूति हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बुधवार को कहा कि जेल जाना मेरे लिए कोई नई बात नहीं है, और कुछ लोग यह पचा नहीं पा रहे हैं कि मैं मुख्यमंत्री बन गया हूं। जोशी ने कहा कि डीके शिवकुमार को कोई जेल नहीं भेजेगा। अगर वह किसी गलत काम या भ्रष्टाचार के कारण जेल जाते हैं, तो कोई उन्हें रोक नहीं सकता। वह अब जेल की बात क्यों कर रहे हैं? क्या आपने कुछ गलत किया है? यह सहानुभूति पाने की कोशिश लगती है। मुख्यमंत्री को याद रखना चाहिए कि वह कोई तानाशाह या राजा नहीं हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री होने से कोई तानाशाह या राज्य का राजा नहीं बन जाता। उन्हें यह समझना चाहिए और उसी के अनुसार व्यवहार करना चाहिए। साथ ही उन्होंने सीएम शिवकुमार से केंद्रीय मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों का जवाब देने का आग्रह किया। प्रस्तावित टाउनशिप प्रोजेक्ट का जिक्र करते हुए जोशी ने कहा कि राज्य सरकार को किसानों की जमीन जबरदस्ती लेने के बजाय उन्हें मनाना चाहिए।

### महिला आरक्षण बिल का विरोध करने वाले मुंह छिपा रहे : राजभर

**बलिया, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने भरोसा जताया किएक देश, एक चुनाव', महिला आरक्षण और परिसीमन बिल पास हो जाएंगे। साथ ही, उन्होंने जौहर यूनिवर्सिटी, कांवड़ यात्रा की तैयारियों पर भी टिप्पणी की। मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा, मानसून सत्र के दौरानएक देश, एक चुनाव' बिल, महिला आरक्षण बिल और परिसीमन बिल पास हो जाएंगे। जिन सांसदों ने महिला आरक्षण बिल का विरोध किया था, वे अपने चुनाव क्षेत्रों में खुलकर घूम नहीं पा रहे हैं। महिलाएं सांसदों से सवाल कर रही हैं, इसलिए धीरे-धीरे ही सही तैयारी हो गई है। उन्होंने जौहर यूनिवर्सिटी पर बुलडोजर की कार्रवाई को लेकर कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) ने आजम खान को फंसाकर जेल तो भेजवा ही दिया है। सपा ने ऐसा काम किया है कि आजम खान उसी में उलझे रहेंगे। सरकारी जमीन पर बनी बिल्डिंग निश्चित तौर पर गिरेगी। कांवड़ यात्रा को लेकर उन्होंने कहा कि सरकार की पूरी तैयारी है। सरकार कहीं किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न हो इसके लिए कटिबद्ध है।

### एआईएडीएमके ने 11 पदाधिकारियों को संगठन से हटाया

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक (एआईएडीएमके) नेतृत्व ने विल्लुपुरम जिले में गुटबाजी पर कड़ा रुख अपनाते हुए 11 पदाधिकारियों को उनके संगठनात्मक पदों से हटा दिया है। यह कार्रवाई 9 जुलाई को पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक के दौरान दो गुटों के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद की गई है। बताया जा रहा है कि पार्टी महासचिव एडप्पडी के. पलानीस्वामी ने जिला इकाई में अनुशासन बनाए रखने और संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से यह फैसला लिया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, 9 जुलाई को आयोजित कार्यकर्ता बैठक के दौरान वरिष्ठ नेता सी. वे. शन्मुगम और हाल ही में नियुक्त विल्लुपुरम जिला सचिव पसुपति के समर्थकों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई, जो बाद में हिंसक झड़प में बदल गई। आरोप है कि दोनों गुटों के समर्थकों ने एक-दूसरे पर पथराव किया। इस दौरान एक वाहन पर भी पत्थर फेंके गए और कुछ कार्यकर्ताओं ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। घटना के बाद पार्टी नेतृत्व को हस्तक्षेप करना पड़ा। घटना की समीक्षा के बाद पार्टी नेतृत्व ने सी. वे. शन्मुगम समर्थक माने जाने वाले 11 पदाधिकारियों को संगठनात्मक जिम्मेदारियों से हटा दिया। इस कार्रवाई को जिला इकाई में अनुशासन बहाल करने और गुटबाजी पर रोक लगाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, विल्लुपुरम में दोनों गुटों के बीच विवाद विधानसभा चुनाव के बाद से लगातार बना हुआ है। चुनाव में एआईएडीएमके के तीसरे स्थान पर खिसकने के बाद पार्टी के भीतर नेतृत्व और संगठन को लेकर मतभेद उभर आए थे।

### राहुल गांधी के उत्तराखंड दौरे से पहले भाजपा ने याद दिलाए भर्ती घोटाले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तराखंड में 17 जुलाई को प्रस्तावित दौरे से पहले लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा राज्य को पेपर लीक का केंद्र बिंदु बताने पर भारतीय



जनता पार्टी (भाजपा) ने पलटवार किया है। भाजपा ने कहा कि देहरादून आने से पहले राहुल को उत्तराखंड की जनता और युवाओं को सच बताना चाहिए कि भर्ती घोटालों की नींव कांग्रेस के शासनकाल में पड़ी थी।

भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने गुरुवार को एक्स पर कहा कि एनडी तिवारी सरकार (2002-2007) के दौरान दरोगा भर्ती में गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगे, जिनकी जांच सीबीआई तक पहुंची। इसी तरह पटवारी भर्ती में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियों के आरोपों के बाद भर्ती निरस्त करनी पड़ी। हरीश रावत सरकार (2014-2017) के दौरान भर्ती विवादों का सिलसिला जारी रहा। वर्ष 2016 की राज्य की वीपीडीओ भर्ती परीक्षा में आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष, सचिव और परीक्षा नियंत्रक तक गिरफ्तार हुए। सिडकुल भर्ती विवाद में प्रभावशाली लोगों के रिश्तेदारों को लाभ पहुंचाने के आरोप लगे और एसआईटी जांच करनी पड़ी। यूबीटीईआर और आयुर्वेद विश्वविद्यालय की भर्तियां भी लगातार विवादों में घिरी रहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में भर्ती प्रक्रियाओं पर लगातार सवाल उठते रहे। जांच एजेंसियां लगीं, भर्तियां रद्द हुईं और युवाओं का विश्वास टूटा। इसके विपरीत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कार्यकाल में जब यूकेएसएसएससी भर्ती घोटाले का मामला सामने आया तो उसे दबाया नहीं गया।

**मानसून सत्र से पहले कांग्रेस संसदीय दल की बैठक**

# चढ़ावा चोरी, पेपर लीक और ई20 जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरेगी कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होने से पहले बुधवार को कांग्रेस संसदीय दल की रणनीतिक बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता सीपीपी चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने की। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित संसदीय दल के सदस्य मौजूद रहे। बैठक में आगामी सत्र के लिए विपक्ष के एजेंडे पर विस्तार से चर्चा की गई ।

बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने एक्स पर लिखा कि चढ़ावा चोरी, आस्था के साथ धोखा, पेपर लीक और शिक्षा प्रणाली का क्षरण, संस्थागत कब्जा, राजनीतिक दलों को तोड़ना, भ्रष्टाचार के आरोप, महंगाई, विदेश नीति की विफलताएं, एथेनॉल मिश्रण का दबाव, वनों की अंधाधुंध कटाई और एससी, एसटी, ओबीसी व अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर हमले जैसे मुद्दों पर कांग्रेस पार्टी मानसून सत्र में मोदी सरकार को कटघरे में खड़ा करेगी। इन गंभीर चिंताओं पर बैठक में विस्तार से चर्चा हुई



और पार्टी ने तय किया कि संसद में इन मुद्दों को मजबूती से उठाया जाएगा। बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश और राज्यसभा सांसद सैयद नासिर हुसैन ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता की। उन्होंने कहा कि बैठक में उन मुद्दों पर चर्चा हुई जिन्हें पार्टी संसद में उठाएगी। सरकार जिन विधेयकों को लाने की कोशिश में है, उनसे निपटने की रणनीति पर भी विचार किया गया। जयराम रमेश ने कहा कि बैठक करीब डेढ़ घंटे चली और इसमें परिसीमन विधेयक, संविधान संशोधन विधेयक, विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक और एफसीआरए विधेयक पर चर्चा हुई। कांग्रेस इन विधेयकों का पुरजोर विरोध करेगी।

### सर्वदलीय बैठक में बोलते हैं केवल चार लोग

रमेश ने कहा कि सरकार 19 जुलाई को सर्वदलीय बैठक बुला रही है, जिसमें सत्र के एजेंडे की जानकारी दी जाएगी। सर्वदलीय बैठक में 35 लोग शामिल होते हैं लेकिन सरकार की ओर से बोलते केवल चार लोग हैं। कांग्रेस परिसीमन बिल का विरोध करेगी क्योंकि सरकार महिला आरक्षण के नाम पर इसे पास कराना चाहती है। विपक्ष पहले भी इसका विरोध कर चुका है और आगे भी करेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने मानसून सत्र मेंदान चोरी', आस्था के साथ धोखे, परीक्षा और शिक्षा प्रणाली में गड़बड़ियों, नीट परीक्षा विवाद,ई20 घोटाले', कमजोर होती विदेश नीति और महंगाई जैसे मुद्दे उठाएगी। सरकार की कथनी और करनी में फर्क है। विपक्ष ने पहले भी महिला आरक्षण का समर्थन किया है, लेकिन सरकार इसे परिसीमन विधेयक से जोड़कर पास उन्होंने कहा कि संसद का मानसून सत्र 19 दिन का होगा, जिसमें 16 दिन कार्यवाही चलेगी। वह सरकार के हर कदम पर सवाल उठाएगी और विपक्षी एकजुटता के साथ जनता के मुद्दों को संसद में मजबूती से रखेगी।

**कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र**

# परिसीमन विधेयक पर सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महिला आरक्षण एवं उससे जुड़े परिसीमन के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर आगामी मानसून सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की है।



खरगे ने कहा कि सरकार यदि संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 को संशोधित रूप में फिर से संसद में लाने जा रही है तो उस पर सभी राजनीतिक दलों से पहले व्यापक चर्चा की जानी चाहिए। खरगे ने गुरुवार को प्रधानमंत्री को भेजे पत्र में कहा कि मार्च और अप्रैल के दौरान उन्होंने संसदीय कार्य मंत्री को कई बार पत्र लिखकर परिसीमन संबंधी प्रस्तावों पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाने का अनुरोध किया था, लेकिन उनकी मांग स्वीकार नहीं की गई। खरगे ने प्रधानमंत्री से अपील की कि विधेयक संसद में पेश किए जाने से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए, ताकि राजनीतिक दल प्रस्तावित बदलावों का विस्तार से अध्ययन कर अपनी राय रख सकें।

### बारामूला सांसद राशिद इंजीनियर को कोर्ट से राहत... मानसून सत्र में हो सकेंगे शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने बारामूला के सांसद अब्दुल रशीद शेख उर्फ राशिद इंजीनियर को पुलिस हिरासत में रहते हुए 20 जुलाई से 13 अगस्त तक चलने वाले आगामी मानसून सत्र में शामिल होने की अनुमति दे दी है। पाटियाला हॉउस मे कोर्ट में यह सुनवाई इन-कैमरा हुई। अब्दुल रशीद शेख आतंकी फंडिंग मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। बारामूला के जेल में बंद सांसद इंजीनियर राशिद ने इससे पहले 21 जून को घोषणा की थी कि वे लोकसभा से इस्तीफा दे देंगे, क्योंकि वे अपने निर्वाचन क्षेत्र के कामकाज को संभालने में असमर्थ हैं।

# प्रस्तावित परिसीमन विधेयक का विरोध करेगा विपक्ष : संजय राउत

नागपुर, एजेंसी

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के राज्यसभा सांसद संजय राऊत 20 जुलाई से शुरू होने वाले मानसून सत्र कोलेकर नागपुर में कहा कि विपक्ष प्रस्तावित परिसीमन विधेयक का विरोध करेगा, लेकिन यदि सरकार विपक्ष द्वारा सुझाए गए आवश्यक संशोधनों को शामिल करती है, तो सभी दल मिलकर इस पर विचार कर सकते हैं। राऊत ने कहा कि अभी यह तय नहीं हुआ है कि सरकार संविधान (131वां संशोधन) विधेयक इसी मानसून सत्र में पेश करेगी या नहीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि विधेयक के संसद में आने के बाद विपक्षी दल सामूहिक रूप से इसकी समीक्षा करेंगे और आगे की रणनीति तय करेंगे। सरकार 20 जुलाई से शुरू होने वाले मानसून सत्र में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक लाने की तैयारी में है। इस प्रस्तावित ी



विधेयक में लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाकर 850 करने और नई परिसीमन प्रक्रिया शुरू करने का प्रावधान बताया जा रहा है। इससे पहले एनसीपी (शरद पवार गुट) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने कहा था कि यदि परिसीमन सभी राज्यों में समान रूप से 50 प्रतिशत सीट वृद्धि के आधार पर किया जाता है, तो उसके विरोध का कोई विशेष कारण नहीं होगा। संजय राऊत ने अयोध्या के राम जन्मभूमि मंदिर में मिले दान में कथित अनियमितताओं के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने मंदिर के कोषाध्यक्ष गोविंददेव गिरी महाराज की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कई आरोप लगाए।

### नागपुर में कलरामरक्षा' आंदोलन

शिवसेना (यूबीटी) ने अयोध्या राम मंदिर से जुड़े कथित अनियमितता मामले को लेकर जनजागरण अभियान के तहत 18 जुलाई को नागपुर के रामनगर स्थित राम मंदिर मेंरामरक्षा' पाठ एवं आंदोलन आयोजित करने का ऐलान किया है। इस कार्यक्रम में पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे भी शामिल होंगे।

राज्यसभा सांसद राऊत ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण भी भेजा है। अपने पत्र में उन्होंने लिखा कि फडणवीस रामभक्त हैं और राम मंदिर आंदोलन से जुड़े रहे हैं, इसलिए मंदिर से जुड़े कथित अनियमितताओं के खिलाफ जनजागरण अभियान में उनकी उपस्थिति महत्वपूर्ण होगी। इसके साथ ही राउत ने पंढरपुर के विठ्ठल मंदिर में वीआईपी दर्शन के मुद्दे और सुधीर मुनगंटीवार से जुड़ी घटना का उल्लेख करते हुए शिंदे गुट की हिंदुत्व की राजनीति पर भी सवाल उठाए।

### लखनऊ विवि फीस वृद्धि को लेकर छात्रों के समर्थन में उतरे राजेंद्र पाल गौतम



**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने लखनऊ विश्वविद्यालय पहुंचकर छात्रों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि, छात्रों पर की गई कार्रवाई, शिक्षा व्यवस्था, पेपर लीक समेत कई मुद्दों पर अपनी बेबाक राय रखी। राजेंद्र पाल गौतम ने आरोप लगाया कि लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने अचानक विभिन्न पाठ्यक्रमों की फीस में भारी बढ़ोतरी कर दी है। बीकॉम ऑनर्स जैसे सामान्य डिग्री कोर्स की फीस लगभग एक लाख रुपए कर दी गई है, जबकि अधिकांश अन्य पाठ्यक्रमों की फीस भी दोगुनी कर दी गई है। राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि सरकार न तो युवाओं को रोजगार दे पा रही है और न ही परीक्षा व्यवस्था को पारदर्शी बना पा रही है। लगभग 100 परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं। सरकार समाधान नहीं निकाल पा रही है।

**पश्चिम बंगाल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने साधा निशाना**

# दुर्गा पूजा की पवित्रता को कमजोर किया गया : भट्टाचार्य

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद सामिक भट्टाचार्य ने गुरुवार को पूर्व ममता बनर्जी सरकार पर दुर्गा पूजा की पवित्रता और धार्मिक महत्व को कम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पिछली तृणमूल कांग्रेस सरकार ने दुर्गा पूजा को केवल एक उत्सव' बनाकर उसकी धार्मिक गरिमा को कमजोर करने की कोशिश की। उत्तर कोलकाता में आयोजित खूंटी पूजा (दुर्गा पूजा की तैयारियों की शुरुआत का पारंपरिक अनुष्ठान) कार्यक्रम में संबोधित करते हुए भट्टाचार्य ने कहा, हाल के वर्षों में इस अवसर कोदुर्गा पूजा' कहने के बजाय सिर्फउत्सव' कहा जाने लगा। लेकिन यह केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि दुर्गा पूजा है और इसकी पवित्रता तथा धार्मिक गरिमा को बनाए रखना आवश्यक है।



हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन उनका इशारा ममता बनर्जी के उस बयान की ओर माना गया, जिसमें वह हर साल दुर्गा पूजा से पहले कहती रही हैं कि धार्मिक आस्था व्यक्तिगत होती है, लेकिन त्योहार और उसका उत्सव सभी के लिए होता है।

भट्टाचार्य ने कहा कि दुर्गा पूजा का मुख्य उद्देश्य इसकी धार्मिक पवित्रता है, केवल आकर्षक थीम नहीं। उन्होंने कहा, सिर्फ थीम से काम नहीं चलेगा। यदि मां दुर्गा की प्रतिमा ही नहीं होगी तो चाहे पंडाल कितना भी भव्य क्यों न हो, लोग वहां नहीं आएंगे। दुर्गा पूजा सबसे पहले पूजा है और इसकी पवित्रता बरकारार रहनी चाहिए।

**टीवीके सरकार की दूसरी कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री का कड़ा संदेश**

# रिश्वत या भ्रष्टाचार के आरोप लगे तो अगले ही पल जाएगा मंत्री पद

चेन्नई, एजेंसी

**तमिलगा वेत्रि कड़गम (टीवीके) सरकार की दूसरी मंत्रिमंडल बैठक में मुख्यमंत्री विजय ने मंत्रियों को भ्रष्टाचार और अनुशासन के मुद्दे पर कड़ा संदेश दिया।**

गुरुवार को सचिवालय में आयोजित बैठक में उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि किसी मंत्री पर रिश्वत या भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप सामने आते हैं, तो उसे तत्काल मंत्रिमंडल से हटा दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार में किसी भी स्तर पर अनियमितता या भ्रष्टाचार को बर्दाश्त



नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री विजय ने कहा कि उनकी सरकार पूरी तरह पारदर्शी, जवाबदेह और जनहित के प्रति समर्पित रहेगी। उन्होंने मंत्रियों से कहा कि यदि किसी विभाग में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार या अनियमितताओं की शिकायतें मिलती हैं, तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित मंत्री की होगी और बिना किसी भेदभाव के तत्काल कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्रवाई करते समय यह नहीं देखा जाएगा कि संबंधित व्यक्ति लंबे समय से पार्टी से जुड़ा है या किसी अन्य दल से आया है। बैठक में मुख्यमंत्री ने मंत्रियों और पार्टी पदाधिकारियों को सरकारी कार्यालयों तथा विद्यालयों में निरीक्षण के नाम पर अनावश्यक हस्तक्षेप से भी बचने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से सरकारी स्कूलों में पढ़ाई के दौरान जाकर छात्रों की शिक्षा में बाधा उत्पन्न करना उचित नहीं है। उन्होंने स्कूलों में निरीक्षण के दौरान वीडियो बनाकर उन्हें सोशल मीडिया पर प्रचारित करने की प्रवृत्ति पर भी नाराजगी जताई। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ मंत्रियों और पार्टी पदाधिकारियों की हालिया गतिविधियों के कारण सरकार को आलोचना का सामना करना पड़ा है। उन्होंने निर्देश दिया कि निरीक्षण प्रशासनिक आवश्यकता के आधार पर किए जाएं।

### पिछली सरकार की गलतियां न दोहराएं

मुख्यमंत्री विजय ने वित्त विभाग के अधिकारियों से प्राप्त जानकारी का हवाला देते हुए कहा कि पिछली सरकार के कार्यकाल में हुई अनियमितताओं की पहचान कर उन्हें समाप्त करना और सरकार के राजस्व में वृद्धि करना प्रत्येक मंत्री की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मंत्रियों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए कि कौन अपने विभाग में पारदर्शिता बढ़ाकर और अनियमितताओं को समाप्त कर सरकार के लिए अधिकतम राजस्व जुटाता है। उन्होंने कहा कि वह स्वयं प्रत्येक विभाग के कार्यों की नियमित समीक्षा करेंगे। उल्लेखनीय है कि सरकार की पहली मंत्रिमंडल बैठक मुख्य रूप से विभिन्न विकास योजनाओं को मंजूरी देने पर केंद्रित थी, जबकि दूसरी बैठक का मुख्य उद्देश्य मंत्रियों को सुशासन, पारदर्शिता, जवाबदेही और अनुशासन के संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश देना रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### थाना ठीकरी पुलिस का सट्टा माफिया पर प्रहार, रंगे हाथों दबोचे गए 5 आरोपी



**बड़वानी,निप्र।** जिले में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं अवैध सट्टा, जुआ सहित अन्य गैरकानूनी गतिविधियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर के मार्गदर्शन में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना ठीकरी पुलिस को अवैध सट्टा संचालन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। 15 जुलाई को मुखबिर के जरिए विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि क्षेत्र में कुछ लोग अवैध रूप से सट्टे का दांव लगवा रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना ठीकरी पुलिस टीम ने मुखबिर के बताए स्थान पर दबिश दी। मौके पर सट्टे का दांव लगाते और रुपयों का लेन-देन करते हुए 5 आरोपियों फिरोज पिता राशिद खान, अकरम पिता गुलाम खान, अजय पिता कैलाश वर्मा, नीरज पिता गोविंद जादम, गोपाल पिता मांगीलाल मेघवाल को रंगे हाथों दबोचा गया।

**जब्त की गई सामग्री :** नकदी राशि 6,090/- (छह हजार नब्बे रुपये) सट्टा लिखने की पर्चियां, पेन एवं अन्य संबंधित सामग्री। वैधानिक कार्रवाई पकड़े गए सभी आरोपियों के विरुद्ध थाना ठीकरी में पब्लिक गैंबलिंग एक्ट 1976 (सार्वजनिक द्यूत अधिनियम) एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर मामला विवेचना में लिया गया है।

### पुलिस अधीक्षक डॉक्टर रविन्द्र वर्मा ने विवेचकों को वितरित किए टैबलेट

**खरगोन,निप्र।** डिजिटल पुलिसिंग को बढ़ावा देने एवं अपराधों की विवेचना को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं तकनीक आधारित बनाने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय के द्वारा कई सार्थक प्रयास किए जा रहे है। इसी क्रम में जिला खरगोन को 340 टैबलेट आवंटित किए गए है जिन्हे आज पुलिस अधीक्षक खरगोन डॉक्टर रविन्द्र वर्मा के द्वारा विवेचकों वितरित किए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक खरगोन डॉक्टर रविन्द्र वर्मा ने विवेचकों को निर्देशित किया, कि इन टैबलेट के माध्यम से विवेचक E-साक्ष्य, E-विवेचना, E-रक्षक एवं EDAR जैसे महत्वपूर्ण डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करेंगे। साथ ही इससे घटनास्थल पर ही साक्ष्यों का डिजिटल संकलन, दस्तावेजों का त्वरित संधारण तथा सड़क दुर्घटना संबंधी प्रकरणों की समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण जांच सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने सभी विवेचकों को निर्देशित किया कि वे उपलब्ध कराए गए टैबलेट एवं डिजिटल एप्लिकेशन का अधिकतम उपयोग करते हुए विवेचना की गुणवत्ता में सुधार लाएँ तथा तकनीक आधारित पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाएं।

### छात्राओं का किया गया नेत्र परीक्षण, 25 छात्राओं को किये गये नि :शुल्क चश्मे वितरित



**बड़वानी,निप्र।** डॉ.जयपालसिंह ठाकुर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं डॉ.मनोज खन्ना सिविल सर्जन के मार्गदर्शन में शा.क.उ.मा.विद्यालय बड़वानी की छात्राओं का नेत्र परीक्षण अनिल राठौर उप जिला कार्यक्रम प्रबंधक (अन्धत्व) के नेतृत्व में दिपक सोनी नेत्र सहायक, रविन्द्र टेकाम नेत्र सहायक एवं जयनारायण कुशवाह नेत्र सहायक द्वारा किया गया। परीक्षण के दौरान कई छात्राओं को दृष्टिदोष पाये जाने पर छात्राओं की चश्मे के नंबर की जांच की गई तथा जिला चिकित्सालय बड़वानी की तरफ से नि:शुल्क 25 छात्राओं को चश्मे प्रदाय किये गये। कार्यक्रम में मो.मुस्तकिम खान प्राचार्य शा.क.उ.मा.विद्यालय बड़वानी एवं स्कूल के स्टॉफ का सराहनीय सहयोग रहा। मो. मुस्तकिम खान प्रतिवर्ष विद्यार्थीयों का नेत्र परीक्षण करवा कर नि:शुल्क चश्मे वितरित करवाते है। अनिल राठौर ने विद्यार्थीयों को प्रतिवर्ष नेत्र परीक्षण करवाने की सलाह दी।

### प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन सम्बन्धी जिला स्तरीय बैठक आयोजित

**खरगोन,निप्र।** मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के अध्यक्ष एस.एन. मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्टेट सभागृह में जिला स्तरीय बैठक आयोजित हुई, जिसमें प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन, युक्तिकरण एवं भावी प्रशासनिक व्यवस्था के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के सचिव ए.के. सिंह एवं सदस्य श्री मुकेश शुक्ला भी उपस्थित रहे। बैठक में आयोग ने जिले के सभी विभागों के अधिकारियों से संभाग, जिला, उपखंड, तहसील एवं जनपद स्तर की वर्तमान प्रशासनिक व्यवस्था, जनसुविधाओं, भौगोलिक परिस्थितियों, प्रशासनिक दक्षता तथा भविष्य की आवश्यकताओं के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों से प्रशासन को अधिक जनोन्मुखी, सुलभ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आवश्यक सुझाव भी आमंत्रित किए गए। आयोग ने निर्देश दिए कि प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन अथवा नवीन इकाइयों के गठन संबंधी प्रस्ताव निर्धारित प्रश्नावली एवं मापदण्डों के अनुरूप तैयार कर भेजे जाएं। साथ ही जनप्रतिनिधियों, संबंधित विभागों एवं अन्य हितधारकों से प्राप्त सुझावों का परीक्षण कर समुचित अनुशंसा के साथ आयोग को प्रेषित किया जाए। बैठक में जिला स्तरीय एवं तहसील स्तरीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित प्रशासनिक आवश्यकताओं, मानव संसाधन, सेवा प्रदाय व्यवस्था एवं क्षेत्रीय चुनौतियों पर सुझाव प्रस्तुत किए। आयोग द्वारा प्राप्त सुझावों एवं प्रस्तावों का निर्धारित मानकों के आधार पर परीक्षण कर राज्य शासन को अनुशंसाएं भेजी जाएंगी।

# ग्राम रानीपुरा से 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' जनजागरूकता अभियान का शुभारंभ

## सांसद, विधायक एवं जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में जागरूकता रथ रवाना, नशामुक्त समाज का दिया संदेश

विनय उजाला





**बड़वानी,निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा एवं मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रदेशभर में संचालित 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' अभियान के अंतर्गत बड़वानी जिले में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल के नेतृत्व में थाना राजपुर क्षेत्र के ग्राम रानीपुरा में विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

15 जुलाई से 30 जुलाई 2026 तक चलने वाले इस विशेष अभियान के माध्यम से जिलेभर में जागरूकता रथ, जनसंवाद एवं विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों के जरिए महिलाओं, युवाओं, विद्यार्थियों एवं आमजन को शराब, बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू तथा अन्य प्रकार के नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

कार्यक्रम में सांसद, गजेंद्र सिंह पटेल, अध्यक्ष जिला बड़वानी श्री अजय यादव विधायक बड़वानी राजेंद्र मंडलोई,एवं जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह जागरूकता रथ क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पहुंचकर नशे से होने वाले सामाजिक, पारिवारिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए आमजन को नशामुक्त समाज निर्माण के लिए जागरूक करेगा। कार्यक्रम के दौरान मेधावी विद्यार्थियों एवं ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों व ग्रामीण जनों को प्रोत्साहित करते हुए हेलमेट वितरित कर सम्मानित किया गया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूकता का संदेश देना रहा।

**पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल ने दिया नशामुक्ति का संदेश :** इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल ने कहा कि नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान का उद्देश्य जनसहभागिता के माध्यम से समाज को सभी प्रकार के नशों से मुक्त बनाने की दिशा में प्रभावी जनजागरूकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों, पुलिस, ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों के सहयोग से जागरूकता रथ के माध्यम से गांव-गांव तक नशामुक्ति का संदेश पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शराब, बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू एवं अन्य प्रकार के नशों के दुष्प्रभावों के प्रति आमजन को जागरूक कर उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने युवाओं को सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए 3D मिशन (दहेज प्रथा से दूरी, डीजे के दुष्प्रभावों से दूरी एवं नशे से दूरी) तथा 3S (शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वावलंबन) के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि युवा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वावलंबन को अपनाकर समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल ने ग्रामीणों एवं युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा–

ले मशालें चल पड़े हैं
लोग मेरे गाँव के,
अब अंधेरा जीत लेंगे
लोग मेरे गाँव के।
पूछती हैं खिड़कियाँ,
पूछते हैं खेत,
कब तक अनपढ़ रहेंगे
लोग मेरे गाँव के।

**नशा मुक्ति से जुड़ी सहायता के लिए संपर्क करें**
मानस हेल्पलाइन – 1933
नेशनल सुसाइड हेल्पलाइन – 14416
नशा मुक्ति हेल्पलाइन– 14446
पुलिस नार्कोटिक्स विभाग– 7049100785

### सांसद पटेल ने किया नशामुक्त समाज का आह्वान

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल ने कहा कि नशा समाज, परिवार एवं युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर चुनौती है। नशे के कारण सामाजिक बुराइयां बढ़ती हैं, परिवार प्रभावित होते हैं तथा आर्थिक नुकसान भी होता है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष संचालित अभियान एवं जनसंवाद कार्यक्रमों से सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। इस वर्ष भी जागरूकता रथ के माध्यम से गांव-गांव पहुंचकर महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों एवं आमजन को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज मजबूत होगा तो क्षेत्र और देश भी विकास की दिशा में आगे बढ़ेगा।

**कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे :** कार्यक्रम में सांसद, गजेंद्र सिंह पटेल, अध्यक्ष जिला बड़वानी अजय यादव, विधायक बड़वानी राजेंद्र मंडलोई, हुकम गुप्ता, पुलिस अधीक्षक बड़वानी पद्मविलोचन शुक्ल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर, डीएसपी अजाक श्रीमती निलेश्वरी डावर, थाना प्रभारी राजपुर माधव सिंह ठाकुर, चौकी प्रभारी भागसुर आसिक खान, ग्राम सरपंच श्रीमती गुलरीबाई सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पटेल, पुजारा,पुलिस अधिकारी–कर्मचारी, ग्रामीणजन, महिलाएं, युवा एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन गायत्री परिवार के संजय भावसार द्वारा किया गया।

### राशन घोटाले करने वाले प्रबंधक और विक्रेता को जेल

**बड़वानी,निप्र।** गरीबों के हक के राशन में कथित गड़बड़ी करने वाले आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित मेणीमाता द्वारा संचालित उचित मूल्य दुकान बोरी ग्राम सामरखेड़ा के प्रबंधक लालसिंग पिता नानसिंग और विक्रेता राजू पिता बिहारी अलावे को न्यायालय ने दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। बहुचर्चित राशन वितरण अनियमितता प्रकरण में न्यायालय ने पाया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत मिलने वाले खाद्यान्न के वितरण एवं स्टॉक में गंभीर अनियमितताएं हुई थीं।

मामले के अनुसार जांच के दौरान दुकान के पीओएस रिकॉर्ड और भौतिक स्टॉक के सत्यापन में गेहूं एवं चावल की बड़ी मात्रा कम पाई गई थी। शिकायतों और जांच के बाद प्रबंधक लालसिंह चौहान तथा विक्रेता राजू अलावे के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम एवं आपराधिक न्यास भंग के आरोपों में प्रकरण दर्ज किया गया था।

# ठेकेदार की दबंगई, ग्राम की कई सड़कों को खोदा, ग्रामीण परेशान

विनय उजाला



**झिरन्या,निप्र।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कों को नेस्तनाबूद करने का सिलसिला झिरन्या क्षेत्र में थमने का नाम नहीं ले रहा है। NCC लिमिटेड नामक ठेकेदार कंपनी द्वारा ओएफसी (OFC) केबल बिछाने के नाम पर सड़कों के शोल्डरों को अवैध तरीके से खोदकर भारी क्षति पहुंचाई जा रही है। हैरानी की बात यह है कि सड़क सुरक्षा के जिम्मेदार अधिकारी केवल कागजी घोड़े दौड़ा रहे हैं और ठेकेदार की दादागिरी के सामने प्रशासन पूरी तरह बेबस नजर आ रहा है।

रविवार दोपहर को मालीपुरा मार्ग पर स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर के समीप ठेकेदार द्वारा MP 12 DA 0286 नंबर की जेसीबी से डामर से सटी हुई जमीन की गहरी खुदाई की गई। इस अवैध खुदाई से कुछ नल कनेक्शन टूट गए, जिससे मंदिर समिति और ठेकेदार के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल महाप्रबंधक (PMGSY) खरगोन को अवगत कराया।

ग्रामीणों और समिति के सदस्यों ने SDM लोकेश छापरे को फोन कर स्थिति से अवगत कराया और मौके की तस्वीरें भी भेजीं। बावजूद इसके, देर रात तक कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। ठेकेदार के हौसले इतने बुलंद थे कि उसने ग्रामीणों को खुली चुनौती दी और कहा, तुमसे जो बन पड़े कर लो, काम नहीं रुकेगा। तीन दिनों तक काम बदस्तूर जारी रहा, जबकि pmgsy विभाग के महाप्रबंधक द्वारा ऐ एम संदीप श्रीवास्तव कार्यवाही के लिए भेजने की बात कही पर केवल आश्वासन देते रहे कि थाने में कार्रवाई की जाएगी। किंतु 3 दिनों तक संदीप श्रीवास्तव या कोई जिम्मेदार मौके पर नहीं पहुंचा

**केवल कागजों में कार्रवाई :** ठयह पहला मौका नहीं है जब प्रशासन की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। संलग्न पत्र (क्रमांक 331/VTS-Feb-26) से स्पष्ट है कि महाप्रबंधक योगेश शर्मा ने फरवरी माह में ही SDM को पत्र लिखकर संबंधित विभाग की देवकी पांडे इन्दौर/भोपाल ओर असफाक खान के साथ संबंधित ठेकेदार के विरूद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करने का पत्र लिखा ओर कानूनी कार्रवाई की अनुशंसा की थी। इतना ही नहीं, क्षेत्रीय सांसद और विधायक ने भी खुले मंच से स्ठरूको कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद, ठेकेदार द्वारा अवैध खुदाई जारी रखना प्रशासन की कार्यक्षमता पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

**जनता का आरोप : बिना मिलीभगत के नहीं हो सकती ऐसी दबंगई :** मंदिर समिति और स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि प्रशासन और ठेकेदार के बीच साठगांठ है। लोगों का कहना है कि दिखावे के लिए विभाग द्वारा कभी-कभार जेसीबी जब्त कर ली जाती है, लेकिन 4-6 दिनों के भीतर उसे फिर से छोड़ दिया जाता है। इस 'लुका-छिपी' के खेल के कारण प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़कों की कमर टूट रही है और आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा मंडरा रहा है। क्या प्रशासन के पास ठेकेदार के अवैध काम को रोकने की कोई शक्ति नहीं बची है? क्यो उच्च अधिकारियों के पत्र और जन प्रतिनिधियों के आदेश के बाद भी कार्रवाई क्यों नहीं हो रही? क्या जनता के विरोध और सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान की कीमत ठेकेदार की जेब से कम है?

**इनका कहना...**

■ मैं किसी कारण नहीं आ पाया आकर देखता हूं

– संदीप श्रीवास्तव
ए एम pmgsy खरगोन

■ हमारे विभाग के ए एम संदीप श्रीवास्तव को कार्यवाही के लिए भेजता हूं। हम परेशान हो गए हमारी कई सड़कों को नुकसान पहुंचाया जा चुका है।

योगेश शर्मा,
महाप्रबंधक pmgsy खरगोन

# आषाढ़ी बीज पर सोमवंशीय सहस्त्रार्जुन क्षत्रिय समाज ने मनाया कुलदेवी मां हिंगलाज का जन्मोत्सव, निकली भव्य शोभायात्रा

विनय उजाला



**महेश्वर,निप्र।** सोमवंशीय सहस्त्रार्जुन क्षत्रिय समाज द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आषाढ़ी बीज (आषाढ़ दूज) के पावन पर्व पर समाज की कुलदेवी मां हिंगलाज का जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: 5 बजे काकड़ आरती से हुई, जिसमें समाजजनों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर माता की आराधना की।

इसके पश्चात मां हिंगलाज की भव्य शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। शोभायात्रा में समाज के महिला-पुरुष, युवा एवं बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। भजन-कीर्तन और जयकारों से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। इस दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि गजराज यादव ने मां हिंगलाज को श्रद्धापूर्वक छत्र भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाले मनोज निमकर (इंदौर), अनिल आमगा एवं शम्मी आमगा का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। वहीं महिला मंडल की ओर से गीता अम्बेकर, मधु बिछवे, वंदना आफरे एवं अलका बिछवे को समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद के सीएमओ प्रियंक पंड्या, पार्षद प्रतिनिधि स्वप्निल गुप्ता, शैलेन्द्र जैन, विक्रम यादव, गज्जू मकवाना, उपाध्यक्ष सचिन शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भी मां हिंगलाज के दर्शन कर विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। कार्यक्रम में महिला मंडल अध्यक्ष मोनी पालनपुरे, नीतू अम्बेकर, समाज अध्यक्ष पवन दाणे, शिवनारायण नागले, मुकेश पवार, छोटू दादा बिछवे, खेमराज चव्हाण, अनिल मुकाती, विजय पालनपुरे, यशराज मुकाती, शैलेन्द्र भांगड़े, भारत मुले, राहुल चौहान सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले को पकड़ा

**खरगोन,निप्र।** खरगोन पुलिस ने अवैध हथियारों की करने वाले आरोपित शिव प्रसाद निवासी बीना आगाशौद जिला सागर को पकड़ा और गिरफ्तार कर उसके पास से लगभग 75,000/- रुपये मुल्य की 03 देशी पिस्टल को अपनी सुपूर्दगी में लेकर उसके विरुद्ध कोतवाली थाना खरगोन में अपराध क्रमांक 307/26 धारा 25 (1) आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। पकड़े गए आरोपित शिव प्रसाद ने बताया कि ये अवैध हथियार उसने ग्राम गारी थाना बिस्टान के रहने वाले तारासिंह सिकलीगर से खरीदे थे। खरगोन पुलिस ने तारासिंह सिकलीगर को पकड़ा और गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश किया गया।

# मप्र प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के अध्यक्ष ने किया ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण

विनय उजाला

**खरगोन,निप्र।** मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग, भोपाल के अध्यक्ष एस.एन. मिश्रा, सचिव ए.के. सिंह एवं सदस्य मुकेश शुक्ला ने गुरुवार को खरगोन जिले के महेश्वर एवं कसरावद विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर ग्रामीण विकास, आजीविका गतिविधियों तथा कृषि एवं उद्यानिकी के नवाचारों का अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान आयोग के दल ने महेश्वर विकासखण्ड के ग्राम केरियाखेड़ी, ग्राम पंचायत लाडवी में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी महिला स्व-सहायता समूह की सदस्यों से चर्चा की।

इस दौरान समूह की महिलाओं ने माहेश्वरी साड़ियों के बुनाई कार्य एवं आजीविका से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। अधिकारियों ने महिलाओं के कार्य की सराहना करते हुए उनकी आयवृद्धि एवं स्वरोजगार से संबंधित जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात आयोग के दल ने कसरावद स्थित बायोरे संस्था का भ्रमण किया। यहां जैविक कपास सहित विभिन्न फसलों के जैविक उत्पादन, खेती की तकनीकों एवं किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की विस्तार से जानकारी ली। दल ने ग्राम मोगावा में किसानों से चर्चा कर कृषक अश्विन पाटीदार के खेत पर निर्मित पॉलीहाउस एवं नेटहाउस में तैयार की जा रही मिर्च की पौध का अवलोकन किया। साथ ही कृषक सुरेंद्र पन्नालाल पाटीदार के 6 एकड़ खेत पर स्थापित सोलर पैनल प्रणाली का निरीक्षण कर उसके उपयोग एवं लाभों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

## पुरी धाम की तर्ज पर महेश्वर में निकली 11वीं भव्य रथयात्रा

# भगवान जगन्नाथ के रथ को खींचने उमड़ा जनसैलाब

विनय उजाला

**महेश्वर,निप्र। ओडिशा के पुरी धाम की विश्व प्रसिद्ध भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा की तर्ज पर गुरुवार को महेश्वर में निमाड़ की एकमात्र भगवान जगन्नाथ की 11वीं भव्य रथ यात्रा श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ निकाली गई। पेशवा मार्ग स्थित जगन्नाथ धाम से प्रारंभ हुई यात्रा से पूर्व भगवान जगन्नाथ, भाई बलराम एवं बहन सुभद्रा को विधि-विधान से रथ में विराजित कर विशेष पूजन-अर्चन किया गया।**

धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान जगन्नाथ पाक्षिक बीमारी से स्वस्थ होने के पश्चात अपने भक्तों का हाल-चाल जानने और उन्हें दर्शन देने के लिए नगर भ्रमण पर निकलते हैं। इसी परंपरा के निर्वहन में भगवान जगन्नाथ रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण के लिए निकले। इसके बाद सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान का रथ खींचकर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे नगर में जय जगन्नाथ के जयकारे गूंजते रहे और वातावरण भक्तिमय बना रहा।

रथ यात्रा जगन्नाथ धाम से प्रारंभ होकर कमानी गेट, बाजार चौक, नगर पालिका चौराहा एवं जयस्तंभ चौराहा से होती हुई पुन: जगन्नाथ धाम मंदिर पहुंची। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती उतारी, पुष्पवर्षा कर रथ का स्वागत किया तथा दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। यात्रा में भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों की गूंज और पारंपरिक लोक नृत्य आकर्षण का केंद्र रहे। महिला, पुरुष, युवा और बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भगवान की भक्ति में झूमते हुए यात्रा में सहभागिता की। पूरा नगर भगवान जगन्नाथ की दिव्य बारात के रंग में रंगा दिखाई दिया।

यात्रा में गुरु माता जगतगिरी, महंत संत हृदयगिरी महाराज, केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर तथा क्षेत्रीय विधायक राजकुमार मेव ने भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं जनकल्याण की कामना की। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल, महादेव पाटीदार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पुलिस प्रशासन भी संपूर्ण यात्रा के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पूरी तरह मुस्तैद रहा। नगर भ्रमण के पश्चात भगवान जगन्नाथ, भाई बलराम एवं बहन सुभद्रा को पुन: मंदिर में विधिवत विराजित किया गया। इसके बाद महाआरती संपन्न हुई तथा श्रद्धालुओं को महाप्रसादी वितरित की गई। श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति और भक्ति से सराबोर माहौल ने पूरे आयोजन को यादगार बना दिया।

### यात्रा समापन पर स्वच्छता मित्रों ने चंद घंटों में चमकाया पूरा यात्रा मार्ग



भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ शोभायात्रा के समापन के तुरंत बाद नगर परिषद महेश्वर द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर पूरे यात्रा मार्ग को साफ-सुथरा एवं व्यवस्थित बनाया गया। श्रद्धालुओं के प्रस्थान के बाद सड़क पर बिखरे फूल-माला, प्लास्टिक, कागज एवं अन्य कचरे को स्वच्छता मित्रों ने तत्परता से एकत्रित कर मार्ग को पुन: स्वच्छ स्वरूप प्रदान किया। स्वच्छता अभियान का संचालन स्वच्छता प्रभारी महेश गेहलोत, सफाई दारोगा पंकज वेद तथा स्वच्छता शाखा के राहुल डागर के नेतृत्व में किया गया। अभियान में नितिन खरे, संदीप नागर सहित नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ रथ यात्रा मार्ग की सफाई कर व्यवस्था को सामान्य किया। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि गजराज यादव, उपाध्यक्ष सचिन शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रियंक पंड्या तथा समस्त पार्षदों ने कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों की सफलता तभी पूर्ण मानी जाती है, जब आयोजन स्थल और मार्ग की स्वच्छता भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें और स्वच्छ महेश्वर के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं।



## संक्षिप्त समाचार

### मातृ एवं शिशु मृत्यु दर तथा खसरा को शून्य तक पहुंचाने वाली पंचायतों को मिलेगा सुमन पंचायत पुरस्कार : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

**भोपाल ( विनय उजाला )।** विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वस्थ्य भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना होगा। प्रदेश सरकार ने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए विशेष प्रयास कर रही है। राज्य सरकार ने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर एवं खसरा बीमारी को शून्य तक पहुंचाने वाली ग्राम पंचायतो को सुमन पंचायत पुरूस्कार योजना के तहत 5 लाख रूपये की सम्मान राशि देगी। प्रदेश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार संसाधनों एवं अधोसंरचना के क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है। सरकार द्वारा निःशुल्क जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है जरूरत है शासकीय सुविधाओ और योजनाओ की जानकारी देकर लोगो को अस्पताल तक पहुंचाने तथा उनके उपचार में मदद करने की। यह विचार मध्यप्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम पंचायत खैरहा में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री श्री शुक्ल ने ग्राम पंचायत खैरहा में 3.15 करोड़ लागत से निर्मित विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण एवं 42.50 लाख लागत की लागत वाले नवीन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि शासकीय सेवक तथा जनप्रतिनिधि समन्वय बनाकर सजगता के साथ कार्य करते हुए विकास को गति प्रदान करें। आपने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा खनिज मद में संबंधित जिले को क्षेत्र विकास के लिए 30 प्रतिशत राशि जिला खनिज मद के माध्यम से उपलब्ध कराते है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रो में अधोसंरचना तथा स्वच्छता एवं पर्यावरण पर आधारित कार्यों के लिए वीबी रामजी योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना में अब लोगो को 125 दिन की मजदूरी मिलेगी तथा मजदूरी दर में भी वृद्धि करते हुए 300 रूपये कर दी गई है।

### अग्निवीर सेना भर्ती रैली की तैयारियों को लेकर मंत्री सारंग ने ली उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक




**भोपाल,निप्र।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने भोपाल के अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, नाथू बरखेड़ा में 28 जुलाई से 8 अगस्त तक होने वाली अग्निवीर सेना भर्ती रैली की तैयारियों को लेकर सेना भर्ती कार्यालय (एआरओ), जिला प्रशासन एवं खेल और युवा कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। बैठक में भर्ती रैली के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों को निर्धारित समय-सीमा में तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि अग्निवीर भर्ती रैली केवल एक प्रशासनिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रदेश के हजारों युवाओं के लिए भारतीय सेना में शामिल होकर राष्ट्रसेवा का स्वर्णिम अवसर है। इसलिए सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, व्यवस्थित एवं अभ्यर्थी हितैषी वातावरण में संपन्न हो। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सेना भर्ती कार्यालय एवं जिला प्रशासन के साथ पूरा समन्वय स्थापित कर प्रत्येक आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराएगी। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि भर्ती रैली में प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ से भी बड़ी संख्या में अभ्यर्थी भोपाल आएंगे। ऐसे में यातायात, सुरक्षा, पेयजल, चिकित्सा, स्वच्छता एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाओं का पूर्वाभ्यास एवं संयुक्त निरीक्षण समय रहते कर लिया जाए ताकि आयोजन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न नहीं हो।

# विंध्य के लिए 'भगीरथ' बने मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**देश की सबसे लंबी जल-सुरंग स्लीमनाबाद टनल का आज करेंगे निरीक्षण, 6 जिलों के 1450 गांवों और 2.45 लाख हेक्टेयर भूमि को मिलेगा स्थायी सिंचाई लाभ**

विनय उजाला





**इंदौर,निप्र।** मध्यप्रदेश के सिंचाई इतिहास की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में शामिल स्लीमनाबाद जल-सुरंग अब पूर्णता के अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को कटनी जिले में देश की सबसे लंबी और तकनीकी रूप से सबसे जटिल जल-सुरंग का निरीक्षण करेंगे। लगभग 12 किलोमीटर लंबी यह सुरंग विंध्य पर्वतमाला के भीतर से नर्मदा के जल को गुरुत्वाकर्षण के आधार पर सोन नदी के कछार तक पहुंचाने वाली देश की अनूठी इंजीनियरिंग उपलब्धि है। इसके पूरा होने के साथ ही जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, रीवा और पन्ना के करीब 1450 गांवों की 2.45 लाख हेक्टेयर भूमि को स्थायी सिंचाई सुविधा मिलेगी, जिससे विंध्य और महाकौशल क्षेत्र की कृषि अर्थव्यवस्था में ऐतिहासिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त होगा।

मध्यप्रदेश के विकास में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ने और विंध्य की सदियों प्यासी धरती को सींचने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव स्वयं भगीरथ बनकर मैदान में उतर आए हैं। कटनी जिले में नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित की जा रही देश की सबसे लंबी और सबसे जटिल जल-सुरंग, यानी स्लीमनाबाद टनल, अब अपनी पूर्णता की ओर है। इसका जमीनी जायजा लेने मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को स्लीमनाबाद पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री का यह संवेदनशील और उच्च-स्तरीय दौरा केवल एक प्रशासनिक निरीक्षण भर नहीं है, बल्कि यह विंध्य और महाकौशल के लाखों किसानों के आंगन में समृद्धि, खुशहाली और लहलहाती फसलों के नए युग का शंखनाद है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के इसी संकल्प और अटूट इच्छाशक्ति के बल पर सत्रह वर्षों की भू-गर्भीय जंग को जीतकर आज नर्मदा मैया का विंध्य की धरा पर उतरने का स्वप्न साकार होने जा रहा है।

**भागीरथी संकल्प का उदय :** यह जल-सुरंग केवल कंक्रीट और पत्थरों को जोड़कर बनाई गई कोई यांत्रिक संरचना नहीं है, बल्कि यह सदियों पुराने एक पौराणिक विरह को मिटाने वाला पवित्र महासेतु है। लोक मान्यताओं के अनुसार, अमरकंटक के मैकल पर्वतों से निकलने वाली माँ नर्मदा और सोनभद्र विपरीत दिशाओं में बहकर हमेशा के लिए एक-दूसरे से दूर चले गए थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इसी प्राचीन विरह को मिटाने और विंध्य के सूखे खेतों को पानी देने के लिए इस टनल परियोजना को अपना ड्रीम प्रोजेक्ट बनाया।

### असंभव को कर दिखाया संभव

तकनीकी रूप से विंध्य की 40 मीटर ऊंची रिज लाइन को भेदना पूरी दुनिया के इंजीनियरों के लिए एक स्वप्न जैसा था। जमीन से लगभग 30 मीटर नीचे चल रहे इस महा-अभियान में मार्बल-लाइमस्टोन की चमकती कठोरता, डोलोमाइट की दृढ़ता और पानी में घुली चूने की विशालकाय भूमिगत गुफाओं ने हर कदम पर रास्ता रोका। टनल के भीतर प्रति मिनट 25 हजार लीटर तक उफनते पानी के रिसाव और अचानक धंसने वाली मिट्टी जैसी विकट परिस्थितियों में जब पूर्व में काम कर रही अमेरिकी मशीन भी टूटकर पस्त हो गई, तब मुख्यमंत्री के दृढ़ संकल्प के चलते त्वरित निर्णय लेकर अत्याधुनिक जर्मन हेरेनकनेक्ट मशीन और विशेष टेम ग्राउटिंग तकनीक को युद्धस्तर पर उतारा गया। यह मध्यप्रदेश सरकार की संवेदनशीलता ही थी कि घनी आबादी, राष्ट्रीय राजमार्ग और रेलवे ट्रैक के ठीक नीचे से गुजरने के बावजूद इस टनल को बिना किसी क्षति के पूरी सुरक्षा के साथ पूर्ण कर लिया गया।

### विश्व स्तरीय निर्माण तकनीक

इस टर्न-की (Turn-key) आधार पर स्वीकृत महा-परियोजना को धरातल पर उतारने का जिम्मा हैदराबाद की प्रतिष्ठित निर्माण एजेंसी मेसर्स पटेल-एस.ई.डब्ल्यू. (संयुक्त उपक्रम) को सौंपा गया था। वर्ष 2008 में जब इस विशाल परियोजना का अनुबंध हुआ था, तब इसकी शुरुआती लागत 799 करोड़ रुपये थी। हालांकि, विंध्य के भू-गर्भ की अप्रत्याशित और असाधारण भौगोलिक बाधाओं, अभूतपूर्व जल रिसाव को रोकने के लिए किए गए विशेष प्रयासों और वैश्विक तकनीक के समावेश के कारण इस पर अब तक कुल 1610.47 करोड़ रुपये का व्यय किया जा चुका है। इस कुल व्यय में जहां मूल कार्यमद पर 772.33 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं, वहीं समय के साथ हुए मूल्य समायोजन पर 573.71 करोड़ रुपये, उच्च क्षमता के आधुनिक डीवॉटरिंग सिस्टम पर 123.99 करोड़ रुपये, वर्टिकल शाफ्ट के निर्माण पर 19.36 करोड़ रुपये और चट्टानों के स्थिरीकरण के लिए की गई केमिकल ग्राउटिंग पर 121.08 करोड़ रुपये की राशि व्यय की गई है।

## पत्रकार लोकतंत्र के सजग प्रहरी होते हैं : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** पत्रकार लोकतंत्र के सजग प्रहरी होते है। उनकी भूमिका सरकार एवं जनता के बीच संवाद विकसित करने तथा शासन की योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की कमियो को उजागर सुधार का अवसर देने में होती है। कठित परिस्थितियो में भी पत्रकार बिना थके, बिना हारे अपनी भूमिका का निर्वहन करते है। प्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी श्री राजेंद्र शुक्ल ने सूर्या इंटरनेशनल होटल में आयोजित शहडोल जिला स्तरीय पत्रकार सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया, सांसद हिमाद्री सिंह, विधायक जयसिंह मरावी, श्रीमती मनीषा सिंह, श्री शरद कोल, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री षिवम प्रजापति, नगरपालिका अध्यक्ष श्री घनष्याम जायसवाल, जिला योजना समिति की सदस्य श्रीमती अमिता चपरा, जनपद पंचायत ब्यौहारी श्रीमती आकांक्षी सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा पेंषनर एसोसिएषन के पदाधिकारी, श्रमजीवी संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि पत्रकारो ने कोविड़ काल में भी अपनी भूमिका का निर्वहन किया। आपने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा कई स्वास्थ्य अभियान तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्षन में स्वास्थ्य क्षेत्र में सुविधाएं बढाने का निरंतर कार्य किया जा रहा है। पत्रकार इन योजनाओ का अंतिम छोर तक पहुंचाकर पीड़ित मानवता की सेवा में अपनी भूमिका निभा सकते है। उन्होंने कहा कि शलभ भदौरिया के मार्गदर्षन में श्रमजीवी पत्रकार संघ लंबे समय से कार्य कर रहा है।

### भौगोलिक बाधाओं को पार कर स्वास्थ्य का भरोसा पहुंचा हर द्वार

## 'मिशन ग्रीन कमांडो' बना दूरस्थ वनांचल में सेवा और समर्पण का उदाहरण

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बड़वानी के अभिनव स्वास्थ्य अभियान की सराहना की**

विनय उजाला






**बड़वानी/भोपाल,निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बड़वानी जिले के पाटी विकासखंड के बोकराटा सेक्टर में संचालित 'मिशन ग्रीन कमांडो' अभियान की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प है कि स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ अंतिम छोर पर बसे प्रत्येक नागरिक तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि दुर्गम एवं वनांचल क्षेत्रों में कार्यरत स्वास्थ्य अमले का समर्पण, प्रशासन की बेहतर कार्ययोजना और जनसहभागिता इस संकल्प को साकार कर रही है। उन्होंने अभियान में शामिल सभी स्वास्थ्य कर्मियों, प्रशासनिक अधिकारियों, वालंटियर्स एवं जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि यह अभियान सिद्ध करता है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और समन्वित प्रयासों से सबसे कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावी ढंग से पहुंचाई जा सकती हैं।

बड़वानी जिले के पाटी विकासखंड का बोकराटा सेक्टर प्रदेश के सबसे दुर्गम आदिवासी क्षेत्रों में से एक है। यहां अनेक फालिया एवं बस्तियां पहाड़ियों की ऊंचाइयों पर स्थित हैं, जहां तक पहुंचने के लिए वाहन नहीं, बल्कि पैदल सफर ही एकमात्र विकल्प है। ऐसे कठिन भौगोलिक क्षेत्र में गुरुवार को संचालित 'मिशन ग्रीन कमांडो' ने यह साबित किया कि जब लक्ष्य सेवा का हो तो पहाड़ भी रास्ता बन जाते हैं। स्वास्थ्य टीमों ने कई किलोमीटर पैदल चलकर घर-घर दस्तक दी और यह भरोसा मजबूत किया कि शासन की स्वास्थ्य सेवाएं हर जरूरतमंद तक पहुंचेंगी।

**आकांक्षी विकासखंड पाटी : सेवा और सुशासन का नया मॉडल :** देश के आकांक्षी विकासखंड (एस्पिरेशनल ब्लॉक) पाटी में संचालित यह विशेष अभियान स्वास्थ्य सेवाओं की अंतिम छोर तक पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक अभिनव पहल है। दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय समुदाय के समन्वित प्रयासों से यह अभियान सेवा, सुशासन और जनसहभागिता का प्रभावी उदाहरण बनकर उभरा है।

**कलेक्टर जयति सिंह के मार्गदर्शन में हुई विस्तृत माइक्रो प्लानिंग :** कलेक्टर बड़वानी श्रीमती जयति सिंह के मार्गदर्शन एवं सतत मॉनिटरिंग में अभियान की विस्तृत माइक्रो प्लानिंग तैयार की गई। स्वास्थ्य, राजस्व एवं पंचायत विभाग सहित विभिन्न विभागों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित कर प्रत्येक टीम की जिम्मेदारी तय की गई।

### 'फेथ कॉन्क्लेव-2026' में मध्यप्रदेश ने दर्ज कराई दमदार उपस्थिति

## मध्यप्रदेश में नैसर्गिक सौंदर्य, इतिहास और संस्कृति का सजीव चित्रण : मुख्यमंत्री

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रेरणा वाक्य एमपी अजब है, सबसे गजब है मध्यप्रदेश के नैसर्गिक सौंदर्य, इतिहास और संस्कृति का सजीव चित्रण है। यह हमें पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नई दिल्ली में देश के पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्र के सबसे प्रतिष्ठित वार्षिक आयोजन FAITH कॉन्क्लेव-2026 को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की जो कहते हैं, वो करते हैं की कार्यशैली के कारण आज भारत वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर मजबूती से स्थापित है। उनका मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास हमारी नीतियों का आधार स्तंभ है, जिससे विकास समाज के हर वर्ग तक पहुँच रहा है।



FAITH कॉन्क्लेव में मध्यप्रदेश-द हार्ट ऑफ इन्क्रेडिबल इंडिया विषय पर आयोजित विशेष सत्र में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य को देश का अग्रणी पर्यटन एवं निवेश गंतव्य बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों, टूर ऑपरेटर्स और पर्यटन उद्योग से जुड़े सभी हितधारकों को मध्यप्रदेश में निवेश और साझेदारी के लिए आमंत्रित किया।

### श्री महाकाल लोक बनने के बाद बढ़ी पर्यटकों की संख्या

मुख्यमंत्री ने कहा मध्यप्रदेश में भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से 2 ज्योतिर्लिंग हैं। भारत का एकमात्र दक्षिणमुखी ज्योतिर्लिंग उज्जैन में श्री महाकालेश्वर अपनी दिव्यता और अद्वितीय आध्यात्मिक महिमा के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। प्रतिदिन प्रात :काल होने वाली विश्वप्रसिद्ध भस्म आरती श्रद्धालुओं के लिए अद्भुत आध्यात्मिक अनुभव है। उज्जैन में श्री महाकाल लोक बनने के बाद एक साल में लगभग 8 करोड़ लोग दर्शन कर चुके हैं मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, धार्मिक आस्था, प्राकृतिक सौंदर्य और वन्यजीव संपदा के कारण भारत का वास्तविक हृदय है। राज्य सरकार विश्वस्तरीय पर्यटन अधोसंरचना, बेहतर कनेक्टिविटी तथा निवेश-अनुकूल नीतियों के माध्यम से पर्यटन क्षेत्र को नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, विरासत और सतत पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ निजी निवेश को प्रोत्साहित करने पर विशेष बल दिया जा रहा है। प्रदेश में इको टूरिज्म को बढ़ावा देते हुए बैतूल जिले के कॉफी वैली के नाम से प्रसिद्ध हिल स्टेशन कुकरू को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है।

### पिछले एक साल में 13 करोड़ से अधिक पर्यटक मप्र पहुँचे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अतुलनीय भारत का हृदय प्रदेश मध्यप्रदेश बाबा महाकाल की पवित्र धरा है। हमारा राज्य केवल एक नक्शा नहीं, बल्कि समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, शानदार किलों और जीवंत जंगलों का एक अनूठा कैनवास है। धार्मिक पर्यटन का नया अध्याय लिखते हुए हमारी सरकार भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े सभी पावन स्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित करने के लिए पूरी तरह संकल्पित है। पिछले एक साल में 13 करोड़ से अधिक पर्यटक मध्य प्रदेश पहुँचे हैं, जिसने हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है।

### टैलेंट सर्च 2026-27 में टेनिस एवं बैडमिंटन डे-बोर्डिंग चयन ट्रायल्स आज व कल

**भोपाल,निप्र।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश की उभरती खेल प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें राज्य खेल अकादमियों एवं डे-बोर्डिंग योजनाओं के माध्यम से उच्च स्तरीय प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित टैलेंट सर्च 2026-27 अभियान के अंतर्गत विभिन्न खेल विधाओं के चयन ट्रायल्स निरंतर किए जा रहे हैं। इसी क्रम में टेनिस एवं बैडमिंटन डे-बोर्डिंग योजना के चयन ट्रायल्स 17 एवं 18 जुलाई को प्रात: 11 बजे से सायं 5 बजे तक टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल में किए जाएंगे। टैलेंट सर्च अभियान में होने वाले टेनिस डे-बोर्डिंग चयन ट्रायल्स में चयनित खिलाड़ियों को विभाग द्वारा संचालित डे-बोर्डिंग योजना के माध्यम से नियमित एवं वैज्ञानिक प्रशिक्षण, आधुनिक खेल सुविधाएँ, अनुभवी प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन तथा प्रतियोगी स्तर की तैयारी का अवसर दिया जाएगा।

### हरियाली अमावस्या पर अग्रवाल महिला महासभा ने किया पौधरोपण

## बढ़ते प्रदूषण से हवा में सांस लेना मुश्किल, ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं : पूनम अग्रवाल

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर अग्रवाल महिला महासभा टीकमगढ़ की सदस्यों ने स्थानीय ढोंगा स्थित पानी की टंकी के समीप पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर महिलाओं को तुलसी के पौधे भी भेंट किए गए।

महासभा की प्रदेश उपमंत्री पूनम अग्रवाल ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण के कारण शुद्ध हवा में सांस लेना भी कठिन होता जा रहा है। ऐसे समय में प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक दायित्व है कि वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएँ। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमें प्राणवायु (ऑक्सीजन) प्रदान करते हैं, पर्यावरण का संतुलन बनाए रखते हैं, अत्यधिक वर्षा के दौरान बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को कम करने में सहायक होते हैं तथा फल-फूल और हरियाली देकर जीवन को समृद्ध बनाते हैं। चारों ओर हरियाली रहने से मन और आँखों को भी सुकून मिलता है। कार्यक्रम की संयोजक दिव्या अग्रवाल ने सभी से आह्वान किया कि जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ और अन्य शुभ अवसरों पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएँ, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हरित





वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर पूनम अग्रवाल ने उपस्थित महिलाओं को लगभग 25 तुलसी के पौधे भेंट किए। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में तुलसी का विशेष धार्मिक और औषधीय महत्व है तथा प्रत्येक हिंदू परिवार में तुलसी का पौधा अवश्य होना चाहिए। कार्यक्रम में पूनम अग्रवाल, दिव्या अग्रवाल, स्मृति अग्रवाल, ममता अग्रवाल, माला लोहिया, नीता लोहिया, प्रियंका अग्रवाल, शिल्पी अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, सिमरन अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, मीनू अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, गायत्री अग्रवाल, पूनम आशीष अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में अग्रवाल महिला महासभा की सदस्याएँ उपस्थित रहीं।

### खाद्य मंत्री ने 37.22 करोड़ की लागत से बने साईंखेड़ा के प्रथम सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय का किया लोकार्पण

## अब स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होगी महानगरों जैसी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा : राजपूत

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण तथा नरसिंहपुर जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि साईंखेड़ा में निर्मित सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए ऐतिहासिक सौगात है। यह विद्यालय केवल एक शैक्षणिक भवन नहीं, बल्कि बच्चों के सपनों को नई उड़ान देने वाला आधुनिक शिक्षा केंद्र है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का उद्देश्य ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी महानगरों जैसी गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना है।




खाद्य मंत्री एवं नरसिंहपुर के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत तथा परिवहन तथा स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने साईंखेड़ा में 37.22 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित जिले के प्रथम सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण किया। समारोह में सांसद दर्शन सिंह चौधरी, मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती साधना स्थापक, पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

**संसाधनों की कमी अब नहीं रहेगी बाधा :** खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने अपने विद्यार्थी जीवन का स्मरण करते हुए कहा कि एक समय विद्यालयों में टाट-पट्टी पर बैठकर पढ़ाई करनी पड़ती थी। विद्यार्थियों में प्रतिभा की कभी कमी नहीं थी, लेकिन संसाधनों और आधुनिक अधोसंरचना का अभाव था। आज प्रदेश सरकार ने शासकीय विद्यालयों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के लिए भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के द्वार खोल दिए हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर अध्ययन करने, स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने और कठिन परिश्रम के बल पर अपने परिवार, जिले तथा प्रदेश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। श्री राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर नई पहचान बनाई है और शिक्षा के क्षेत्र में भी निरंतर प्रगति हो रही है।

### विद्यार्थियों के सपनों को मिलेगी नई उड़ान : उदय प्रताप सिंह

इस अवसर पर परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में एक अभिनव पहल है। अब ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को भी देश के प्रतिष्ठित निजी विद्यालयों के समकक्ष आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं अपने क्षेत्र में ही मिल सकेंगी और उन्हें बेहतर शिक्षा के लिए महानगरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जैसे नया घर बनने पर गृह प्रवेश का आनंद होता है, उसी प्रकार इस विद्यालय के लोकार्पण से विद्यार्थियों में नया उत्साह है। यह विद्यालय उनके सपनों को साकार करने का माध्यम बनेगा। इस अवसर पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि मध्यप्रदेश में शिक्षा व्यवस्था लगातार नई दिशा में आगे बढ़ रही है। सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय जैसी पहलें विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला हैं।

## वरिष्ठ नागरिकों के लिए सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत बनी मजबूत सहारा

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** मध्यप्रदेश पुलिस की 'देशभक्ति-जनसेवा' की भावना के अनुरूप वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के समाधान एवं उन्हें सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराने के लिए पुलिस द्वारा निरंतर संवेदनशील पहल की जा रही है। इसी क्रम में विदिशा पुलिस द्वारा संचालित सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत में वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े पारिवारिक, संपत्ति एवं भरण-पोषण संबंधी प्रकरणों की सुनवाई कर आपसी सहमति और समझाइश के माध्यम से प्रभावी समाधान किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक विदिशा श्री रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन में आयोजित सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत की बैठक में कुल 08 प्रकरणों की सुनवाई की गई। बैठक में कोर कमेटी के सदस्यों द्वारा संबंधित पक्षों की समस्याओं को संवेदनशीलता से सुना गया और आवश्यक परामर्श एवं समझाइश के माध्यम से विवादों के समाधान का प्रयास किया गया। एक सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारी की बुजुर्ग पत्नी ने शिकायत की कि पति के निधन के बाद दोनों पुत्रों एवं बहुओं ने उनका साथ छोड़ दिया। आर्थिक तंगी के कारण उन्हें भीख मांगकर अपने पति का अंतिम संस्कार करना पड़ा। इसके बाद दोनों पुत्र मकान पर अधिकार जताते हुए उन्हें घर से बेदखल करने का प्रयास कर रहे थे।

दैनिक
विनय उजाला



## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह योजना के तहत दो जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे, करुणामय कृपा फाउंडेशन ने कराया विवाह




**देवास, निप्र।** श्री करुणामय कृपा सोशल वेलफेयर फाउंडेशन, देवास द्वारा शासन की जनकल्याणकारी मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह योजना के अंतर्गत शिव मंदिर, मिश्रीलाल नगर में विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में दो विवाह संस्था के पदाधिकारियों, समिति के सदस्यों एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुए। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय विभाग की ओर से महिमा जैन विशेष रूप से उपस्थित रहीं तथा उन्होंने नवविवाहित दंपतियों को शुभकामना देते हुए शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। संस्था की अध्यक्ष आरती रलोती व शेरसिंह राजपूत ने बताया कि श्री करुणामय कृपा सोशल वेलफेयर फाउंडेशन समाज के जरूरतमंद, विधवा एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के पुनर्विवाह एवं विवाह को सम्मानपूर्वक संपन्न कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। संस्था का उद्देश्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना है। कार्यक्रम के अंत में सभी नवविवाहित दंपतियों को सुखद, समृद्ध एवं मंगलमय वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संस्था के पुखराजसिंह राठौड़, हरपालसिंह भाटी, वीरेंद्र जोशी, कृष्णपाल सिंह, राजपाल सिंह, मनोहर सिंह, हरनाथ, श्रीमति राधा, महेन्द्र बना व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### सांसद सोलंकी ने चिडावद में पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**टोंक खुर्द (विनय उजाला)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत देश भर में सांसदों द्वारा पौधारोपण किया जा रहा है इसी कड़ी में देवास सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने सोनकच्छ विधानसभा क्षेत्र के आदर्श गांव चिडावद में कल पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प को आगे बढ़ाया। सांसद सोलंकी ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि 'एक पेड़ माँ के नाम' एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। इस अभियान का उद्देश्य माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थायी स्मृति बनाना है, जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। माँ और प्रकृति दोनों ही जीवन का मूल आधार हैं और इस पहल के माध्यम से हम अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। सोलंकी ने पौधारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक पौधा केवल एक पेड़ नहीं, बल्कि स्वच्छ हवा, सुरक्षित पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। उन्होंने आमजन से आव्हान किया की आइए, हम सभी प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और उनकी देखभाल का संकल्प लें। 'एक पेड़ माँ के नाम' केवल एक अभियान नहीं, बल्कि माँ के प्रति सम्मान, प्रकृति के प्रति कर्तव्य और भविष्य की पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। 'एक पेड़ माँ के नाम' का हिस्सा बनें और अपनी माँ के लिए एक अविस्मरणीय स्मृति बनाने के लिए एक पेड़ लगाएँ। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंधल, भाजयुमो महामंत्री नीतेश पटेल, रवि पटेल, गुलाब नागदिया, निखिल पटेल, शेखर पटेल, रोहित पटेल, महेश पटेल, सतीश पटेल, विकास पटेल, सोहन पटेल, लाखन भंडारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### वरिष्ठ सदस्यों की स्मृति में किया पौधा रोपण



**सोनकच्छ, निप्र।** पेंशनर्स संघ सोनकच्छ द्वारा स्थानीय आनंद आश्रम परिसर में पेंशनर संघ के वरिष्ठ सदस्यों को याद करते हुए उनकी स्मृति में संघ के अध्यक्ष प्रमोद कुमार भावसार की अध्यक्षता एवं सौभाग सिंह ठाकुर महामंत्री आनंद आश्रम संत श्री प्रेमानंद जी महाराज एवं ट्रस्टी महेश सिसोदिया के विशेष आतिथ्य में छायादार फलदार पौधों का रोपण किया गया विशेष रूप से संत श्री के कर कमल से रुद्राक्ष का पौधा रोपित किया गया जिसे पल्लवित करने की जवाबदारी भी उन्होंने ली है इस अवसर पर संघ के पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम जोशी सचिव जगदीश सिंह बघेल वरिष्ठ उपाध्यक्ष गंगाराम चौधरी सतीश चंद तिवारी उपाध्यक्ष भागीरथ सिंह मालवीय सहसचिव विक्रम सिंह मालवीय सदस्य बाबूलाल सांवलिया प्रकाश गजेश्वर दीपक शर्मा शंकर सिंह तोमर सुभाष जैन मुरलीधर झाला प्रवीण सिंह चौहान दादू भाई सहीत अनेक सदस्य उपस्थित रहे। संघ के सचिव शंकर लाल शर्मा ने सभी सदस्यों से पौधों को सुरक्षित रखने एवं पल्लवित करने का वचन लेते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

### फ़िल्म दिखा कर नशे के विरुद्ध जागरूक किया, संकल्प के साथ शपथ दिलवाई



**सतवास/देवास, निप्र।** नशे से दूरी बहुत जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत पुलिस थाना सतवास के द्वारा अभिप्रेरित करने वाली फ़िल्म दिखाई गई। सांदीपनि शाउमा.वि. सतवास में आयोजित इस समारोह में पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गहलोद के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दिलीप कुमार पुरी के नेतृत्व में यह आयोजन किया गया। इसमें मोटिवेशनल फ़िल्म दिखाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रभावी और प्रेरक उदबोधन को भी सुनाया गया और पुलिस डीजीपी भोपाल कैलाश मकवाना के प्रेरक उदबोधन् को भी स्मार्ट क्लास में स्क्रीन पर सुनवाया गया और यह बताया गया कि नशा कितना घातक है और नशा हमारे सम्पूर्ण जीवन को ही बर्बाद कर देता है। छात्र-छात्राओ से यह अपील की गई की विद्यालय में, रास्ते में और अपने गाँव में हमेशा नशे से दूरी बनाए रखनी है। ऐसे लोगो से भी सतर्क रहना है जो नशे के दल-दल में हमें ले जाने की कोशिश करते है, इनकी सुचना तत्काल पुलिस थाने पर देनी है। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाता है। कार्यक्रम में सभी बच्चो को एक बार फिर से संकल्प दिलवाया गया कि हम कभी भी नशा नहीं करेंगे। कार्यक्रम कि रुपरेखा समझाकर कार्यक्रम का संचालन स्काउट शिक्षक मनोज दुबे ने किया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र कटारा, पुलिस विभाग से सरदार मंडलोई, गणेश रावत, शंकर सिंह कनासिया, विष्णु प्रसाद मंडलोई, रवि राव जाधव, गंगाराम नरगवे, अंजलि कटारे, निशा, संदीप, राहुल, शुभम, घनश्याम, राजकुमार, अनिल भाबर, विद्यालय से रेवाराम हरियाले, मकबूल खान, तोताराम सोनेर, श्रीराम चौहान, सुनील राठौर, सुरेश रानियाँ, पंकज बैरागी, सलीम खान, चन्द्र शेखर जोशी, गणेश धूर्वे, हीरालाल बर्मन, अशोक शर्मा, अलकेश राठौर, हबीब खान, आनंद शर्मा, गजानंद यादव आयुष परसाई, चिंता मणि बैरागी, विनोद मालवीय, मनोज राठौर, सुदामा यादव, राहुल पचार, विजेंद्र अहिरवार, पार्वती भार्गव, ओम प्रकाश साँवले, सावित्री चावरे, प्रमिला कर्मा, सुनील कुशवाह, रामदीन ठाकुर आदि का सहयोग रहा।

## जय जगन्नाथ के जयघोष से गूंजा शाजापुर

# विधायक व समाजजनों ने भगवान को रथ पर किया विराजमान

विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र।** शहर में धर्म, आस्था और अपार उत्साह का अनूठा संगम शहर में देखने को मिला, जब भावसार समाज के तत्वावधान में भगवान जगन्नाथ की पारंपरिक रथयात्रा पूरे हर्षोल्लास और भव्यता के साथ निकाली गई। इस पुनीत अवसर पर श्रद्धा का विशेष केंद्र वह पल रहा, जब क्षेत्रीय विधायक अरुण भीमावद ने समाजजनों के साथ मिलकर भगवान को ससम्मान उठाकर भव्य रथ तक पहुंचाया और उन्हें विराजमान किया। गुरुवार सुबह 10 बजे भावसार समाज धर्मशाला स्थित हिंगलाज मंदिर में भगवान की महाआरती संपन्न हुई। जगन्नाथ मंदिर समिति के संयोजक रामचंद्र भावसार ने बताया कि भावसार समाज द्वारा यह रथयात्रा प्रतिवर्ष निकाली जाती है। महाआरती के पश्चात विधायक अरुण भीमावद और समाज के प्रमुख लोगों ने भगवान को रथ पर विराजमान किया, जिसके बाद भगवान जगन्नाथ अपने भक्तों को दर्शन देने नगर भ्रमण पर निकले। यात्रा के पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। जय जगन्नाथ के नारों और सुमधुर भजनों से पूरा शहर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो उठा। यात्रा मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत किया गया। इस दौरान समाजजनों के अलावा बड़ी संख्या में नगरवासियों ने भी उपस्थित रहकर भगवान के दर्शन किए और रथ खींचकर पुण्य लाभ व सुख-समृद्धि की कामना की।





### इन प्रमुख मार्गों से गुजरी रथयात्रा

हिंगलाज मंदिर से प्रारंभ होकर यह भव्य रथयात्रा शहर के कंस चौराहा, सोमवारिया बाजार, श्रीराम मार्केट, आजाद चौक, छोटा चौक, किला रोड, धानमंडी, महूपुरा रपट होते हुए मुरादपुरा रोड स्थित डासी के जगन्नाथ मंदिर पहुंची। यहां मंदिर में भगवान की विधि-विधान से विशेष पूजा-अर्चना और महाआरती की गई। इसके बाद उपस्थित सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया, जिसके साथ ही इस विशाल और ऐतिहासिक रथयात्रा का धार्मिक उल्लास के बीच समापन हुआ।

# पत्नी का हत्यारा 6 साल बाद तमिलनाडु से गिरफ्तार

विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र।** शहर के विजयनगर इलाके में अपनी ही पत्नी की चाकू मारकर हत्या करने वाले एक शातिर आरोपी को पुलिस ने 6 साल बाद तमिलनाडु से गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी पुलिस से बचने के लिए लगातार अपनी पहचान बदल रहा था और ओडिशा, छत्तीसगढ़ से लेकर तमिलनाडु तक अलग-अलग शहरों में फरारी काट रहा था। पूरे घटनाक्रम का खुलासा गुरूवार को पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम पर प्रेस वार्ता आयोजित कर किया। उन्होने बताया कि 23 अक्टूबर 2020 को देवास निवासी 30 वर्षीय ललित पंचोली पिता सुरेश पंचोली ने शाजापुर के विजयनगर स्थित अपने किराए के मकान में अपनी पत्नी की चाकू मारकर निर्मम हत्या कर दी थी। वारदात को अंजाम देने के बाद से ही आरोपी मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने इस मामले में धारा 302 और 201 के तहत प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की थी, लेकिन वह पुलिस के हाथ नहीं आ रहा था। छह साल से फरार हत्यारे को सलाखों के पीछे पहुंचाने में लालघाटी थाना प्रभारी निरीक्षक अर्जुनसिंह मुजाल्दे, उप निरीक्षक हेमंत पटेल, साइबर सेल प्रभारी प्रधान आरक्षक विकास तिवारी के साथ-साथ प्रधान आरक्षक मुकेश पटेल, जसवंत जाटव, आरक्षक अनिल सक्सेना, राजेश दांगी, घनश्याम राजपूत और रोहित बिलावलिया की विशेष भूमिका रही।

### पहचान छिपाकर कई राज्यों में काट रहा था फरारी



### एसपी के निर्देश पर एक्टिव हुई साइबर सेल

हाल ही में महिला संबंधी गंभीर अपराधों की समीक्षा बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला ने वर्ष 2020 से लंबित इस हत्या के मामले को जल्द सुलझाने और आरोपी की धरपकड़ के सख्त निर्देश दिए थे। इसके बाद एएसपी घनश्याम मालवीय और एसडीओपी अजय मिश्रा के मार्गदर्शन में लालघाटी पुलिस और साइबर सेल की एक विशेष संयुक्त टीम का गठन किया गया। साइबर सेल ने तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया तो पता चला कि आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए अपनी असली पहचान छिपाकर रह रहा है। लगातार मॉनिटरिंग के बाद पुलिस को उसकी सटीक लोकेशन तमिलनाडु के कांचीपुरम जिले में मिली। सूचना पुख्ता होते ही शाजापुर पुलिस की एक टीम तुरंत तमिलनाडु के लिए रवाना हुई और वहां योजनाबद्ध तरीके से दबिश देकर ललित पंचोली को धर दबोचा। पुलिस अब आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश करने की तैयारी कर रही है।

# बकायादारों के नामों की सूची तैयार, होगी कार्रवाई : आयुक्त



विनय उजाला

**देवास, निप्र।** संपत्तिकर एवं जलकर के बकायादारों से सख्ती से करों की वसुली करने के निर्देश आयुक्त दलीप कुमार ने निगम राजस्व वसुली की टीम को दिए। जिन बकायादारों ने संपत्तिकर व जलकर वसुली के दौरान जमा नही किए है। ऐसे बकायादारों पर कुर्की एवं जप्ती तथा नल कनेक्शन विच्छेद हेतु राजस्व अधिकारी एवं पूरी टीम को कहा तथा जिन नई पाईप लाईन से नल कनेक्शन हो चुके हैं पुरानी पाईप लाईन को बन्द करने के निर्देश दिए साथ ही जिन वार्डो से जलकर, संपत्तिकर की राशि जमा नही हो रही है उन वार्ड क्षेत्रों को चिन्हीत कर बकायादारों के नामों की सूची तैयार कर इन बकायादारो के विरूद्ध निगम अधिनियम अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश राजस्व अधिकारी अनुभूति श्रीवास्तव को निर्देश दिए। जिन वसुलीकर्ताओं के द्वारा अपने वार्ड क्षेत्रों से दिये गये वसुली के लक्ष्य अनुसार वसुली नही की जाती है तो उन वसुलीकर्ताओं के वेतन आहरण नही करने के साथ नियमानुसार कार्रवाई करने की चेतावनी भी आयुक्त ने दी।

# गलती करना अपराध नहीं है, गलती को बार-बार दोहराना अपराध है : अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर जी

### जिला कलेक्टर पहुंचे दर्शन को, किया पुष्पगिरी भ्रमण

विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** जैन ग्रन्थ स्वाध्याय समयसार जिनकी गाथाओं को आचार्य भगवंत विद्यासागर जी महाराज ने अपने प्रवचन का विषय बनाया जो हमें सिखा रहा है कि यह आत्मा जब अपने से भिन्न पदार्थ को परवस्तु जान लेता है या जब तक हम परवस्तु को अपना मान रहे हैं समझलो मिथ्याव अपने अंदर बैठा है। यह ग्रन्थ हमें दिशा बोध देता है कि हरपल अपने आत्मकल्याण को ध्यान में रखना चाहिए।

यह बात गुरुदेव ने प्रतिदिन होने वाले जिनवाणी शास्त्र ग्रन्थ समयसार के स्वाध्याय के माध्यम से अपने शिष्यों को समझाते हुए कही उन्होंने कहा कि प्रतिक्रमण, प्रत्याख्यान, और कायोत्सर्ग यह तीन बाते आप का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। प्रतिक्रमण अर्थात पूर्व में जो गलती हमसे हुई हो उसे स्वीकार कर लेना। लेकिन उस गलती को इस भाव के साथ स्वीकार करे कि अब कभी हम वह गलती नहीं करेंगे। गलती करना अपराध नहीं है गलती को बार-बार करना अपराध है। इसलिए यहां पूज्यसंत कह रहे है पाप का प्रायश्चित है पर अपराध का नहीं क्योंकि पाप की सजा कर्म देता है अपराध की सजा कानून इसी तरह प्रत्याख्यान का अर्थात जो गलतियां हमने भविष्य में की है अब हम संकल्प पूर्वक अब कभी उस गलती को नहीं दोहरायेगे। वही कायोत्सर्ग अर्थात सहन करने का मार्ग वह ध्यान मुद्रा जिसमें चाहे कुछ भी हो जाए उस ध्यान मुद्रा का खंडन न हो। व्यक्ति को आज के समय में ध्यान में ध्यान देना चाहिए लेकिन उसका ध्यान कही ओर लगा हुआ है। इसलिए परवस्तु को अपना मान लेना इससे सूक्ष्म कोई मिथ्यात्व ओर कोई हो नहीं सकता है। हमे हर पल यह सोचना चाहिए कि जो हमें दिख रहा है उससे मेरा कोई संबंध नहीं है और जिससे संबंध है वो दिख नहीं रहा है। प्रवक्ता रोमिल जैन बताया कि तीर्थ ट्रस्ट के विशेष निमंत्रण पर देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह प्रशासनिक अमले के साथ पुष्पगिरी तीर्थ पहुंचे। अधिकारियों ने तीर्थ में विराजमान गणाचार्य श्री 108 पुष्पदन्तसागरजी महामुनिराज एवं अंतर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्नसागरजी महामुनिराज ससंघ के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। जहां तीर्थ की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुएप तीर्थ में वर्तमान विकास कार्यों से अवगत कराया।

इस अवसर पर उन्होंने पुष्पगिरी तीर्थ का भ्रमण भी किया।



# जाहिर सूचना प्रकाशन के बाद पिता को पता चली बेटे की जालसाजी

### पुलिस ने पुत्र को किया गिरफ्तार

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** जमीनों के भाव क्या बढ़े, सगे रिश्तों में भी खोट आ गई। एक बेटे ने भी रुपए के लालच में जालसाजी का जाल बुना लेकिन पकड़ा गया। कलयुगी बेटे ने नकली पिता के दस्तखत कराकर रु. 11 लाख की धोखाधड़ी कर दी। धोखाधड़ी करते हुए असली भूमि स्वामी के स्थान पर अन्य व्यक्ति को खड़ा कर फर्जी नोटरी कराई गई। बेटे की करतूत पिता को तब पता चली जब जाहिर सूचना का प्रकाशन हुआ। फरियादी अर्जुन सिंह राठौड़ द्वारा थाना बरोठा पर शिकायत दर्ज कराई गई कि दलाल ईश्वर सिंह राठौड़ निवासी बरखेड़ा कोतापाई ने उसकी मुलाकात संजू पटेल से कराते हुए ग्राम बरखेड़ा स्थित भूमि का सौदा कराया। 3 जुलाई को देवास में भूमि विक्रय के संबंध में नोटरी कराई गई, जिसमें भूमि स्वामी भगवान सिंह के नाम पर एक अन्य व्यक्ति को प्रस्तुत कर उसके अंगूठे के निशान लेकर फर्जी नोटरी तैयार कराई गई। सौदे के दौरान फरियादी से पहले ?5 लाख नकद तथा बाद में ?6.11 लाख प्राप्त कर लिए गए। बाद में फरियादी द्वारा भूमि संबंधी सार्वजनिक सूचना (जाहिर सूचना) प्रकाशित कराए जाने पर वास्तविक भूमि स्वामी भगवान सिंह ने अधिवक्ता के माध्यम से लिखित आपत्ति प्रस्तुत की। जांच में सामने आया कि आरोपी संजू पटेल ने अपने पिता भगवान सिंह के स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति को प्रस्तुत कर फर्जी नोटरी तैयार कराते हुए फरियादी से लगभग रु. 11 लाख की धोखाधड़ी की है। फरियादी की शिकायत पर थाना बरोठा पर धारा 318(4), 319(2) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते थाना प्रभारी बरोठा निरीक्षक सविता सिंह के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा विश्वसनीय मुखबिर सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी ईश्वर सिंह राठौड़ एवं संजू पटेल को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से धोखाधड़ी की राशि में से नकदी भी बरामद की गई। दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया। अग्रिम वैधानिक कार्रवाई जारी है।



#### गिरफ्तार आरोपी

ईश्वर सिंह राठौड़ पिता रूपसिंह राठौड़, उम्र 42 वर्ष, निवासी ग्राम बरखेड़ा कोतापाई, जिला देवास। संजू पटेल पिता भगवान सिंह पटेल, उम्र 38 वर्ष, निवासी ग्राम बरखेड़ा कोतापाई, जिला देवास।

## शुरुआती बारिश में ही सड़क की हालत बद से बदतर

# डकाचिया फाटा से पोलाय जागीर तक सड़क जर्जर, राहगीर परेशान

विनय उजाला

**टोंक खुर्द।** सोनकच्छ विधानसभा के अंतर्गत ग्राम डकाचिया फाटा से पोलाय जागीर तक लगभग 3.86 किलोमीटर सड़क की हालात पूरी तरह से खराब हो चुकी है। ऐसे में पिछले दो वर्षों से वाहन चालक हादसे का शिकार हो रहे हैं। सड़क की हालत ऐसी हो गई है कि पैदल चलने वालों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे बड़ी समस्या स्कूली बच्चों के साथ होती है ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पूरी तरह से खस्ताहाल हो चुकी है शुरुआती बारिश में ही इसकी हालात बदतर हो गई है, इस सड़क का जल्द से जल्द निर्माण कराया जाए।

**बच्चों को भी हो रही परेशानी :** डकाचिया के पूर्व सरपंच मनोहर यादव, दौलत सिंह यादव, अमर सिंह यादव, जगदीश प्रजापति, संजय यादव, मधु कुंभकार, मोहन मिस्त्री, कमल सिंह सेठ, माखन यादव, अर्जुन यादव, गोपाल यादव, रामचरण यादव, हिम्मत सिंह यादव, राजेंद्र पटेल, कमल सिंह यादव, जगदीश प्रजापति व धर्मेंद्र यादव ने बताया कि सड़क खराब होने से सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है स्कूल के बच्चे पैदल जाते हैं जिससे उन्हें निकालने में दिक्कत होती है ऐसे में ग्रामीण अपने खेतों के कार्य छोड़कर बच्चों को वाहनों से स्कूल छोड़ने जा रहे हैं ग्राम पोलाय जागीर में शासकीय हाई स्कूल मौजूद है व ग्राम बावई में हाई सेकेंडरी स्कूल है जहां आसपास के कई गांव के विद्यार्थी पढ़ने जाते हैं।



**इस रास्ते से निकलने पर समय की होती है बचत :** ग्रामीणों ने बताया यह सड़क डकाचिया, पोलाय जागीर, पांदा जागीर, गुराडिया, नोसराबात, बाबई, सांवेर, सोनकच्छ, एवं इंदौर भोपाल हाईवे से जुड़ा हुआ है इसके सहित दर्जनों गांवो को सोनकच्छ तहसील मुख्यालय से भी जोड़ती है इस मार्ग से सोनकच्छ से हाटपिपलिया जाने के लिए भी कम दूरी का सफर तय करना होता है साथ ही समय की बचत भी होती है ग्रामीणों का कहना है कि हम पिछले दो साल से परेशान हो रहे हैं पहले सोनकच्छ पहुंचने में केवल 10 मिनट लगते थे लेकिन अब सड़क खराब होने के कारण 30 मिनट से भी ज्यादा का समय लग रहा है बारिश में तो हालात और भी खराब हो जाती है ग्रामीणों के अनुसार डकाचिया पोलाय जागीर के बीच में स्थित नाले पर बनी पुलिया भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है इसके दोनों तरफ रेलिंग भी नहीं है जिससे हादसों का डर बना रहता है वही बीच में भी बड़े-बड़े गड्ढे हो रहे हैं।

### क्या कहते हैं, जिम्मेदार

सड़क निर्माण के लिए प्रस्ताव, बनाकर शासन को भेज दिया गया है स्वीकृति भी मिल गई है बरसात बाद टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही रोड का निर्माण कार्य चालू कर दिया जाएगा।

**- संतोष मसारे, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना**

जल्द ही इस रोड का सुधार नहीं किया गया तो हम ग्रामीणों के साथ मिलकर देवास जिला कलेक्टर एवं सोनकच्छ एसडीएम को ज्ञापन देने के बाद एक आंदोलन किया जावेगा।

**- मिथुन यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, भोरासा**

# गोल्डन जुबली समारोह संपन्न



## गुरुओं का बुके भेंट कर किया सम्मान

आदरणीय गुरुजनों, विशेष अतिथि के सम्मान अभिनन्दन सत्र मे श्री अखोते सर का सहपाठी राहुल जैन, सन्तोष मिश्रा, रमेश पाटीदार, प्रवीण पिथाडिया, अनिल खंडेलवाल ने एवं श्री सकलेचा सर का सहपाठी राकेश खंडेलवाल, मोहित भारूका, त्रिभुवन लड्ढा, जगदीश वाधवानी, सुरेश चान्दवानी ने तथा डॉ जेन सर का सहपाठी आर एस गोयल, अभय कोठारी, पवन गोयल, शरद खंडेलवाल, महेश सेठिया, प्रदीप मांडलिया ने कंठी माला, दुपट्टा पहनाकर व शाल ओढ़ाकर, मोमेंटो भेंट कर सम्मान, अभिनन्दन किया। आदरणीया श्रीमति अरुणा जी जेन का सहपाठी जीवनसाथी जिज्ञासा पारीख, राजश्री जेन, जयश्री शाह, शेलजा मांडलिया ने दुपट्टा, कंठी माला पहनाकर, बुके भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि श्री सुरेश जोशी जी का सहपाठी अनुराग जैन, विपिन शाह, अशोक बाफना, कमलेश व्यास, परेश देसाई, जितेन्द्र फुमकिया ने कंठी माला, दुपट्टा पहनाकर व शाल ओढ़ाकर, मोमेंटो भेंट कर सम्मान, अभिनन्दन किया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं परिजनों को सभी गुरुजनों ने उदबोधन में कालेज दिनों के संस्मरणों के साथ आशीर्वाद दिया तथा श्री जोशी जी ने ग्रुप के साथियों के साथ आत्मिय संबंधों के बारे में बताया।

विनय उजाला

**इंदौर।** गुजराती कालेज इन्दौर मे वर्ष 1976 मे बी काम प्रथम वर्ष में प्रवेशित छात्र - छात्राओं ने अपने ग्रुप गुजराती कामर्स कालेज साथी ग्रुप इन्दौर के तत्वावधान में 'प्रवेश के 50 वर्ष 'के नाम पर गोल्डन जुबली समारोह दिनांक 12 जुलाई 2026 को भंडारी फार्म एवं रिसोर्ट कनाड़िया जंक्शन बायपास रोड पर आयोजित किया। कार्यक्रम में सहपाठी सपरिवार जीवनसाथी, परिजनों के साथ उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में सहपाठी - मोहित भारूका, राजेन्द्र मकवानी, कमलेश शर्मा, ओम प्रकाश असावा, अल्पेश शाह, परेश देसाई, महेश सेठिया, विपिन शाह, राजेन्द्र पटेल, शरद याज्ञनिक, राजीव अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, शरद खंडेलवाल, अनुराग जैन, एम.एल. विजयवर्गीय, योगेश शाह, हेमन्त जेन, प्रदीप मांडलिया, लोकेंद्र पुराणिक, अभय कोठारी, राधेश्याम अग्रवाल, राजेन्द्र गुप्ता, अनिल खंडेलवाल, राजेश जेन, जितेन्द्र फुमकिया, पवन गोयल, कमलेश व्यास, रमा काबरा, हेमंत भावसार, सुरेश चान्दवानी, हितेश मेहता, शेखर पुरंदरे, प्रकाश आहुजा, राकेश खंडेलवाल, अशोक चोरसिया, श्रीकांत पारीख, राहुल जैन, सुरेन्द्र जैन, कमलसिंह ठाकुर, ओम प्रकाश जोशी, नरेंद्र जेन, मयुर शाह, प्रवीण पिथाडिया, कृष्ण मुरारी खंडेलवाल राजेन्द्र जेन, शांतिलाल डागरिया, अशोक बाफना, राजकुमार सुराणा, त्रिभुवन लड्ढा समस्त निवासी इन्दौर तथा मुकेश मेहता मुम्बई, अनिल जैन खंडवा, महेश अग्रवाल महू अपने जीवन साथी सहित, ओ पी बेन्डवाल पुणे परिजन सहित उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सुधीर मेहता, राजीव अग्रवाल, रसीक अमलानी, रमेश पाटीदार रंगवासा, जगदीश वाधवानी महेश मालवीय, सतीश मल्होत्रा, शेलेन्द्र मोदी, अजय अजमेरा, योगेश कोठारी, दिनेश जेन, माधव रोचवानी, विमल नाहर, आर एस गोयल, अनिल पाटनी, विजय सोलंकी, सन्तोष मिश्रा, योगेश गुप्ता, सपन बेनर्जी, राजेन्द्र गणात्रा, कल्पेश पटेल, अशोक सोलंकी, विजय गोयनका, राममनोहर गोयल, मिलन पंड्या, सीमा भिसे, रानी कालरा, भावना पठानिया, समस्त निवासी इन्दौर एवं सुनील जेन जयपुर, मुम्बई से चेतना संघवी, संगीता भट्ट, मालती डोसी, पुणे से पल्लवी गर्दे एकल उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर 10 बजे के पूर्व ही अधिकांश मित्रों ने उपस्थिति प्रारंभ कर दी थी स्वल्पाहार, चाय स्नेक्स के साथ परस्पर परिचय, चर्चाओं के दोर चलते रहे।

परिचय सत्र की अनोपचारिक शुरुआत के पूर्व एंकर सुश्री अनुभूति निगम रेडियो जॉकी, वायस ओवर आर्टिस्ट, कंटेंट रायटर का परिचय कार्यक्रम संयोजक श्री विजयवर्गीय ने कराया। अनुभूति जी का स्वागत सहपाठी चेतना संघवी, सीमा भिसे ने कंठी माला, दुपट्टा पहनाकर, बुके भेंट कर किया। म्युजिक कंसर्ट के कलाकार श्री राजेश जी गोगले का स्वागत मित्र हरेश शाह, राजेन्द्र पटेल ने तथा श्रीमती सुनीता जी जोशी का स्वागत सहपाठी पल्लवी गर्दे, मिलन पंड्या ने कंठी माला, दुपट्टा पहनाकर व बुके भेंट कर किया। म्युजिक कंसर्ट की शुरुआत राजेश जी ने याराना मुवी के गाने 'तेरे जैसा यार कहां, कहा ऐसा याराना' से की एवं तत्पश्चात सुनीता जी ने ममता मुवी के ओल्ड इज़ गोल्ड सांग 'रहे ना रहे हम महका करेंगे 'से अपनी मधुर आवाज में प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के महत्वपूर्ण भाग 'परिचय सत्र' की शुरुआत मित्रों ने मंच के सामने आकर की, इस सत्र मे सहपाठीयो का साथ आये जीवनसाथियों ने बखूबी से दिया। सभी मित्रों ने समय-सीमा का पालन करते हुए स्वयं, जीवनसाथी, बच्चों व अन्य जानकारी से अन्य साथियों को अवगत कराया। परिचय सत्र के अन्तिम दोर मे आदरणीय गुरुजन श्री अखोते सर, श्री सकलेचा सर व डा जेन सर, श्रीमति जेन मेडम तथा विशेष अतिथि श्री सुरेश जोशी एडिशनल कमिश्नर से.नि. स्टेट जी एस टी का आगमन हुआ।

म्युजिक कंसर्ट के द्वितीय चरण में राजेश जी व सुनीता जी ने युगल गीतो मे सर्व प्रथम 'थोड़ी सी बेवफाई' मुवी का गाना 'आंखो मे हमने आपके सपने सजाए हैं' तथा ओल्ड इज़ गोल्ड मुवी चोरी - चोरी का सांग 'आ जा सनम मधुर चांदनी में हम' की प्रस्तुति दी।

आज के कार्यक्रम के द्वितीय एवं महत्वपूर्ण भाग 'गुरूजन-सम्मान' के लिए आदरणीय गुरुजन सर्व श्री एस एल अखोते सर को सहपाठी ओम जोशी, राजीव अग्रवाल एवं श्री श्रीपाल सकलेचा सर को सहपाठी शरद याज्ञनिक, हेमंत जैन तथा डा.जेन सर- श्रीमति अरुणा जी जेन मेडम को योगेश कोठारी, विजय सोलंकी ससम्मान मंच पर लाये। विशेष अतिथि श्री सुरेश जोशी जी को हेमंत भावसार, कमलसिंह ठाकुर ससम्मान मंच पर लाये। दीप प्रज्वलन मे आदरणीय गुरुजनों व विशेष अतिथि द्वारा मां सरस्वती जी के फोटो पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस यादगार पल के लिए मंच पर सहपाठी चेतना संघवी, संगीता भट्ट, मिलन पंड्या, पल्लवी गर्दे, सीमा भिसे, भावना पठानिया, मालती डोसी, रमा काबरा, रानी कालरा तथा बाहर से आए सहपाठी मुकेश मुम्बई, सुनील जेन जयपुर, अनिल जैन खंडवा, महेश अग्रवाल महू, ओ पी बेंडवाल पूणे की गरिमामय उपस्थिति रही।

स्वागत भाषण मे एम.एल. विजयवर्गीय से.नि. ज्वाइंट कलेक्टर (ग्रुप एडमिन व कार्यक्रम संयोजक) ने ग्रुप स्थापना की वर्ष 2022 से अभी तक की प्रगति, उपलब्धि, कार्यक्रमो की जानकारी संक्षिप्त मे दी। गुरुजनों व विशेष अतिथि का परिचय क्रमशः सहपाठी हितेश मेहता, अल्पेश शाह, नरेंद्र जेन, शेलेन्द्र मोदी ने दिया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन का दायित्व सहपाठी राजेन्द्र मकवानी से.नि. जिला शिक्षा अधिकारी ने निभाया। अंत मे दिवंगत गुरुजनों, दिवंगत सहपाठीयो व दिवंगत सहपाठीयो के जीवन-साथीयो के लिए दो मिनट मोन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। सभी मित्रों, परिजनों, ने गुरुजनों, विशेष अतिथि के साथ सुस्वादु स्नेह भोज का आनंद लिया। सभी आदरणीय महानुभावों, मित्रों, जीवनसाथीयो ने कार्यक्रम की योजना, मिनिट टू मिनट कार्यक्रम व स्वल्पाहार व स्नेह भोज, तथा मंच संचालिका सुश्री अनुभूति निगम, हारमोनिक ग्रुप के कलाकार राजेश जी, सुनीता जी की प्रस्तुति की प्रशंसा की। सभी के द्वारा भविष्य में समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के सुझाव दिए।

मित्रों, जीवनसाथीयो ने गुरुजनों के सानिध्य में 7 घंटे से अधिक का समय बिताया। पुनः मिलन की चाहत के साथ अपने - अपने गन्तव्य की ओर मधुर स्मृतियां लेकर प्रस्थित हुए।

## एमजी कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने ली नशामुक्ति की शपथ, एसपी ने गिनाए दुष्परिणाम

**शाजापुर, निप्र।** जिलेभर में युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए नशे से दूरी है जरूरी-2.0 अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार 16 जुलाई को शहर के प्रतिष्ठित एमजी कॉन्वेंट स्कूल में पुलिस विभाग द्वारा एक विशेष नशा मुक्ति एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने जीवन भर नशे से दूर रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद शाजापुर पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने बच्चों को नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए कहा कि एक सफल इंसान बनने के लिए नशे से दूर रहना सबसे महत्वपूर्ण है। एसपी शुक्ला ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए संदेश दिया कि वे न केवल स्वयं को इस बुराई से दूर रखें, बल्कि अपने परिवार, मित्रों और आस-पड़ोस के लोगों को भी नशामुक्त बनाने के लिए जागरूक करें। कार्यक्रम के दौरान एसपी द्वारा सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों को नशामुक्ति की सामूहिक शपथ दिलाई गई। इस जन-जागरूकता कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शाजापुर अजय मिश्रा, रक्षित निरीक्षक वंदना सिंह, यातायात थाना प्रभारी सौरभ शुक्ला और सूबेदार दीपिका डाबर मौजूद रहीं।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डही में समयपूर्व जुड़वा ब्रीच प्रसव सफलतापूर्वक संपन्न

## गंभीर अवस्था के नवजात का लगभग एक घंटे तक पुनर्जीवन एवं स्थिति स्थिर करने के उपरांत उच्च स्तरीय उपचार हेतु रेफरल प्रक्रिया प्रारंभ

विनय उजाला

**डही, निप्र। ग्राम चिवान्यापुरा, बड़वान्या निवासी श्रीमती बबीता पति श्री रविन्द्र डोडवा ( आयु 18 वर्ष ) प्रसव पीड़ा की अवस्था में फैमिली एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डही लाई गई। प्रसूता पूर्ण प्रसव पीड़ा में थी तथा दोनों भ्रूण ब्रीच प्रेजेंटेशन में होने एवं प्रसव की उन्नत अवस्था के कारण उच्च संस्थान रेफर करने के लिए पर्याप्त समय उपलब्ध नहीं था। ऐसी आपातकालीन स्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डही में तत्काल सुरक्षित प्रसूति सेवाएं प्रदान की गईं।**



बाद में परिजनों द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों, पूर्व की सोनोग्राफी रिपोर्ट एवं अन्य चिकित्सीय अभिलेखों के अनुसार प्रसूता की अनुमानित प्रसव तिथि (EDD) 12 सितम्बर 2026 थी। इस आधार पर यह प्रसव लगभग दो माह पूर्व (करीब 32 सप्ताह की गर्भावस्था में) हुआ, अतः यह समयपूर्व (Preterm) जुड़वा प्रसव था।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डही में डॉ. जगदीश पटेरिया, बीएमओ के प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण एवं चिकित्सकीय मार्गदर्शन में नर्सिंग ऑफिसर सुश्री नीना डोडवा द्वारा सफलतापूर्वक जुड़वा (Twin) ब्रीच प्रसव कराया गया। प्रथम कन्या शिशु का जन्म प्रातः 06:44 बजे तथा द्वितीय कन्या शिशु का जन्म प्रातः 06:56 बजे हुआ।

प्रथम नवजात का जन्म वजन 1.300 किलोग्राम तथा द्वितीय नवजात का जन्म वजन 1.535 किलोग्राम रहा।

दोनों नवजात समयपूर्व (Preterm) एवं Very Low Birth Weight (VLBW) श्रेणी के थे, जिसके कारण जन्म के तुरंत बाद विशेष नवजात देखभाल की आवश्यकता थी।

जन्म के समय द्वितीय नवजात शिशु ने रोना प्रारंभ नहीं किया तथा स्वतः श्वास नहीं ले रही थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डॉ. जगदीश पटेरिया ने तत्काल नवजात का Neonatal Resuscitation प्रारंभ किया। पुनर्जीवन की प्रक्रिया के दौरान शिशु के श्वसन मार्ग से blood-stained mucus की सक्शनिंग की गई तथा आवश्यक बैग एवं मास्क वेंटिलेशन, ऑक्सीजन सपोर्ट, ताप संरक्षण, आवश्यक दवाइयाँ एवं अन्य मानक पुनर्जीवन संबंधी उपचार प्रदान किए गए। इस दौरान नर्सिंग ऑफिसर सुश्री नीना डोडवा द्वारा डॉ. पटेरिया को सतत सहयोग प्रदान किया गया। लगभग एक घंटे तक निरंतर किए गए प्रयासों के उपरांत नवजात ने स्वतः श्वास लेना प्रारंभ किया, रोने लगा तथा उसकी स्थिति में संतोषजनक सुधार हुआ।

इसके पश्चात माता एवं दोनों नवजातों को आवश्यक प्रारंभिक उपचार प्रदान कर उनकी स्थिति स्थिर (Stabilize) की गई। दोनों नवजातों का जन्म समयपूर्व एवं अत्यंत कम जन्म वजन (Very Low Birth Weight) श्रेणी में होने के कारण प्रातः लगभग 08:00 बजे उन्हें उच्च स्तरीय उपचार हेतु जिला चिकित्सालय बड़वानी रेफर करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई तथा एम्बुलेंस सेवा को तत्काल सूचित कर परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई, ताकि दोनों नवजातों को SNCU/NICU में भर्ती कर विशेषज्ञ शिशु रोग चिकित्सकों की निगरानी में आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया जा सके। उल्लेखनीय है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डही में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की भारी कमी होने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग निरंतर 24म7 आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। वर्तमान में संस्थान में चिकित्सकों की सीमित उपलब्धता के बीच भी स्वास्थ्य सेवाएं निर्बाध रूप से संचालित की जा रही हैं। सीमित मानव संसाधनों के बावजूद चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी अतिरिक्त, डबल एवं ट्रिपल ड्यूटी करते हुए आमजन को समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं।

आज की यह सफल समयपूर्व जुड़वा ब्रीच डिलीवरी एवं गंभीर नवजात के लगभग एक घंटे तक चले सफल पुनर्जीवन, स्थिति स्थिरीकरण तथा समय पर उच्च स्तरीय उपचार हेतु रेफरल प्रक्रिया स्वास्थ्य विभाग की सेवा भावना, त्वरित निर्णय क्षमता, कर्तव्यनिष्ठा एवं आपातकालीन परिस्थितियों में प्रभावी कार्यप्रणाली का उत्कृष्ट उदाहरण है।

## शाजापुर में प्रकृति और मातृत्व का अनूठा संगम, विधायक अरुण भीमावद ने लगाए पौधे

**शाजापुर, निप्र।** मां के चरणों में सम्मान और धरती के प्रति जिम्मेदारी के भाव के साथ शाजापुर में एक भावुक और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला। राष्ट्रव्यापी एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शाजापुर विधायक अरुण भीमावद ने निजी स्कूल और मुरादपुरा हनुमान मंदिर परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के साथ पौधे लगाकर प्रकृति के प्रति अपने प्रेम को प्रदर्शित किया।

**वेस्टर्न रेलवे - रतलाम**

**संशोधन सूचना**

टेंडर नंबर RTM-2026-27-56 के प्रकाशन के लिए NIT नंबर W/623/5/1/NIT (दिनांकः 10/07/2026) इस कार्यालय के पत्र के माध्यम से भेजा गया था। टेंडर के लिए अतिरिक्त विशेष शर्तें जोड़ने के लिए संशोधन संख्या 1 जारी किया गया है। नियम और शर्तें वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं।

SNP-160

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**वेस्टर्न रेलवे - रतलाम**

**संशोधन सूचना**

NIT नंबर W/623/5/1/NIT तारीखः 04/07/2026 (नंबरः RTM-2026-27-64) को इस ऑफिस के संबंधित पत्रों के माध्यम से पब्लिकेशन के लिए भेजा गया था। टेंडर्स के लिए अतिरिक्त विशेष शर्त जोड़ने के लिए संशोधन नंबर 5 जारी किया गया है। नियम और शर्तें वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं।

SNP-159

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**वेस्टर्न रेलवे - रतलाम**

**शुद्धि-पत्र**

W/623/NIT/1. तारीखः 13/07/2026. टेंडर नंबरः RTM-2026-27/61. काम का नामः 1. चंदेरिया - रतलाम - चित्तौड़गढ़, निम्बाहेड़ा और शंभूपुरा स्टेशनों पर मशीन साइडिंग और उससे जुड़ी सुविधाएं देना, 2. रतलाम खंडवा - नौगांवा, बरनगर और पालिया स्टेशनों पर मशीन साइडिंग और उससे जुड़ी सुविधाएं देना और 3. चंदेरिया-रतलाम-खंडवा सेक्शन में SSE (PW) NMH, JAO, BNG, DADN और KNW के अधिकार क्षेत्र में कैजुअल रेल रिन्यूअल - कुल 11.0 Tkms. ऊपर बताया गया टेंडर, जो 5/8/2026 को खोला जाना है, उसमें नीचे दिए गए बदलाव किए गए हैं और उन्हें IREPS पर अपडेट कर दिया गया है।

| सामान | मौजूदा | बदलाव के बाद |
|---|---|---|
| अनुमानित मूल्य | ₹105091357.46 | ₹108453923.85 |
| ईएमडी | ₹2101800.00 | ₹2169100.00 |
| नया आइटम जोड़ा गया | बैलास्ट सप्लाई के लिए WR USSOR आइटम | |

SNP-158

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**:: जाहिर सूचना ::**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को हमारी पक्षकार श्रीमती जवरी पिता रंगजी सिंगाड़ (पति नारसिंग मुणिया) नि. ग्राम सामली तह. पेटलावद जिला झाबुआ (म.प्र.) की ओर से सूचित किया जाता है कि ग्राम सामली प.ह.नं. 63 तहसील पेटलावद में स्थित भूमि सर्वे नंबर 287/1 एवं 287/2 रकबा क्रमशः 0.40, 0.39 कि भूमि जो कि हमारी पक्षकारा की पेत्रक कृषि भूमि को स्वत्व एवं कब्जा हमारी पक्षकारा का है और उपरोक्त भूमि को 1. गेंदी पिता मकना सिंगाड़, 2. प्रवी पिता नानजी सिंगाड़, 3. रूकमा पति नानजी सिंगाड़ नि. ग्राम सामली तह. पेटलावद जिला झाबुआ (म.प्र.), 4. निलेश पिता रागुलाल गुंडिया, 5. मुकेश पिता रागुलाल गुंडिया, 6. ज्योति पिता रागुलाल गुंडियानि. ग्राम कचराखदान तह. पेटलावद जिला झाबुआ म.प्र. के द्वारा फर्जी तरीके से दर्ज नाम की आड़ में भूमि का विक्रय आदि किये जाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसका की कोई वैधानिक अधिकार इन लोगो को नहीं आता है।

अतः उक्त जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भूमि के संबंध में इन लोगों किसी भी प्रकार का लेन-देन समव्यवहार, रजिस्ट्री, वसीयत, दान अथवा अनुबंध या गिरवीनामा आदि नहीं करें, अन्यथा हमारी पक्षकारा उक्त समव्यवहार विधिक रूप से बंधनकारी नहीं रहेगा और समस्त जवाबदारी समव्यवहारकर्तागण या लेन-देन करने वाले की रहेगी। वास्ते सूचित हो।

**दिनांक : 13/07/2026**
**स्थान : पेटलावद**

**मनोज पुरोहित**
**एडव्होकेट**
**पेटलावद, जिला झाबुआ ( म.प्र. )**

**महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण**

ई-निविदा सुचना क्र. ०४ सन २०२६-२७

(प्रथम मागणी)

तिलारी प्रकल्पावर आधारित पाणी पुरवठा योजनेची माहे ऑगस्ट २०२६ ते मार्च २०२७ पर्यंत दैनंदिन देखभाल, निगा व दुरुस्ती करणेबाबत या कामाची निविदा कार्यकारी अभियंता, म.जी.प्रा., सिंधुदुर्गनगरी यांचे कडून मागवीण्यात येत आहे. कामाची अंदाजीत किंमत रु. ५७,४२,७६५/- आहे. सदर निविदेचा सविस्तर तपशील दिनांक १७/०७/२०२६ पासून www.mahatenders.gov.inया वेबसाईट वर उपलब्ध करून देण्यात आलेला आहे.

या निविदा कार्यक्रमाच्या सर्व तारखा www.mahatenders.gov.in या वेब पोर्टलवर अपलोड करण्यात आलेल्या ऑनलाईन निविदा सूचनेनुसार रहातील

दिनांक — १४/०७/२०२६

सही/-

**कार्यकारी अभियंता**
महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण
विभाग, सिंधुदुर्गनगरी.

आरओसी/2026-27/क्र-5/सी1753

**पश्चिम रेलवे - अहमदाबाद मण्डल**

**पुलों के पुनःनिर्माण, LCs के निरसन के संबंध में OHE परिवर्तन एवं ज़ंग लगे हुए केन्टिलिवर के प्रतिस्थापन एवं विभिन्न प्रावधान**

निविदा सूचना सं. सिनी.डीईई/टीआरडी/एडीआई/24(2026-27) दिनांक: 15/07/2026

| क्रम सं. | निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | ईएमडी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | टीआरडी-एडीआई-टी-23-2026-27 | अहमदाबाद - विरमगाम, विरमगाम - सामाखियाली और गांधीधाम - न्यु भुज में 17 नंग पुलों के पुनःनिर्माण के संबंध में OHE परिवर्तन करने का कार्य। | ₹ 38,16,322/- | ₹ 76,300/- |
| 2 | टीआरडी-एडीआई-टी-24-2026-27 | पालनपुर - सामाखियाली अनुभाग में कवर्ड एप्रोचीज सहित RUB का प्रावधान करने द्वारा LC - 50, 54, 58, 59, 60 एवं 80 के निरसन के संबंध में OHE परिवर्तन करने का कार्य। | ₹ 69,84,246/- | ₹ 1,39,700/- |
| 3 | टीआरडी-एडीआई-टी-08R2-2026-27 | अहमदाबाद मण्डल :- जंग लगे हुए केन्टिलिवर का प्रतिस्थापन, केन्टिलिवर परिवर्तन, बंदर आरोहण विरोधी उपकरण और पक्षी विरोधी डिस्क का प्रावधान, विशाल PG क्लेंप का प्रावधान तथा पावर सप्लाइ संस्थापन (PSI) में गडे हुए रेल का प्रावधान और बैटरी का प्रतिस्थापन करने का कार्य। | ₹ 9,14,85,013/- | ₹ 18,29,700/- |

सभी निविदाओं के लिए : निविदा जमा करने एवं खुलने की तिथि एवं समय: दिनांक: 12/08/2026 को 15:00 बजे तक उसके बाद नहिं एवं दिनांक: 12/08/2026 को 15:30 बजे निविदा खोली जायेगी। कार्यालय का पता एवं वेबसाईट विवरण: वरिष्ठ मण्डल बिजली इंजीनियर, म.रे.प्र. कार्यालय (प.रे.), चामुंडा ब्रिज के पास, जी.सी.एस. अस्पताल के सामने, नरोडा रोड, अमदुपुरा, अहमदाबाद-382345। वेबसाईट: www.ireps.gov.in

ADI-106

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: x.com/WesternRly

## हाट बाजार में गूंजा नशामुक्ति का संदेश, पुलिस ने लोगों को किया जागरूक

शैलेन्द्र सोनी

**डही, निप्र। पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित नशा मुक्ति अभियान 2.0 के तहत गुरुवार को डही थाना पुलिस ने साप्ताहिक हाट बाजार में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बाजार पहुंचे ग्रामीणों, युवाओं और व्यापारियों से संवाद कर नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी।**

अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, समाज और आर्थिक स्थिति को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है। नशे की लत से अपराध, घरेलू हिंसा, सड़क दुर्घटनाओं और सामाजिक विघटन जैसी समस्याएं बढ़ती हैं। लोगों से अपील की गई कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें।

थाना प्रभारी ने कहा कि नशामुक्त समाज का निर्माण तभी संभव है, जब प्रत्येक नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझते हुए इस अभियान से जुड़े। पुलिस का उद्देश्य केवल कानूनी कार्रवाई करना नहीं, बल्कि जनजागरूकता के माध्यम से युवाओं को नशे की गिरफ्त में जाने से रोकना भी है।




अभियान के दौरान पुलिस स्टाफ ने उपस्थित लोगों को नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्परिणामों की विस्तार से जानकारी देते हुए स्वस्थ, सुरक्षित और नशामुक्त जीवन अपनाने का संकल्प भी दिलाया। साप्ताहिक हाट बाजार में बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने अभियान का समर्थन करते हुए नशे से दूर रहने का संकल्प लिया।

## हल चलाते समय खेत में निकली 15 फीट गहरी सुरंग

### बैल का पैर फंसने पर पता चला, ग्रामीण बोले खजाना भी हो सकता है

सैयद रिज़वान अली

**बाकानेर। धार जिले के बाकानेर से 4 किलोमीटर मारुति शोरूम वर्क शॉप के समीप ग्राम कोलीपुरा अजंदी मान स्थित एक खेत में हल चलाते समय 10 से 15 फीट गहरी रहस्यमयी सुरंग मिलने से इलाके में कौतूहल का माहौल है। बुधवार शाम 5 बजे को सामने आई इस घटना के बाद आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण सुरंग देखने पहुंच रहे हैं। किसान ने एहतियात के तौर पर लोगों को सुरंग के भीतर जाने से मना किया है।**

किसान टीकम देवड़ा ने बताया कि वे रोज की तरह अपने खेत में बैलों से हल चला रहे थे। इसी दौरान अचानक एक बैल का पैर जमीन धंसने से बने गड्ढे में फंस गया। ग्रामीणों की मदद से बैल को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इसके बाद जब आसपास देखा गया तो वहां 10 से 15 फीट गहरी सुरंग जैसा गहरा गड्ढा दिखाई दिया, किसान ने बताया कि वह कई वर्षों से इसी खेत में खेती कर रहे हैं और हर साल फसल भी लेते रहे हैं। पहले कभी इस तरह की कोई जानकारी नहीं मिली। अचानक जमीन के नीचे सुरंग मिलने से पूरा परिवार और ग्रामीण हैरान हैं।

ग्रामीण चर्चा कर रहे थे बहुत पहले गुर्जर बस्ती रही है यहां पास में ही हो सकता सुरंग मै से बावड़ी मै जाने का रास्ते की हो सकती है। वहीं यह संभावना भी जताई जा रही है कि किसी पुराने विकास कार्य, जैसे पाइपलाइन या नहर निर्माण के दौरान यह संरचना बनी हो। उन्होंने बताया कि गांव मांडव क्षेत्र के निकट स्थित है। सुरंग मिलने की खबर फैलते ही बुधवार शाम से



सुबह गुरुवार से बड़ी संख्या में ग्रामीण और किसान मौके पर पहुंचने लगे। फिलहाल सुरंग की वास्तविक प्रकृति और उसके इतिहास का पता लगाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर जांच की संभावना जताई जा रही है। हो सकता हो सुरंग के अंदर पुरानी आबादी बस्ती रही हो कुछ लोग कह रहे है गड्ढा ऐसा लग रहा है जैसे जमीन मै बड़ा बर्तन राजन खसक गया हो जिसके नसीब का होगा उसको मिलेगा खजाना भी हो सकता है। बर्तन मै कुछ भी हो सकता है, पुराने जमाने का, ऐसे चर्चा है, प्रशासन सजगता से देखे तो जांच करे और आसपास खुदाई करे तो ही मालूम पड़ सकता है।

**पश्चिम रेलवे द्वारा बांद्रा टर्मिनस ⟷ आजमगढ़ के बीच साप्ताहिक विशेष ट्रेन का संचालन**

| गाड़ी संख्या | प्रारंभिक एवं गंतव्य स्टेशन | प्रभावी कार्य दिवस | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 05184 | बांद्रा टर्मिनस-आजमगढ़ | 20.07.2026 से 28.09.2026 | 10.45 बजे (सोमवार) | 00.25 बजे (बुधवार) |
| 05183 | बांद्रा टर्मिनस-आजमगढ़ | 18.07.2026 से 26.09.2026 | 22.30 बजे (शनिवार) | 08.10 बजे (सोमवार) |

पड़ाव : बोरीवली, सूरत, वडोदरा, रतलाम, नागदा, कोटा, बयाना, ईदगाह आगरा, टूंडला, गोविंदपुरी, सूबेदारगंज, प्रयागराज रामबाग, ज्ञानपुर रोड, बनारस, औंरिहार, मऊ और मुहम्मदाबाद स्टेशन दोनों दिशाओं में।

संरचना : एसी 3-टियर (इकॉनामी), शयनयान एवं सामान्य द्वितीय श्रेणी के डिब्बे।

संबंधित विशेष गाड़ियों के पड़ावों संबंधित विस्तृत समय की सूचना हेतु कृपया www.equiry.indianrail.gov.in पर संपर्क करे।

गाड़ी संख्या 05184 की बुकिंग 18.07.2026 से सभी पीआरएस काउंटर्स तथा आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरु हो गई है। उपरोक्त ट्रेन विशेष किराये पर विशेष ट्रेन के रूप में चलेगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक एवं फॉलो करें :
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के साथ अपना वास्तविक पहचान पत्र भी साथ रखें

स्पेन-अर्जेंटीना में महामुकाबला रविवार को...

# युवा जोश बनाम चैंपियन का अनुभव... दो दिन बाद दुनिया देखेगी विश्व फुटबॉल की सबसे बड़ी जंग

नई दिल्ली, एजेंसी

**विश्व फुटबॉल का सबसे बड़ा महाकुंभ अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुका है। 19 जुलाई को न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में फीफा विश्व कप 2026 का फाइनल खेला जाएगा, जिसमें यूरोपीय चैंपियन स्पेन और मौजूदा विश्व विजेता अर्जेंटीना आमने-सामने होंगे।**

भारतीय समय के अनुसार मैच 20 जुलाई की रात 12:30 बजे शुरू होगा। एक ओर लियोनेल मेसी की अगुआई वाली अर्जेंटीना लगातार दूसरी बार विश्व कप खिताब जीतने की कोशिश करेगी, तो दूसरी ओर युवा खिलाड़ियों से सजी स्पेनिश टीम 2010 के बाद पहली बार विश्व कप ट्रॉफी अपने नाम करने के इरादे से मैदान में उतरेगी। यह मुकाबला सिर्फ दो देशों के बीच नहीं, बल्कि अनुभव और युवा जोश, सामूहिक खेल और व्यक्तिगत प्रतिभा, धैर्य और गति की भी टक्कर होगा। नॉकआउट चरण में पहुंचने के बाद दोनों टीमों ने अपने खेल का स्तर और ऊंचा किया। स्पेन ने अनुशासित रक्षा, तेज़ पासिंग और गेंद पर नियंत्रण के दम पर एक के बाद एक मजबूत टीमों को हराया।

दूसरी ओर अर्जेंटीना ने कठिन परिस्थितियों में भी वापसी करते हुए साबित किया कि बड़े टूर्नामेंट में अनुभव और मानसिक मजबूती कितनी अहम होती है। यही कारण है कि दोनों टीमें अब विश्व फुटबॉल की सबसे प्रतिष्ठित ट्रॉफी से सिर्फ एक जीत दूर हैं।





## हैरी केन बोले- अभी मेरा खेल बाकी है...

इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन ने अर्जेंटीना के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में 2-1 की हार के बाद कहा कि यह कहना अभी जल्दबाजी होगी कि यह उनका आखिरी विश्व कप था या नहीं। उन्होंने माना कि एक बार फिर टीम उसी तरह हार गई, जैसी पिछले बड़े टूर्नामेंटों में हारती रही है। मुझे लगता है कि यह वही कहानी है, जो पिछले बड़े टूर्नामेंटों में भी देखने को मिली। करीब 60 मिनट तक हमने मैच की गति पर शानदार नियंत्रण रखा। हमने गोल किया और बढ़त हासिल कर ली।

**इंग्लैंड के कोच बने रहेंगे थॉमस ट्यूखल...** अर्जेंटीना से 2-1 की हार के बावजूद इंग्लैंड के मुख्य कोच थॉमस ट्यूखल ने साफ कर दिया है कि वह टीम के साथ बने रहेंगे और यूरो 2028 तक इंग्लैंड के कोच की जिम्मेदारी निभाएंगे। उन्होंने अर्जेंटीना के खिलाफ अपनाई गई अपनी रणनीति का भी बचाव किया। विश्व कप शुरू होने से पहले ही ट्यूखल ने फुटबॉल एसोसिएशन (एफए) के साथ अपने अनुबंध का विस्तार कर लिया था, जो उन्हें यूरो 2028 तक इंग्लैंड का मुख्य कोच बनाए रखेगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनके फैसले गलत थे, तो उन्होंने कहा नहीं, मुझे ऐसा बिल्कुल नहीं लगता। उन फैसलों की जिम्मेदारी मेरी है और आलोचना भी मैं ही स्वीकार करूंगा।

भारत बनाम इंग्लैंड मैच में नया कारनामा

# रोहित-कोहली की जोड़ी बनी आठ हजारी...



कार्डिफ, एजेंसी

**रोहित शर्मा और विराट कोहली की जोड़ी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 8 हजार रन पूरे कर लिए हैं। 'रो-को' ने यह कारनामा गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ जारी वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में किया।**

यह भारत के लिए सभी फॉर्मेट में सर्वाधिक रन जोड़ने के मामले में तीसरे नंबर की जोड़ी है। इस लिस्ट में सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली सबसे आगे हैं, जिन्होंने सभी फॉर्मेट में कुल 12,400 रन जुटाए। इसके अलावा, तेंदुलकर ने राहुल द्रविड़ के साथ 11,037 रन जोड़े हैं। इस लिस्ट में सौरव गांगुली और राहुल द्रविड़ की जोड़ी चौथे स्थान पर है, जिन्होंने तीनों फॉर्मेट में कुल 7,626 रन जुटाए हैं, जबकि वीरेंद्र सहवाग ने गौतम गंभीर के साथ 7,199 रन जुटाए हैं।

**कार्डिफ में 65 रन...** गुरुवार को कार्डिफ मैच में विराट कोहली की बेहतरीन पारी का अंत जोफ्रा आर्चर ने किया। एक गेंद पर डीआरएस से बचने के बाद कोहली अगली ही गेंद पर पुल शॉट खेलते हुए टॉप एज दे बैठे। आदिल रशीद ने डीप थर्ड मैन पर आसान कैच लपक लिया। कोहली ने 66 गेंदों में 65 रन बनाए। उनकी पारी में 8 चौके शामिल रहे। इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। भारतीय टीम एक बदलाव के साथ उतरी थी।

जापान ओपन में जारी है सिंधु का सफर

# विश्व नंबर-5 हान को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं पीवी

टोक्यो, एजेंसी

भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए चीन की विश्व नंबर-5 खिलाड़ी हान यूए को सीधे गेम में हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। विश्व नंबर-10 सिंधु ने दूसरे दौर के मुकाबले में महज 35 मिनट में हान यूए को 21-16, 21-14 से हराया। यह इस सीजन में सिंधु के सबसे बेहतरीन प्रदर्शनों में से एक माना जा रहा है।

मुकाबले की शुरुआत में सिंधु थोड़ी धीमी नजर आईं, लेकिन पहले गेम के मध्य तक उन्होंने शानदार वापसी करते हुए रैलियों पर नियंत्रण बना लिया और बढ़त हासिल कर ली। दूसरे गेम में सिंधु पूरी तरह हावी रहीं। उन्होंने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाते हुए 8-0 की बढ़त बनाई और फिर आसानी से मैच अपने नाम कर लिया। क्वार्टर फाइनल में सिंधु का सामना जापान की नोजोमी ओकुहारा से होगा।



## तनिषा-ध्रुव की जोड़ी बाहर

इस जीत के साथ सिंधु टूर्नामेंट में भारत की एकमात्र चुनौती बची हैं। मिश्रित युगल में तनिषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की जोड़ी प्री-क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी ने कड़ा मुकाबला किया, लेकिन चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी फेंग यान झे और हुआंग डोंग पिंग से 20-22, 17-21 से हार गई। 47 मिनट तक चले इस मुकाबले में भारतीय खिलाड़ियों ने संघर्ष जरूर किया, लेकिन जीत हासिल नहीं कर सके।

# बुडापेस्ट रैंकिंग सीरीज 2026 में अमन सहरावत ने जीता गोल्ड

बुडापेस्ट, एजेंसी

ओलंपिक कांस्य विजेता और अंडर-23 एशियाई चैंपियन अमन सहरावत ने बुधवार को बुडापेस्ट रैंकिंग सीरीज 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों के 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग का स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। पोल्याक इमरे, वर्गा जानोस और कोजमा इस्तवान मेमोरियल सीनियर रैंकिंग टूर्नामेंट (बुडापेस्ट रैंकिंग) के फाइनल में अमन ने जॉर्जिया के रोबर्टी डिंगाशविली को 13-3 से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराकर खिताब जीता। 22 वर्षीय अमन सहरावत ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह दुनिया के उभरते हुए सर्वश्रेष्ठ पहलवानों में शामिल हैं।



# पिता के त्याग ने मेरे सपनों को दी उड़ान : सोनम

नई दिल्ली, एजेंसी

कोल्हापुर की 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाज सोनम उत्तम मस्कर अब 2026 एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं। इस मुकाम तक पहुंचने के पीछे उनके पिता के बड़े त्याग और परिवार के संघर्ष की कहानी छिपी है। 23 वर्षीय सोनम सितंबर में जापान के आइची-नागोया में होने वाले 20वें एशियाई खेलों में भारतीय निशानेबाजी टीम का हिस्सा होंगी। शूटिंग प्रतियोगिताएं 17 सितंबर से 3 अक्टूबर तक आयोजित होंगी।

सोनम ने एक आधिकारिक बयान में बताया कि कोविड-19 महामारी के बाद उनका परिवार आर्थिक संकट से गुजर रहा था। इसी दौरान उन्हें पेशेवर शूटिंग की प्रैक्टिस के लिए उपकरणों की जरूरत थी, लेकिन उसकी कीमत परिवार के लिए बड़ी चुनौती थी। तब उनके पिता उत्तम मारुति मस्कर ने अपनी बेटी का सपना पूरा करने के लिए अपनी एक संपत्ति बेच दी।



## व्यापार

### संक्षिप्त समाचार

## डीजल, एटीएफ निर्यात पर विंडफॉल टैक्स बढ़ाया, पेट्रोल पर सरकार ने की शुल्क में कमी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी संकट, भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच सरकार ने पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात पर लगने वाले विंडफॉल टैक्स (अप्रत्याशित लाभ कर) में बदलाव किया है। केंद्र सरकार ने 16 जुलाई से डीजल और विमानन ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर विंडफॉल टैक्स बढ़ा दिया है, जबकि पेट्रोल के निर्यात पर शुल्क को घटाया है। वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी (एसएईडी) के तहत पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात शुल्क में यह संशोधन किए गए हैं। डीजल के निर्यात पर लगने वाले विंडफॉल टैक्स को 8.50 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 15.50 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। विमानन ईंधन के निर्यात पर भी टैक्स 7.50 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 14.50 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। इसी तरह पेट्रोल के निर्यात पर शुल्क 4 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 2.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। इससे पहले 16 मई को पेट्रोल के निर्यात पर भी शुल्क लगाया गया था। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच सरकार ने 27 मार्च को डीजल और विमान ईंधन के निर्यात पर शुल्क लगाया था। इसके बाद हर पखवाड़े इसकी दरों में केंद्र सरकार संशोधन करती है।



## एप्पल ने भारत में लॉन्च किया 'बैक टू स्कूल' ऑफर, मैक खरीदने पर मिलेगा फ्री एयरपॉड्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी टेक दिग्गज एप्पल इंक. ने गुरुवार को भारत में अपना 'बैक टू स्कूल एजुकेशन' ऑफर लॉन्च किया, जिसके तहत स्टूडेंट्स, उनके पैरेंट्स और टीचर्स को चुनिंदा मैक और आईपैड खरीदने पर मुफ्त एक्सेसरीज दी जाएंगी। कंपनी के मुताबिक, यह ऑफर 16 जुलाई 2026 से 27 अगस्त 2026 तक लागू रहेगा। इस दौरान कॉलेज स्टूडेंट्स, उनके पैरेंट्स और सभी एजुकेटर्स यदि कोई एलिजिबल मैक या एलिजिबल आईपैड खरीदते हैं, तो वे अपनी पसंद के अनुसार एयरपॉड्स, एप्पल पेंसिल या एयरटैग जैसी कॉम्प्लिमेंट्री एक्सेसरी चुन सकते हैं। एप्पल ने कहा कि यह ऑफर पूरे साल मिलने वाली उसकी एजुकेशन सेविंग्स के अलावा है। कंपनी पहले से ही मैक, आईपैड, एप्पल वॉच और अन्य प्रोडक्ट्स पर एजुकेशन डिस्काउंट उपलब्ध कराती है। ऑफर के तहत मैकबुक एयर या मैकबुक प्रो खरीदने वाले ग्राहकों को एयरपॉड्स 4 या एयरटैग 4 पैक मुफ्त मिलेगा। वहीं, आईपैड एयर या आईपैड प्रो खरीदने वाले ग्राहकों को एप्पल पेंसिल प्रो बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के दी जाएगी।




## एक्जिम बैंक ने वित्त मंत्री को 428 करोड़ रुपए का लाभांश चेक सौंपा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक्जिम बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 428 करोड़ रुपये का लाभांश चेक गुरुवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को सौंपा। बैंक की प्रबंध निदेशक हर्षा बंगारी ने उप-प्रबंध निदेशक तरुण शर्मा की मौजूदगी में वित्त मंत्री को ये लाभांश का चेक सौंपा। एक्जिम बैंक ने गुरुवार को बताया कि बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 में 4,273 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है, जिसमें से शुद्ध लाभ का 10 फीसदी यानी 428 करोड़ रुपये लाभांश के रूप में भारत सरकार को बैंक ने हस्तांतरित किया है। एक्जिम बैंक ने बयान में कहा कि बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की अवधि में 4,273 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जिसमें से 428 करोड़ रुपये का चेक वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को सौंपा है।




आयातित एम1 यात्री वाहनों पर होगा लागू

# कॉर्पोरेट औसत ईंधन दक्षता पर सरकार ने मांगे जनता से सुझाव

नई दिल्ली, एजेंसी

**विद्युत मंत्रालय ने गुरुवार को पक्षकारों से परामर्श के लिए कॉर्पोरेट औसत ईंधन दक्षता 2027 मानदंड (सीएएफई-3) का मसौदा जारी किया। ये मानदंड 2027-28 से 2031-32 के दौरान भारत में बिक्री के लिए विनिर्मित या आयातित एम1 श्रेणी के यात्री वाहनों पर लागू करने का प्रस्ताव है।**

आधिकारिक बयान के अनुसार, मसौदा मानदंड एम1 श्रेणी के वाहनों पर लागू होंगे। एम1 श्रेणी में ऐसे यात्री वाहन शामिल हैं, जिनमें चालक के अलावा अधिकतम आठ लोगों के बैठने की क्षमता होती है। इसमें निजी उपयोग के लिए बेची जाने वाली सभी हैचबैक, सेडान और एसयूवी शामिल हैं। इस श्रेणी में वाणिज्यिक मालवाहक वाहन और बसें शामिल नहीं हैं।

मौजूदा सीएएफई-2 (कॉरपोरेट एवरेज फ्यूल इकोनॉमी) मानदंडों की अवधि 31 मार्च, 2027 को समाप्त होने की संभावना है। इसके बाद सीएएफई-3 नियम लागू हो सकते हैं। इसके तहत अनुपालन का आकलन दो चरणों में किया जाएगा। पहला चरण तीन वर्षों का होगा, जबकि दूसरा चरण शेष दो वर्षों का होगा। प्रत्येक वर्ष के साथ ईंधन दक्षता के लक्ष्य और अधिक कड़े होते जाएंगे। बिजली मंत्रालय के अधीन ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (बीईई) की निगरानी में तैयार किए गए सीएएफई-3 का उद्देश्य वित्त वर्ष 2032 तक वाहन बेड़े के औसत उत्सर्जन को मौजूदा स्तर से घटाकर काफी कम करना है।



## मसौदे से पहले अलग-अलग रही है उद्योग जगत की राय

नए ढांचे के तहत, कंप्लायंस क्रेडिट की कीमत 2,500 रुपए प्रति क्रेडिट तय की गई है, जो हर वर्ष 500 रुपए बढ़ेगी। अनुपालन अवधि समाप्त होने के बाद इस्तेमाल न किए गए क्रेडिट स्वत: समाप्त हो जाएंगे और जो वाहन निर्माता तय मानकों को पूरा नहीं कर पाएंगे, उन पर जुर्माना लगाया जा सकता है, हालांकि जुर्माने की विस्तृत राशि का अभी उल्लेख नहीं किया गया है। वहीं, सालाना 1,000 से कम वाहन बेचने वाले निर्माताओं को इन नियमों से छूट मिलेगी। मसौदे के पहले के संस्करणों पर उद्योग जगत की राय अलग-अलग रही है। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने इस प्रस्ताव को संतुलित बताया है, जबकि कुछ वाहन निर्माताओं ने छोटी पेट्रोल कारों के लिए राहत की मांग की है और कुछ ने इस श्रेणी के लिए अलग नियम बनाए जाने का विरोध किया है।

# सोने की चमक बढ़ी, चांदी वहीं की वहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोने की कीमत में तेजी गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। वहीं चांदी के भाव में आज लगातार चौथे दिन शुरुआती दौर में कोई बदलाव नहीं हुआ है। चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में सोना आज 720 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 790 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। वहीं चेन्नई में आज सोने के भाव में 320 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 340 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी दर्ज की गई है।

भाव में आए उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,43,580 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,43,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,31,610 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,31,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 2,34,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।

दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,43,730 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,31,760 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,43,580 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,31,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,43,630 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,31,660 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

# लेजर पॉवर एंड इंफ्रा की मजबूत शुरुआत

नई दिल्ली, एजेंसी

पावर ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन इक्विपमेंट बनाने वाली कंपनी लेजर पावर एंड इंफ्रा के शेयरों ने स्टॉक मार्केट में मजबूती के साथ एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 214 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई पर इसकी लिस्टिंग 25.70 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 269 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर इसकी लिस्टिंग 16.82 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 250 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद लिवाली के सपोर्ट से ये शेयर एनएसई पर 267.98 रुपये तक चढ़ गया। बाद में बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण इसमें थोड़ी गिरावट भी दर्ज की गई। पूरे दिन का कारोबार होने के बाद लेजर पावर एंड इंफ्रा के शेयर 262.85 रुपये के स्तर पर बंद हुए। इस तरह पहले दिन के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 48.85 रुपये यानी 22.83 प्रतिशत का फायदा हो गया।

इस कंपनी का 742 करोड़ रुपये का आईपीओ नौ से तेरह जुलाई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 41.05 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 97.25 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

## उतार-चढ़ाव के बाद सपाट स्तर पर बंद हुआ शेयर बाजार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू शेयर बाजार आज पूरे दिन उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद सपाट स्तर पर बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक की चाल भी लगातार ऊपर नीचे होती रही। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.0018 प्रतिशत की सांकेतिक मजबूती के साथ बंद हुआ, जबकि निफ्टी ने 0.02 प्रतिशत की मामूली कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। बीएसई का सेंसेक्स आज 202.99 अंक यानी 0.26 प्रतिशत की मजबूती के साथ 77,388.42 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में भी उतार-चढ़ाव होने लगा। खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स 394.26 अंक यानी 0.51 प्रतिशत उछल कर 77,579.69 अंक तक पहुंच गया।

पिछले वर्ष की तुलना में 2.3 प्रतिशत बढ़ोतरी

# सीबीडीटी ने 2027 के लिए सीआईआई 384 किया

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए कॉस्ट इन्फ्लेशन इंडेक्स (सीआईआई) को 376 से बढ़ाकर 384 कर दिया है। यानी इसमें पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 2.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। सीबीडीटी की ओर से जारी अधिसूचना 15 जुलाई 2026 से प्रभावी है और यह 1 अप्रैल 2026 से होने वाली कर गणनाओं पर लागू होगी।

कॉस्ट इन्फ्लेशन इंडेक्स का उपयोग किसी संपत्ति की खरीद कीमत को महंगाई के अनुसार समायोजित (इंडेक्सेशन) करने के लिए किया जाता है। इससे लंबी अवधि के पूंजीगत लाभ पर टैक्स की गणना अधिक वास्तविक तरीके से की जाती है। खासकर जमीन और मकान जैसी संपत्तियां बेचने वाले करदाताओं को इसका लाभ मिलता है, क्योंकि महंगाई के हिसाब से खरीद मूल्य बढ़ जाने से टैक्स योग्य लाभ कम हो जाता है। सरकार का उद्देश्य इंडेक्सेशन के जरिए संपत्ति की वास्तविक लागत को महंगाई के अनुरूप मान्यता देना है, क्योंकि कई मामलों में वर्षों पहले खरीदी गई संपत्तियों की मूल कीमत काफी कम होती है। ऐसे में केवल खरीद और बिक्री मूल्य के अंतर पर टैक्स लगाना करदाताओं के लिए उचित नहीं माना जाता। हालांकि, वित्त अधिनियम 2024 के तहत किए गए बदलावों के बाद 23 जुलाई 2024 या उसके बाद बेची जाने वाली अधिकांश दीर्घकालिक पूंजीगत संपत्तियों पर इंडेक्सेशन का लाभ समाप्त कर दिया गया है।



## करदाता चुन सकेगा फायदेमंद विकल्प

इसके बावजूद, कुछ मामलों में कॉस्ट इन्फ्लेशन इंडेक्स अभी भी महत्वपूर्ण बना हुआ है। यदि कोई भारतीय निवासी व्यक्ति या हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ) ऐसी जमीन या भवन बेचता है, जिसे 23 जुलाई 2024 से पहले खरीदा गया था, तो उसके पास दो विकल्प होंगे। वह या तो 12.5 प्रतिशत टैक्स बिना इंडेक्सेशन के दे सकता है या फिर 20 प्रतिशत टैक्स इंडेक्सेशन लाभ के साथ चुन सकता है। करदाता जिस विकल्प में कम टैक्स देय होगा, उसे चुन सकेगा। इस बीच, सीबीडीटी के आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में 13 जुलाई तक देश का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह (नेट डारेक्ट टैक्स कलेक्शन) सालाना आधार पर 16.4 प्रतिशत बढ़कर 6.51 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीईओ गुप्ता ने कर्मचारियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई




**बाग, निप्र।** मध्यप्रदेश में 15 जुलाई से 30 जुलाई 2026 तक नशे से दूरी है जरुरी नशामुक्ति जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। जिसको लेकर हर विभाग के अपने अपने स्तर से रैली निकालकर तो कहीं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को नशे दूर रहने के लिए जागरुक कर रहे हैं लोगों शपथ दिला रहे हैं। इसी कड़ी में आज बाग जनपद सीईओ विष्णु कुमार गुप्ता ने 16 जुलाई 2026 गुरुवार को जनपद परिसर में नशामुक्ति की शपथ दिलाते हुए कहा की नशा हमारी जिंदगी ही नहीं खराब करता हे हमारा पुरा परिवार इससे बर्बाद हो जाता। शराब का नशा हो या अन्य किसी भी नशीली वस्तु का नशा एक बुरी लत है लत है। थोड़ा हम इस पर चिंता करे और सोचें तो नशे के कारण हमने कभी घर और जिंदगीया बर्बाद होते देखी है कहीं तो मौत के काल में भी शमा गया तो क्यों ना हम इस जागरुकता को शक्ती के साथ चलाकर नशे से मुक्त प्रदेश करे हम भी जागे और लोगों को भी जागरुक करें। इस अभियान को एक पुण्य के हिसाब से भी चलाए ताकी आप के इस प्रयास से किसी की जिंदगी बन जाए उसका परिवार सुखी हो जाए शासन का इस अभियान के तहत मक्सद ही यही है की लोग नशे से दूर रहें और अपना जीवन अच्छे से संवारे। इस दोरान जनपद पंचायत के कर्मचारी एवं पंचायत के सचिव उपस्थित रहे।

### बस स्टैंड पर नशा मुक्ति को लेकर दिलवाई शपथ




**मनावर (अनिल तोमर)।** बस स्टैंड पर नशा मुक्ति को लेकर अभियान चलाया गया. अभियान के दौरान नशा न करने की शपथ दिलाई. पीएम मोदी के आह्वान पर पुलिस का नशा मुक्ति अभियान, बस स्टैंड पर दिलवाई शपथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत SP सचिन शर्मा निर्देशन एवं SDOP ब्रजेश कुमार मालवीय के नेतृत्व मे मनावर थाना पुलिस ने बस स्टैंड पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। थाना प्रभारी राजेश यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम के साथ बस स्टैंड पर मौजूद आमजन, यात्रियों और दुकानदारों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान TI यादव ने लोगों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। थाना प्रभारी राजेश यादव ने उपस्थित सभी लोगों को नशा न करने की शपथ भी दिलवाई। थाना प्रभारी ने कहा कि 'युवाओं को नशे की लत से बचाना हमारी प्राथमिकता है। समाज के सहयोग से ही हम नशा मुक्त मनावर बना सकते हैं।' पुलिस ने आमजन से अपील की कि वे नशे से संबंधित किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। SI मनीष चौधरी, एवं टीम रही मौजूद।

### मप्र लेखक संघ द्वारा काव्य गोष्ठी का आयोजन आज, प्रसिद्ध कवियत्री प्रिया खुशबू करेंगी शिरकत



**मनावर, निप्र।** मप्र लेखक संघ मनावर इकाई की काव्य गोष्ठी शुक्रवार रात्रि आठ बजे सिंघाना रोड स्थित एक निजी होटल के हॉल में आयोजित की जा रही है। जिसमें देश की प्रसिद्ध कवियित्री प्रिया खुशबू, कन्नौद ( देवास )काव्य पाठ करेंगी। शहर के साहित्यकारों द्वारा उनका सम्मान भी किया जाएगा। संयोजक राम परिंदा ने बताया कि मप्र लेखक संघ वर्ष 1970 से पंजीकृत हैं तथा प्रदेश भर 46 इकाइयां सक्रिय हैं। संघ द्वारा साहित्य की 7 विभिन्न विधाओं पर केन्द्रित प्रदेश स्तर की गोष्ठियां की जाती है। जिनमें विधा के निष्णात साहित्यकार अतिथि स्वरूप आमंत्रित होते हैं तथा लेखक संघ के सदस्य गोष्ठियों में अपनी विधा अनुसार प्रतिभागिता करते हैं। लेखक संघ के घोषित सम्मानों की संख्या 28 है, जिनमें 25 सम्मानों हेतु सदस्यों से प्रविष्ठियां आमंत्रित की जाती है। चयनित साहित्यकारों को वार्षिकोत्सव में सम्मानित किया जाता है। उक्त जानकारी साहित्यकार और व्यंग्य कवि विश्वदीप मिश्रा ने दी।

### लोहे की जालियों की जगह रखी फर्शी, हादसों को न्योता देता नया बस स्टैंड



**धामनोद, निप्र।** नगर का नया बस स्टैंड जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण अव्यवस्थाओं का केंद्र बनता जा रहा है। यहां नगर परिषद द्वारा नाली के ऊपर लगाई गई लोहे की निकासी जालियां टूट चुकी हैं। इनके स्थान पर नई जालियां लगाने के बजाय केवल फर्शी (पत्थर) के टुकड़े रख दिए गए हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई दोपहिया वाहन चालक इन टूटी जालियों के कारण गिरकर घायल हो चुके हैं तथा कई वाहनों को भी नुकसान पहुंचा है। इसके बावजूद नगर परिषद ने स्थायी समाधान करने के बजाय अस्थायी व्यवस्था कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया है। नया बस स्टैंड नगर का प्रमुख सार्वजनिक स्थल होने के बावजूद यहां सुरक्षा व्यवस्था की अनदेखी की जा रही है। नाली पर रखे फर्शी के टुकड़े कभी भी खिसक सकते हैं, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। आसपास के रहवासियों और यात्रियों ने नगर परिषद से मांग की है कि टूटी हुई जालियों को तत्काल हटाकर उनकी जगह मजबूत लोहे की नई जालियां लगाई जाएं, ताकि भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लग सके। यदि समय रहते सुधार कार्य नहीं कराया गया तो कभी बरसात में कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है।

### नशे से दूरी है जरूरी 2.0 के तहत झोसर स्कूल के 140 विद्यार्थियों ने ली नशा मुक्ति की शपथ



**पेटलावद, निप्र।** पुलिस थाना पेटलावद द्वारा 15 से 30 जुलाई तक संचालित 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल झोसर में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसडीओपी श्रीमती अनुरुक्ति सबनानी एवं थाना प्रभारी निर्भय सिंह भूरिया के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में उपनिरीक्षक महेश भामदरे ने विद्यार्थियों को नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए कहा कि नशा व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के ब्लॉक युवा समन्वयक हेमराज गणावा ने विद्यार्थियों को खेल, व्यायाम और सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने की प्रेरणा देते हुए कहा कि अनुशासित जीवनशैली और खेलकूद युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के 140 विद्यार्थियों ने हाथ उठाकर नशा न करने तथा समाज को नशा मुक्त बनाने की शपथ ली। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य एस.एल. सिंगाड़, शिक्षक बेनेदिक मावी, जगदीश पाटीदार, कु. सुशीला देवड़ा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

---

#### 8.64 करोड़ की लागत से बनेगा बिछोली हाथीपाई-कंकड़वाल सिलोटा मार्ग

# मंत्री नागरसिंह चौहान ने किया भूमिपूजन, विकास को मिलेगी गति

विनय उजाला





**आलीराजपुर, निप्र।** जिले के ग्रामीण अंचलों में आवागमन की सुविधाओं को सुदृढ़ करने और अधोसंरचना विकास को गति देने की दिशा में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण सौगात मिली। कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान ने ग्राम बिछोली हाथीपाई से कंकड़वाल सिलोटा तक बनने वाले 6.70 किमी लंबे सड़क मार्ग के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

लगभग 8 करोड़ 63 लाख 83 हजार रुपये की अनुमानित लागत से निर्मित होने वाला यह सड़क मार्ग क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए आवागमन की सुविधा को बेहतर बनाएगा। सड़क निर्माण पूर्ण होने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों का मुख्य मार्गों से संपर्क और अधिक सुगम होगा, जिससे विद्यार्थियों, किसानों, मरीजों और आम नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री नागरसिंह चौहान ने कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला होती हैं। बेहतर सड़क संपर्क से न केवल आवागमन सुगम होता है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार और व्यापारिक गतिविधियों को भी नई गति मिलती है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में गुणवत्तापूर्ण अधोसंरचना का विकास सरकार की प्राथमिकता है। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य की सौगात मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सरकार एवं कैबिनेट मंत्री श्री नागरसिंह चौहान का आभार व्यक्त किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हजरी बाई खरत, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेवली उसान गरासिया, भाजपा जिला महामंत्री श्री रिंकेश तंवर, श्री मांगीलाल रावत, श्री नरीन मोरी सहित जनप्रतिनिधिगण, भाजपा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उक्त जानकारी विधायक प्रतिनिधि एवं जिला मीडिया प्रभारी गोविंदा गुप्ता ने दी।

#### यह मार्ग निर्माण क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा

मंत्री श्री चौहान ने कहा कि यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र में मजबूत, टिकाऊ और गुणवत्तापूर्ण अधोसंरचना के निर्माण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। आलीराजपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी सड़क, बिजली, सिंचाई, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार विकास कार्य स्वीकृत किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिछोली हाथीपाई से कंकड़वाल सिलोटा मार्ग का निर्माण क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सड़क निर्माण से ग्रामीण अंचलों में आवागमन की सुविधा बेहतर होने के साथ ही किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी।

---

#### धामनोद में 17 अगस्त को नर्मदेश्वर महादेव डोला यात्रा निकलेगी

## 25 हजार श्रद्धालु और कावड़िए होंगे शामिल, तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

विनय उजाला



**धामनोद, निप्र।** नर्मदेश्वर महादेव डोला यात्रा की तैयारियां जोरों-शोरों से शुरू हो गई हैं। हर साल श्रावण (सावन) के महीने में निकलने वाली इस यात्रा को इस बार भी बेहद खास और बड़े पैमाने पर आयोजित करने की तैयारी है। नर्मदेश्वर महादेव डोला समिति पिछले 17 सालों से धामनोद में यह शिवडोला निकाल रही है। इस साल सावन के तीसरे सोमवार, यानी 17 अगस्त 2026 को भगवान नर्मदेश्वर महादेव की शाही सवारी नगर भ्रमण पर निकलेगी। इसी सिलसिले में बुधवार शाम 7 बजे बालाजी धर्मशाला परिसर में श्री नर्मदेश्वर महादेव डोला समिति की एक खास बैठक बुलाई गई। इसमें समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों के अलावा नगर के सम्मानित लोग और प्रशासन के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में यात्रा को और ज्यादा व्यवस्थित, सुंदर और आकर्षक बनाने को लेकर खुलकर चर्चा की गई। समिति ने सभी सदस्यों से अपील की कि वे अपने दोस्तों और नए लोगों को भी इससे जोड़ें ताकि इस धार्मिक आयोजन को और बड़ा रूप दिया जा सके। बैठक खत्म होने के बाद सभी के लिए भोजन का इंतजाम भी किया गया था। दोपहर के समय भगवान भोलेनाथ की शाही सवारी पूरे ठाट-बाट के साथ नगर भ्रमण पर निकलेगी। इस सवारी में गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़े, हाथी-घोड़े और पारंपरिक डांस करने वाले कलाकार शामिल होंगे।

भगवान की अगवानी के लिए पूरे रास्ते में जगह-जगह फूलों की बारिश की जाएगी। श्रद्धालुओं की सेवा के लिए जगह-जगह फलाहार और ठंडे शरबत के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। इस शाही यात्रा में धामनोद के साथ-साथ आसपास के गांवों से भी भारी भीड़ पहुंचती है। उम्मीद जताई जा रही है कि दर्शन के लिए इस बार करीब 20 से 25 हजार श्रद्धालु सड़क पर उमड़ेंगे।

#### खलघाट से लाया जाएगा पवित्र जल, 5 हजार कावड़िए करेंगे जलाभिषेक

धामनोद की यह कावड़ यात्रा इलाके की सबसे बड़ी धार्मिक परंपराओं में से एक है। यात्रा वाले दिन सुबह-सुबह नर्मदा नदी के खलघाट तट से पवित्र जल लाया जाता है। इसके बाद करीब 7 किलोमीटर की पैदल यात्रा तय कर हजारों महिला, पुरुष और बच्चे 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के जयकारे लगाते हुए धामनोद पहुंचते हैं और नर्मदेश्वर महादेव का जलाभिषेक करते हैं। इस दौरान जगह-जगह केले और खिचड़ी का प्रसाद बांटा जाता है। सुबह के समय होने वाले इस जलाभिषेक में ही करीब 5 हजार से ज्यादा कावड़िए और श्रद्धालु शामिल होते हैं।

---



## अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद की संभागीय बैठक गुजरी में हुई संपन्न

विनय उजाला

**धामनोद, निप्र।** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के द्वारा समाज के विकास को लेकर धार जिले के गुजरी में संभागीय बैठक आयोजित की गई जिसमें राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य संभागीय अध्यक्ष एवं नारायण सिंह भिड़े की अध्यक्षता, परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष धरमपुरी विधायक कालू सिंह ठाकुर के विशेष अतिथय एवं जिला पंचायत अध्यक्ष परिषद के उपाध्यक्ष सरदार मेड़ा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई बैठक को लेकर जानकारी देते हुए आदिवासी समाज के नेता नारायण सिंह भिड़े ने बताया समाज जनों के विकास को लेकर सरकार की योजना जन-जन तक पहुंचने को लेकर परिषद के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाए ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित कराएं जाने को लेकर परिषद के सदस्य सक्रिय रहकर कार्य करें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरदार मेड़ा ने कहा परिषद को मजबूत करने के लिए सर्वहारा आदिवासी समाज को जोड़कर सक्रिय सदस्य बनाने को लेकर चर्चा करते हुए संगठन को मजबूत बनाने की बात कही बैठक में कार्यक्रम के विशेष अतिथि धार जिले से धरमपुरी विधायक कालू सिंह ठाकुर ने कहा प्रदेश में आदिवासी परिषद के कार्यकर्ताओं की हर संभव मदद करें।

---

## दस्तक अभियान के तहत स्वास्थ परीक्षण किया



विनय उजाला

**बाकानेर, निप्र।** दस्तक अभियान के अंतर्गत मुख्य विकासखंड चिकित्सा अधिकारी कुलदीप कुमार नाग मेडिकल ऑफिसर डॉ वीरेंद्र कुमार धार्वे के मार्गदर्शन में 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए का घोल पिलाया बच्चों का वजन लिया गया सेम, मेंम बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया, ओआरएस के का पैकैट और आयरन सायरप का वितरण किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ कार्यकर्ता ललिता बरडे, शारदा अलावा, आशा कार्यकर्ता सैयद रेहाना अली, वंदना मंडलोई, चंदा वर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, फरजाना सैयद का सराहनीय योगदान रहा।

---

## रोटरी क्लब न्यू पेटलावद का भव्य पदस्थापना समारोह हुआ संपन्न

#### डॉ. अल्पित गांधी ने अध्यक्ष एवं आभास सोलंकी ने सचिव पद की शपथ ग्रहण की, चिकित्सा उपकरण किए भेंट

मनोज पुरोहित




**पेटलावद।** रोटरी क्लब न्यू पेटलावद का पदस्थापना समारोह रविवार को खुशनुमा एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में रोटरी वर्ष 2026-27 के लिए डॉ. अल्पित गांधी ने क्लब अध्यक्ष तथा आभास सोलंकी ने क्लब सचिव पद की शपथ ग्रहण की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन संस्कार कोठारी थे, जबकि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एम. एल. चोपड़ा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण अधिकारी के रूप में पीडीजी रोटेरियन अनीश मलिक ने नवगठित टीम को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन हीरालाल सोलंकी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

समारोह का प्रभावी एवं आकर्षक संचालन रोटेरियन रोहित कटकानी द्वारा किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि रोटेरियन संस्कार कोठारी ने रोटरी के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए नव निर्वाचित टीम को समाजहित में नए आयाम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. एम. एल. चोपड़ा ने स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में रोटरी की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए क्लब को शुभकामनाएं दीं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. अल्पित गांधी ने अपने संबोधन में आगामी वर्ष के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, युवा विकास, रक्तदान, महिला सशक्तिकरण तथा सामुदायिक सेवा से जुड़े विभिन्न प्रकल्पों एवं योजनाओं की जानकारी दी तथा क्लब को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर क्लब के विभिन्न पदों पर नियुक्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भी शपथ ग्रहण की, जिनमें संस्थापक अध्यक्ष रोटेरियन राहुल मुथा, रवि मेहता, रोहित कटकानी, निलेश मेहता, अनूप मेहता, वीरेंद्र चौहान, संजय मेहता, मयंक भंडारी, पदम मेहता, अरुण मेहता, राजेश पाटीदार, नयन भंडारी एवं कीर्तिश चाणोदिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न रोटरी क्लबों से आए अनेक रोटेरियन्स, समाजसेवी, पत्रकारगण आदि शामिल रहे।

#### चिकित्सा उपकरण बैंक विस्तार

स्वर्गीय श्री मति ताराबाई शैतानमलजी भंडारी की स्मृति में परिवार द्वारा ओर क्लब अध्यक्ष अल्पितजी गांधी परिवार द्वारा चिकित्सक उपकरण भेट किये क्लब द्वारा उपस्थित दान दाताओं का सम्मान किया गया।

---

#### बाग पुलिस ने बजाया सफलता का डंका, खुलासे में साली का हत्यारा निकला जीजा

# साली को मौत के घाट उतारने वाले आरोपी जीजा को महाराष्ट्र से किया गिरफ्तार

विनय उजाला





**बाग, निप्र।** दिनांक 12.07.2026 को ग्राम रिसावला बाग की 12 वर्षीय नाबालिग बालिका के गायब होने और संदेही सगा जीजा अनिल पिता शेरसिंह भील निवासी सेवरिया जोबट द्वारा भगाकर ले जाने की सम्भावना व्यक्त करने पर अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया।

दौरान तलाश के बलिका की लाश पाडलिया घाटी वन विभाग के कुए में मिलने पर मर्ग पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया, बालिका की लाश संदिग्ध परिस्थिति में चारों तरफ से सीमेंट की दीवार से बने कुए में मिलने से घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक श्री सचिन शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विजय डावर व एसडीओपी कुक्षी श्री सुनील गुप्ता के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी हिरुसिंह रावत एवं बाग पुलिस द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए संदेही आरोपी अनिल की तलाश करते गुजरात तरफ जाने की सूचना पर एक टीम गुजरात भेजी गई जहां तलाश करते गुजरात से महाराष्ट्र तरफ भागने की सूचना मिली। फिर दूसरी टीम महाराष्ट्र भेजी गई, वहाँ से भी भागने पर टीम द्वारा पीछा कर शाहदा महाराष्ट्र में घेराबंदी कर पकडा।

पुलिस कार्रवाई मर्ग जाँच एवं विवेचना के दोरान पूछताछ में यह तथ्य सामने आया कि आरोपी अनिल माह फरवरी 2026 में इन्स्टाग्राम से दोस्ती कर मृतक बालिका के बड़ी बहन को भगाकर शादी की थी। वर्तमान में पत्नी बड़ी बहन के घर मेहमान जाने और वापस आने से मना करना तथा परिवार जन द्वार रिस्ता तोड़ने की बात करने पर गुस्से में आकर अपनी 12 वर्षीय साली को जान से मारने की नियत कुए जंगल में बने कुए में धक्का देकर घटना कारित कर जंगल के रास्ते से घाटी पर जाकर बस में बैठकर गुजरात भाग गया था। इसी दौरान सूचना मिली की आरोपी मोरबी गुजरात तरफ गया हुआ है सूचना पर एक टीम गुजरात भेजी गई जहाँ तलाश करते पता चला कि वह अपने महाराष्ट्र भाग गया है। फिर दूसरी टीम भेजी गई जहाँ से भी आरोपी भागने का प्रयास करते शाहदा महाराष्ट्र में पीछा कर आरोपी को पकड़ा गया। बाद पूछताछ के आरोपी को गिरफ्तार कर दिनांक 16.07.2026 को माननीय न्यायालय कुक्षी के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है गिरफ्तार आरोपी अनिल पिता शेरसिंह दोहदिया जाति भील उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम सेवरिया दालंन्जा फलिया थाना जोबट जिला आलीराजपुर।

#### सराहनीय कार्य

उक्त उल्लेखनीय कार्रवाई में थाना प्रभारी बाग निरीक्षक हिरुसिंह रावत, उप निरीक्षक प्रमिला जमरे, सहायक उप निरीक्षक कमलेश राठोडिया, लोकेश रायपुरिया, दशरथ चौहान, प्रधान आरक्षक भावसिंह रावत, लोकेश शुक्ला, सखाराम गोखले, आर. राजू चौहान, मुकेश किराड, सीताराम डोडवे, दुर्गेश चौहान, सायबर सेल के प्रशांत चौहान की सराहनीय एवं महत्वपूर्ण भूमिका रही।

#### कड़ी से कड़ी सजा मिलना चाहिए ऐसे बेहरम आरोपियों को

मासूम बच्ची को मौत के घाट उतारने वाले आरोपी को लेकर मासूम के परिजनों ने कहा कि बहुत ही दर्दनाक घटना से उस बच्ची को मारकर इसे क्या मीला जिसकी इस घटना से रिश्ते तार तार हो गये एसे बेहरम आरोपी को फांसी की सजा होना चाहिए नहीं तो उम्र कैद की सजा तो जरुर होना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने की मां कंकाली की पूजा-अर्चना



**भोपाल (विनय उजाला)।** उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने शहडोल जिले के ग्राम अंतरा स्थित कंकाली मंदिर पहुंचकर मां कंकाली के दर्शन किए तथा विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करते हुए सभी के जीवन में उन्नति और मंगल की प्रार्थना की। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती प्रमिला सिंह, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला काटरे सहित अन्य लोगों ने भी पूजा अर्चना की।

### प्रधानमंत्री मोदी वर्चुअली करेंगे अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकसित टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन का शुभारंभ, मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे सहभागिता

**भोपाल,निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार, 17 जुलाई को टीकमगढ़ जिले के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकसित टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन के शुभारंभ कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव टीकमगढ़ जिले के लगभग 189 करोड़ रुपये से अधिक लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। इनमें 67.81 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित जतारा एवं बड़ागांव धसान के सांदीपनि विद्यालयों का लोकार्पण और 40.48 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले खरगापुर सांदीपनि विद्यालय का भूमि पूजन शामिल है। इसके अतिरिक्त विभिन्न अधोसंरचनात्मक एवं जनहितकारी विकास कार्यों का भी लोकार्पण एवं भूमि पूजन भी होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित करेंगे।

### मंत्री सारंग ने टीटी नगर स्टेडियम में भारतीय महिला क्रिकेटर क्रांति गौड़ का किया सम्मान



**भोपाल,निप्र।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने टीटी नगर स्टेडियम में मध्यप्रदेश एवं देश का गौरव बढ़ाने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की तेज़ गेंदबाज़ सुश्री क्रांति गौड़ से मुलाकात कर इंग्लैंड के ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि क्रांति गौड़ ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से न केवल मध्यप्रदेश बल्कि पूरे देश का नाम विश्व पटल पर रोशन किया है। उनकी उपलब्धि प्रदेश की बेटियों और युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार खेल प्रतिभाओं को निरंतर प्रोत्साहन दे रही है। आधुनिक खेल अधोसंरचना, बेहतर प्रशिक्षण सुविधाओं और ग्रामीण क्षेत्रों तक खेल अवसरों के विस्तार का ही परिणाम है कि आज प्रदेश के ग्रामीण अंचलों के बच्चे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। क्रिकेटर क्रांति गौड़ ने कहा कि लॉर्ड्स में भारत की जीत का हिस्सा बनना मेरे और मेरे परिवार के लिए जीवन का सबसे बड़ा पल था। उन्होंने बताया कि लॉर्ड्स के प्रतिष्ठित ऑनर्स बोर्ड पर अपना नाम दर्ज होते देख उन्होंने उसी समय परिवार को वीडियो कॉल कर वह ऐतिहासिक क्षण साझा किया। उन्होंने कहा कि ऑनर्स बोर्ड पर नाम दर्ज कराना हर क्रिकेटर का सपना होता है। पहली भारतीय महिला क्रिकेटर के रूप में वहां अपना नाम दर्ज होना मेरे लिए गर्व की बात है। यह उपलब्धि केवल मेरी नहीं, बल्कि मेरे परिवार, मेरे कोचों, मध्यप्रदेश और पूरे देश की है। मंत्री श्री सारंग ने विश्वास व्यक्त किया कि सुश्री क्रांति गौड़ की यह ऐतिहासिक उपलब्धि प्रदेश की हजारों बेटियों को खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा देगी और आने वाले समय में मध्यप्रदेश के खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत का गौरव इसी तरह बढ़ाते रहेंगे।

### अंतर्राष्ट्रीय निर्वाचन आगंतुक कार्यक्रम विषय पर आज होगा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

**भोपाल,निप्र।** निर्वाचन सदन मध्यप्रदेश में 17 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय निर्वाचन आगंतुक कार्यक्रम विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन होगा। सम्मेलन का आयोजन भारतीय अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन संस्थान एवं भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), इंदौर के सहयोग से किया जा रहा है। सम्मेलन में कई देशों के निर्वाचन प्रबंधन से जुड़े प्रतिनिधि, विशेषज्ञ एवं अधिकारी ऑनलाइन सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को सुदृढ़ बनाने, निर्वाचन प्रबंधन में नवाचार, मतदाता सहभागिता, तकनीक के प्रभावी उपयोग एवं निर्वाचन से जुड़ी वैश्विक सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन का उद्देश्य भारत की निर्वाचन प्रणाली एवं लोकतांत्रिक परंपराओं से अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों को परिचित कराना, निर्वाचन प्रबंधन के क्षेत्र में ज्ञान एवं अनुभवों का आदान-प्रदान करना और वैश्विक सहयोग को प्रोत्साहित करना है। यह सम्मेलन निर्वाचन प्रबंधन के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को नई दिशा प्रदान करने के साथ-साथ लोकतांत्रिक संस्थाओं को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल होगी।

---

**मध्यप्रदेश बना निवेशकों की पहली पसंद**

# मध्यप्रदेश में 27,592 लोगों को मिल सकेंगे रोजगार के अवसर

विनय उजाला

**आलीराजपुर,निप्र।** मध्यप्रदेश ने नई दिल्ली में आयोजित भारत टेक्स-2026 तथा 'इंटरैक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज इन मध्यप्रदेश' के माध्यम से निवेश आकर्षित करने की दिशा में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। दोनों आयोजनों में प्रदेश को 20,193 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनसे लगभग 27,592 लोगों के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निवेशकों, उद्योगपतियों और वैश्विक ब्रांड प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश को देश का उभरता हुआ औद्योगिक एवं टेक्सटाइल हब बताया और उन्हें जनवरी 2027 में आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (त्नद्धड्डस्-2027) में भाग लेने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश निवेशकों को अनुकूल नीतियां, मजबूत अधोसंरचना, कुशल मानव संसाधन और त्वरित प्रशासनिक सहयोग उपलब्ध करा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इन निवेश प्रस्तावों, साझेदारियों और एमओयू के माध्यम से मध्यप्रदेश देश के अग्रणी निवेश गंतव्यों में अपनी स्थिति और अधिक सुदृढ़ करेगा तथा विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की प्राप्ति में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

**भारत टेक्स-2026 में टेक्सटाइल क्षेत्र को मिला बड़ा निवेश :** भारत मंडपम में आयोजित टेक्सटाइल राउंडटेबल में प्रदेश के वस्त्र एवं परिधान उद्योग, पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क, तकनीकी वस्त्र, निर्यात संवर्धन, कौशल विकास और निवेश प्रोत्साहन पर विस्तृत चर्चा हुई। इस आयोजन में 1,592 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनसे लगभग 15,700 रोजगार सृजित होने की संभावना है।

**इंटरएक्टिव सेशन में उद्योगपतियों से हुये संवाद और विभिन्न क्षेत्रों में निवेश प्रस्तावों से मध्यप्रदेश को मिली नई गति :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को साकार करने में मध्यप्रदेश पूरी शक्ति और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश निवेशकों के लिए नीति, नीयत, प्रतिभा, प्रवृत्ति, सुविधा, सामर्थ्य, ऊर्जा, उत्साह, सेवा और सुरक्षा की गारंटी लेकर आगे आया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव नई दिल्ली स्थित होटल द लीला पैलेस में आयोजित इंटरएक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपॉर्चुनिटीज इन मध्यप्रदेश को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जनवरी 2027 में आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2027 के लिए देश-विदेश के निवेशकों को आमंत्रित किया।



■ **दिल्ली निवेश संवाद में सात महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर :** इंटरैक्टिव सेशन के दौरान एमपीआईडीसी ने निर्यात संवर्धन, ई-कॉमर्स, वैश्विक व्यापार, एमएसएमई और औद्योगिक सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सात महत्वपूर्ण समझौतों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। साथ ही रक्षा, डेटा सेंटर, आईटी, एआई, सेमीकंडक्टर, नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यटन और खाद्य प्रसंस्करण सहित अनेक क्षेत्रों में निवेश अवसर प्रस्तुत किए गए।

■ **रक्षा और डेटा सेंटर सहित कई क्षेत्रों में बड़े निवेश प्रस्ताव :** दिल्ली निवेश संवाद में रक्षा, डेटा सेंटर, ट्रांसफॉर्मर निर्माण, इलेक्ट्रॉनिक्स, नवीकरणीय ऊर्जा, इंजीनियरिंग और खिलौना उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में 18,601 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनसे लगभग 11,892 रोजगार सृजित होने की संभावना है।

### सात महत्वपूर्ण समझौतों पर किए गए हस्ताक्षर

■ मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश आज देश के सबसे तेज़ी से विकसित हो रहे औद्योगिक राज्यों में शामिल है। प्रदेश में 5 लाख किलोमीटर से अधिक सड़क नेटवर्क, सुदृढ़ रेल संपर्क, 8 क्रियाशील एयरपोर्ट, 6 अंतर्देशीय कंटेनर डिपो, एक्सप्रेस-वे, औद्योगिक कॉरिडोर, ग्रीन कॉरिडोर और आधुनिक औद्योगिक अधोसंरचना उपलब्ध है। उद्योगों के लिए सवा लाख एकड़ से अधिक लैंड बैंक, पर्याप्त बिजली एवं जल की उपलब्धता तथा नए औद्योगिक क्षेत्रों, फूड पार्क, आईटी पार्क, प्लग एंड प्ले औद्योगिक पार्कों और मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है।

■ कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत, दीप प्रज्वलन एवं सम्मान के साथ हुआ। इसके बाद सीआईआई दिल्ली स्टेट के चेयरमैन हर्ष वर्धन ने स्वागत उद्बोधन दिया। निवेश आधारित एवी फिल्म का प्रदर्शन किया गया। औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन प्रमुख सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह ने प्रदेश की औद्योगिक नीतियों, निवेश-अनुकूल वातावरण और उपलब्ध अवसरों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त प्रमुख सचिव श्री मनु श्रीवास्तव ने ऊर्जा क्षेत्र की संभावनाओं तथा मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड के प्रबंध संचालक डॉ. इलैयाराजा टी. ने पर्यटन क्षेत्र में निवेश अवसरों का प्रस्तुतीकरण किया।

■ इंटरएक्टिव सेशन में एमपीआईडीसी द्वारा सात महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन्स के साथ राज्य के निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करने, एसोचैम के साथ उद्योग जगत की व्यापक भागीदारी बढ़ाने, अमेज़न ग्लोबल सेलिंग के साथ प्रदेश के निर्यातकों, एमएसएमई और शिल्पकारों को ई-कॉमर्स के माध्यम से वैश्विक बाजार से जोड़ने तथा पीपुल ऑफ इंडियन ओरिजिन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के साथ प्रवासी भारतीय समुदाय के माध्यम से वैश्विक निवेश संवर्धन के लिए सहयोग स्थापित किया गया।

■ सेशन में फार्मास्यूटिकल्स, मेडिकल डिवाइस, आईटी एवं आईटीईएस, सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इलेक्ट्रिक व्हीकल, खाद्य प्रसंस्करण, टेक्सटाइल, नवीकरणीय ऊर्जा, डिफेंस एवं एयरोस्पेस, एमएसएमई, स्टार्टअप, पर्यटन तथा फिल्म पर्यटन सहित अनेक क्षेत्रों में मध्यप्रदेश की निवेश संभावनाओं का विस्तार से प्रस्तुतीकरण किया गया।

---

# एनीमिया मुक्त भारत बनाने विद्यालयों में आयोजित करें स्वास्थ्य शिविर : उपमुख्यमंत्री शुक्ल

विनय उजाला

### जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक संपन्न, लिए गए आवश्यक निर्णय



**शहडोल,निप्र।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल की उपस्थिति में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में आयोजित की गई। उप मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहडोल जिले में निर्माणाधीन कार्यों को गुणवत्ता के साथ तेजी से पूर्ण कर उनका लोकार्पण स्थानीय जन प्रतिनिधियों से कराए। उप मुख्यमंत्री ने बैठक में विजयसोता पुल निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि पुल निर्माण कार्य को तेजी से करते हुए आगामी 31 अक्टूबर तक पूर्ण करें जिससे आमजन को लाभ मिल सकें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में एनीमिया मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत शहडोल जिले के विद्यालयों में स्वास्थ्य शिविरो का आयोजन कर बालिकाओं का हीमोग्लोबिन, एनीमिया सहित अन्य स्वास्थ्य परीक्षण किए जाएं एवं आवश्यकता अनुसार उन्हें दवाइयां प्रदान करें।

उन्होंने कहा कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर की रोकथाम हेतु महिला बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, जनजातीय विभाग समन्वय स्थापित करते हुए मैदानी स्तर पर कार्यवाही करें एवं समय समय मॉनिटरिंग करना सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि शहडोल जिले में 24 नए मेडिकल ऑफिसर नियुक्त किए गए हैं उनकी सेवाएं विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में ली जाए एवं कोई भी स्वास्थ्य केंद्र डॉक्टरविहीन न रहे यह सुनिश्चित करें।

उप मुख्यमंत्री ने प्राप्त सुझावों के अनुसार बस स्टैंड से मेडिकल कॉलेज के सड़क मार्ग का चौड़ीकरण कराने एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु मेडिकल चौराहे पर जक्शन प्रोजक्ट को शामिल करने हेतु प्रस्ताव भेजने एवं मेडिकल कॉलेज में सिकल सेल वार्ड बनाने, सोयाबीन की फसल क्षतिग्रस्त होने पर मुआवजा की राशि दिलाने के निर्देश भी दिए।

बैठक में विधायक जयसिंह मरावी, श्रीमती मनीषा,कलेक्टर डॉ.केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक संजय कुमार अग्रवाल, सदस्य जिला योजना समिति श्रीमती अमिता चपरा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति सहित अन्य जनप्रतिनिधि अधिकारी एवं जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा तकनीकी समिति में मप्र को महत्वपूर्ण प्रतिनिधित्व : तोमर

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि मध्यप्रदेश ने विद्युत क्षेत्र की साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। नेशनल क्रिटिकल इन्फॉर्मेशन इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोटेक्शन सेंटर (एनसीआईआईपीसी) तथा क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (क्यूसीआई) द्वारा विद्युत क्षेत्र की महत्वपूर्ण सूचना अवसंरचना (क्रिटिकल इन्फॉर्मेशन इंफ्रास्ट्रक्चर-सीआईआई) के संरक्षण एवं सुरक्षा मूल्यांकन के लिए अनुरूपता मूल्यांकन ढांचा (कॉनफॉर्मिटी असेसमेंट फ्रेमवर्क-सीएएफ) विकसित करने के लिये राष्ट्रीय स्तर की तकनीकी समिति का गठन किया गया है।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बताया कि मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर (एसएलडीसी), जबलपुर में पदस्थ अतिरिक्त मुख्य अभियंता एवं मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी श्री राजेश कुमार गुप्ता को इस प्रतिष्ठित तकनीकी समिति का सदस्य नामित किया गया है। देश के सभी भार प्रेषण केंद्रों तथा राज्य स्तरीय विद्युत संस्थाओं में से चयनित होने वाले वे एकमात्र विशेषज्ञ अधिकारी हैं। उन्होंने कहा कि यह समिति अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप ऐसी रूपरेखा तैयार करेगी, जिससे विद्युत क्षेत्र सहित अन्य महत्वपूर्ण अवसंरचनाओं की साइबर सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके तथा बढ़ते साइबर खतरों एवं चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना किया जा सके। राजेश कुमार गुप्ता वर्तमान में एसएलडीसी, जबलपुर में मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं।



### अंतरराष्ट्रीय इन्वेस्टिगेटर समिट एवं प्रतियोगिता-2026 में एमपी-सीईआरटी को मिला द्वितीय स्थान

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का गौरव बढ़ाते हुए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की मध्यप्रदेश कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम (एमपी-सीईआरटी) ने प्रथम अंतर्राष्ट्रीय इन्वेस्टिगेटर समिट एवं प्रतियोगिता-2026 में द्वितीय स्थान हासिल किया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता राष्ट्रीय फॉरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू), गांधीनगर में 11वीं इंटरपोल डिजिटल फॉरेंसिक्स एक्सपर्ट ग्रुप (डीएफईजी) की बैठक संपन्न हुई। प्रतियोगिता में डिजिटल फॉरेंसिक्स, साइबर अन्वेषण, कानून प्रवर्तन, इंटेलिजेंस एवं राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र से जुड़े 18 से अधिक देशों के साथ महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्र प्रदेश एवं दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों की प्रतिष्ठित कानून प्रवर्तन एजेंसियों और विशेषज्ञों ने भाग लिया।

# जन-अपेक्षाओं पर खरा उतरना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : मंत्री गौर

विनय उजाला

### 81 लाख रुपये के निर्माण कार्यों का किया भूमि-पूजन



**भोपाल,निप्र।** राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि स्व. बाबूलाल गौर की प्रेरणा से गोविंदपुरा अंचल में जनसेवा और नव-निर्माण का जो महाअभियान प्रारंभ हुआ था, वह आज भी अनवरत गतिमान है। क्षेत्र का चहुंमुखी विकास और नागरिकों की आकांक्षाओं की पूर्ति वर्तमान सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में सम्मिलित है। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती गौर गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 57 में भूमि-पूजन समारोह को संबोधित कर रही थी।

राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने क्षेत्रवासियों की सुख-सुविधाओं के लिए लगभग 81 लाख रुपये की लागत के विभिन्न लोक-कल्याणकारी निर्माण कार्यों की आधारशिला रखी। भगत सिंह चौराहे से शक्तिनगर तक सड़क के दोनों ओर 33 लाख रुपये की लागत से पेवर ब्लॉक का निर्माण ,शक्तिनगर सेक्टर-3 स्थित शिव मंदिर के समीप श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 8 लाख रुपये की लागत से शेड का निर्माण तथा स्थानीय युवाओं को खेल के आधुनिक संसाधन एवं रात्रिकालीन खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सुभाष खेल मैदान में 40 लाख रुपये की लागत से अत्याधुनिक फ्लड लाइट का भूमि-पूजन किया ।

राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण, धार्मिक व सामाजिक स्थलों का कायाकल्प और खेल प्रतिभाओं को उन्नत मंच प्रदान करना उनकी विकास नीति का एक अनिवार्य हिस्सा है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से न केवल नागरिकों को उच्च स्तरीय नागरिक सुविधाएं प्राप्त होंगी, बल्कि युवा पीढ़ी को भी अपनी खेल गतिविधियों को निखारने के लिए एक सकारात्मक वातावरण और आधुनिक संसाधन उपलब्ध हो सकेंगे। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और उच्च गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष बल दिया। उन्होंने अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए कि समस्त स्वीकृत कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर और पूर्ण गुणवत्ता के साथ किए जाएं, जिससे जनता को इनका लाभ शीघ्र मिल सके। कार्यक्रम में श्री प्रताप सिंह बैंस, पार्षद श्रीमती अर्चना परमार, नीरज सिंह, सुरेंद्र बाड़ीका, टीआर मिश्रा, अशोक पटेल, सुनील द्विवेदी, दीपक गुप्ता, केवल मिश्रा सहित नागरिक और स्थानीय रहवासी उपस्थित रहे।

---

**गारमेंट सेक्टर में देश का सबसे बड़ा पीएम मित्र पार्क है मध्यप्रदेश में, भारत मंडपम में मुख्यमंत्री ने की मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा**

# धार जिले के पीएम मित्र पार्क में 90 प्रतिशत भूखंड आवंटित : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है किमध्यप्रदेश में गारमेंट सेक्टर में धार जिले का पीएम मित्रा पार्क देश का सबसे बड़ा मित्र पार्क है। इसमें 90 प्रतिशत भूखंड आवंटित हो चुके हैं। यह एक उपलब्धि है। पारंपरिक वस्त्र निर्माण और कपास उद्योग कई दशकों से भारत की पहचान है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार ने नई दिल्ली में आयोजित भारत टेक्स 2026 में टेक्सटाइल, गारमेंट और फुटवियर इंडस्ट्री में आगे बढ़ने की संभावनाओं और क्षमताओं का प्रदर्शन किया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 17 सितंबर 2025 को मध्यप्रदेश के धार को देश के पहले पीएम मित्र पार्क की सौगात दी। गारमेंट सेक्टर के इस पार्क के भूमि-पूजन के साथ ही यहां 90 प्रतिशत भू-खंडों का आवंटन भी पूरा कर लिया गया। यह एक रिकॉर्ड है और काम के प्रति राज्य सरकार की दक्षता प्रकट करती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में कहा कि धार जिले में पीएम मित्र पार्क के आसपास भी निवेशक अब उद्योग स्थापित करने के लिए जमीन की मांग कर रहे है। प्रदेश में उद्योगों के लिए अनुकूलता, कच्चे धागे के लिए माल की उपलब्धता, बुनियादी ढांचे के विकास को लेकर मध्यप्रदेश निवेशकों को आकर्षित कर रहा है। प्रदेश की बढ़ती निर्यात क्षमता और रोजगार सृजन की शक्ति से दुनिया परिचित हो रही है। गारमेंट सेक्टर में निवेशकों की पहल और उद्यमियों का हौसला सराहनीय है।




**1592 करोड़ रुपए के मिले प्रस्ताव :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टैक्सटाइल क्षेत्र में आए निवेश प्रस्तावों की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत टेक्स 2026 में विभिन्न औद्योगिक संस्थानों से 1592 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, इन प्रस्तावों के क्रियान्वयन से 15 हजार 700 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। केंद्रीय कपड़ा मंत्री श्री गिरिराज सिंह के साथ देश के उद्योगपतियों और वैश्विक ब्रांड्स के प्रतिनिधियों के साथ सार्थक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश उन चुनिंदा राज्यों में शामिल है, जहां टेक्ससाइल एंड अपेरल सेक्टर की वैल्यू चेन उपलब्ध है। कपास से धागा तैयार करने, गारमेंट निर्माण और मशीनरी की उपलब्धता मध्यप्रदेश को अग्रणी बनाती है। जैविक कपास के उत्पादन में भी मध्यप्रदेश नंबर वन है। राज्य में केवल कपास का उत्पादन ही नहीं, बल्कि फॉर्म टू फैशन तक इकोसिस्टम तैयार किया जा रहा है। मध्यप्रदेश से 11 हजार 750 करोड़ का टेक्सटाइल और गारमेंट सेक्टर में निर्यात हुआ है।

### छोटे शहरों में औद्योगिक विकास की पहल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में संभाग स्तर पर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित की गईं, जिससे छोटे शहरों में भी औद्योगिक विकास हुआ है। नर्मदापुरम में 11 हजार 500 करोड़ से निवेश से नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित हो रहा है। रीवा में आईटी पार्क शुरू हो रहा है। ग्वालियर, जबलपुर, सिंगरौली, सतना, कटनी और सागर में इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित किए जा रहे हैं। शिवपुरी को डिफेंस पार्क और गुना को बड़े सीमेंट प्लांट की सौगात मिली है। वर्तमान में प्रदेश में 37 से अधिक इंडस्ट्रियल पार्क संचालित हैं। मध्यप्रदेश टेक्सटाइल और गारमेंट के साथ उद्योग के अन्य क्षेत्रों में भी आगे बढ़ रहा है। राज्य में पर्याप्त मात्रा में कपास और रेशम उत्पादन हो रहा है। केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह ने मध्यप्रदेश के रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव मॉडल की सराहना की है।

### किसान, बिजली उत्पादन में बने सहयोगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने गैर-जरूरी खर्चों को कम करते हुए वैश्विक चुनौतियों के बीच भी अपने वार्षिक बजट में बढ़ोतरी की है। पहले सरकार किसानों को 20 हजार करोड़ की पहले सब्सिडी देती थी, इसके स्थान पर सोलर एनर्जी को प्रोत्साहन प्रदान करते हुए किसानों को सोलर पंप दिए जा रहे हैं। किसान अपनी जरूरत की बिजली का स्वयं उत्पादन कर रहे हैं। जरूरत से अधिक बिजली को राज्य सरकार खरीद भी रही है। नदी जोड़ो परियोजनाओं के माध्यम से जल बंटवारे को नई दिशा दी गई है। मध्यप्रदेश सरकार पड़ोसी राज्यों के साथ परस्पर संबंधों को बेहतर करते हुए पर्यटन को बढ़ावा दे रही है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा उषा प्रिंटर्स, तिलक मार्ग, अमला लाइन, आलीराजपुर से मुद्रित एवं 13/2, ब्लॉक सी, केशव नगर, आलीराजपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, स्थानीय संपादक - श्रीमती दिव्या गुप्ता, फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, मो. 9425910888, 8889766697, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा) पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। RNI. Reg. MPHIN/2019/78560